3 राजधानी
एमएलए फंड को चार से बढ़ाकर सात करोड़ किया

6 अभिमत
लोकतंत्र के लिए अनिवार्य मतदान

10 राष्ट्रीय
अयोग्यता याचिकाओं पर जल्द फैसला करें महाराष्ट्र विस अध्यक्ष

11 विदेश
हमास के खिलाफ लड़ाई में महीनों का वक्त लगेगा



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 42
नई दिल्ली, शनिवार, 16 दिसंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




रोहित की जगह हार्दिक बने मुंबई इंडियन्स के कप्तान

स्पोर्ट्स-12

# संसद में गतिरोध जारी, सुरक्षा चूक पर उलझे पक्ष और विपक्ष

● विपक्षी सदस्यों ने इस मुद्दे पर तत्काल चर्चा कराने व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान की मांग को लेकर दोनों सदनों में किया हंगामा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भाजपा** शासित केंद्र और कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी दलों के बीच विवाद शुक्रवार को उस समय बढ़ गया जब विपक्षी दलों ने संसद में कामकाज नहीं चलने दिया। हालांकि सरकार ने कहा कि संसद की सुरक्षा उल्लंघन की उच्च स्तरीय जांच चल रही है।

लोकसभा और राज्यसभा में कामकाज पूरी तरह से बाधित रहा क्योंकि विपक्षी सांसदों ने गृह मंत्री अमित शाह से इस मुद्दे पर बयान देने और दोनों सदनों में चर्चा की मांग करते हुए अपना विरोध जारी रखा। चूंकि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और उनके कैबिनेट सदस्यों सहित अधिकांश भाजपा नेता नए सीएम के शपथ समारोह में भाग लेने के लिए जयपुर में थे, इसलिए ट्रेजरी बेंच में उपस्थिति कम थी। सूत्रों ने पायनियर को बताया कि घटना पर पूरी रिपोर्ट तैयार करने और सरकार की प्रमुख प्रतिष्ठानों में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने की रणनीति तैयार करने के लिए सचिव स्तर और एमएचए स्तर पर कई दौर की उच्च स्तरीय बैठकें आयोजित की गईं। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही क्षणों के भीतर दोपहर दो बजे तक और फिर दोबारा शुरू होते ही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई जबकि राज्यसभा की कार्यवाही भी एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। घटना पर गृह मंत्री के बयान की विपक्षी नेताओं की मांग के बीच, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि दोनों संसद भवन लोकसभा अध्यक्ष के दायरे में आते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों इमारतें स्पीकर के अधिकार क्षेत्र में हैं।

हम स्पीकर के आदेश का पालन कर रहे हैं। उच्च स्तरीय जांच चल रही है। उन्हें (विपक्ष को) जिम्मेदारी से व्यवहार करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि वे संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले का राजनीतिकरण करने की कोशिश कर रहे हैं और इसे सदन की कार्यवाही रोकने के बहाने के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। ठाकुर ने कहा कि तीन राज्यों में चुनाव हारने के बाद विपक्ष सदन की कार्यवाही रोकने का बहाना ढूंढ रहा है। वे बाधाएं पैदा कर रहे हैं, जबकि सदन के अध्यक्ष ने विपक्षी दलों के प्रतिनिधियों से बात की, उनके सुझाव लिए और (सुरक्षा में) सुधार का भी आश्वासन दिया। यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, वे राजनीति करने की कोशिश कर रहे हैं। विपक्ष के इस आरोप के बारे में पूछे जाने पर कि केंद्र उनकी आवाज दबाने की कोशिश कर रहा है, जोशी ने कहा कि कोई किसी की आवाज दबाने की कोशिश नहीं कर रहा है, यह उनकी राय है। मैं कहना चाहता हूं, आएं और बहस करें। दो विधेयक आज सूचीबद्ध हैं। सोमवार को आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम को बदलने के लिए तीन महत्वपूर्ण विधेयक हैं। हम विस्तृत चर्चा चाहते हैं।

हमने 15 घंटे आवंटित किए हैं। हालांकि राज्यसभा में सभापति ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए और सदस्यों की ओर से स्थाई समिति की रिपोर्ट पेश की गईं। यह तीसरा दिन है जब संसद में सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर संसदीय कार्यवाही बाधित हुई। इस बीच, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि जब तक गृह मंत्री अमित शाह इस मुद्दे पर दोनों सदनों में वक्तव्य नहीं देते, तब तक कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित होना बहुत मुश्किल है। संसद की सुरक्षा में चूक की बड़ी घटना बुधवार को उस वक्त सामने आई जब लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा से दो लोग सदन के भीतर कूद गए, नारेबाजी करने लगे और उन्होंने केन के जरिए पीले रंग का धुआं फैला दिया। घटना के तत्काल बाद दोनों को पकड़ लिया गया था। विपक्ष इस मामले में सदन की अवमानना करने को लेकर 14 सांसदों के निलंबन (शेष पेज 9)



निलंबित सांसदों के साथ कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी।

## आरोपी की सियासी और आतंकी संपर्क की तलाश में जुटी पुलिस

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**संसद** सुरक्षा उल्लंघन मामले में 'मास्टरमाइंड ललित मोहन झा' की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली पुलिस अन्य जांच एजेंसियों के साथ एफआईआर में नामित सभी आरोपियों की राजनीतिक संबद्धता के पहलुओं की जांच कर रही है।

इसके अलावा जांच अधिकारियों ने कहा कि आरोपियों से यह पता लगाने के लिए पूछताछ की जाएगी कि क्या उनका दुश्मन देश या आतंकवादी संगठन से कोई संबंध था और पूरी संसद सुरक्षा प्रणाली की निगरानी करने में उनकी मदद किसने की। पुलिस ने दावा किया कि ललित ने कबूल किया है कि आरोपियों ने संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने की साजिश रचने के लिए कई बार मुलाकात की। पुलिस सूत्रों ने कहा कि हमें आरोपियों का एक-दूसरे से सामना कराने, मोबाइल फोन का पता लगाने, उस होटल का पता लगाने, जहां वे 4 दिनों तक रुके थे और हमले के पीछे के वित्तीय लेनदेन और फंडिंग को जानने के लिए उसकी जरूरत है। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को दावा किया कि ललित मोहन झा संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले का मास्टरमाइंड था।

एक रिमांड आवेदन में, दिल्ली पुलिस ने कहा है कि 'हमले के पीछे की बड़ी साजिश का पता लगाने, अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता और हमले के पीछे के वास्तविक मकसद का पता लगाने के लिए गहन जांच' के लिए ललित की हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता थी। संक्षिप्त सुनवाई के बाद विशेष एनआईए न्यायाधीश हरदीप कौर ने ललित को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। दिल्ली पुलिस ने उसकी 15 दिन की हिरासत मांगी थी।

ललित, जो बुधवार को घटना के बाद से भाग रहा था, ने बृहस्पतिवार रात नई दिल्ली जिले के एक पुलिस स्टेशन के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने कहा कि 'हमले के पीछे की बड़ी साजिश, अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता और हमले के पीछे के वास्तविक मकसद का पता लगाने के लिए गहन जांच' के लिए झा से हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता है। पुलिस ने अदालत को सूचित किया कि झा ने खुलासा किया कि वे देश में अराजकता पैदा करना चाहते थे ताकि वे सरकार को अपनी मांगों को पूरा करने के लिए मजबूर कर सकें। उन्होंने बड़ी साजिश के तहत उन्हें छिपाने और सबूत नष्ट करने के लिए (अन्य आरोपियों के) फोन ले लिए। उन्होंने खुलासा किया कि उसने (शेष पेज 9)



संसद की सुरक्षा सेंध मामले में मुख्य आरोपी ललित मोहन झा को कोर्ट में पेशी के लिए लेकर जाती पुलिस। फोटो: रंजन डिमरी

## खालिस्तानियों का अमेरिका में कोई समर्थन नहीं: सिख नेता

**भाषा।** वाशिंगटन

**एक** प्रमुख भारतीय-अमेरिकी सिख नेता ने कहा है कि अमेरिका में खालिस्तानी गतिविधियों का न तो सरकार और न ही समुदाय के लोग समर्थन करते हैं। सिख ऑफ अमेरिका संगठन के जस्सी सिंह ने नरेन्द्र मोदी सरकार से युवाओं के बीच मादक पदार्थों की बढ़ती समस्या सहित पंजाब की कई प्रमुख चुनौतियों से निपटने के लिए एक पैकेज देने का आग्रह भी किया। सिंह ने पीटीआई से कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि मोदी सरकार ने सिख समुदाय के लिए जो काम किए हैं, वे पिछली सरकारों की तुलना में अभूतपूर्व हैं। सिंह ने कहा, इसके साथ ही, कई सिख मुद्दे हैं जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। इसमें 1984 के दंगों में सिखों के खिलाफ अत्याचार भी शामिल है। कोई भी सिख इसे नहीं भूलेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सिखों की चिंताओं को दूर करने की पूरी कोशिश की है, लेकिन ऐसे कई मुद्दे हैं जिन पर अभी भी ध्यान देने की जरूरत है। (विस्तृत पेज 11)



जयपुर में भजनलाल शर्मा ने राजस्थान के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे। दीया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

## मथुरा ईदगाह सर्वे रोकने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**मथुरा** ईदगाह मस्जिद में सर्वे पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट ने साफ तौर पर इनकार कर दिया है। इस मामले में 9 जनवरी को अगली सुनवाई होनी है। बुधवार को इस इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा ईदगाह मस्जिद में सर्वे का आदेश दिया था। इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। आज हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता छुट्टियों के दौरान भी सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दे सकते हैं। दरअसल, मथुरा शाही ईदगाह मस्जिद ट्रस्ट की ओर से बृहस्पतिवार को सीजेआई के सामने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा गया कि आज ही इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वेक्षण के लिए कोर्ट कमिश्नर की नियुक्ति का आदेश दिया गया है। अगर सुप्रीम कोर्ट शाही ईदगाह मस्जिद ट्रस्ट और यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की याचिका पर जल्द सुनवाई नहीं करता है तो इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट सुनवाई जारी रखेगा, जबकि हमने इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के द्वारा निचली अदालत की बजाय खुद मामले की सुनवाई किए जाने के को चुनौती दी है। शाही ईदगाह मस्जिद ट्रस्ट और यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के द्वारा इस विवाद से जुड़ी सभी 18 याचिकाओं को सुनवाई के लिए अपने पास स्थानांतरित करने के 26 मई के आदेश को सुप्रीम कोर्ट मे चुनौती दी है। मथुरा की श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में विवादित परिसर का सर्वे एडवोकेट कमिश्नर के जरिए कराए जाने की मांग को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मान लिया है।

## शिमला से भी ज्यादा ठंडी अपनी दिल्ली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● शुक्रवार सुबह न्यूनतम तापमान गिरकर 4.9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा, शीतलहर जैसी स्थिति हो सकती है

**पिछले** कुछ दिनों से पहाड़ों पर लगातार हो रही बर्फबारी के कारण शुक्रवार को दिल्ली हिल स्टेशन शिमला और मसूरी से भी ज्यादा ठंडी रही। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार की सुबह इस सर्दियों की सबसे ठंडी सुबह रही। आज न्यूनतम तापमान गिरकर 4.9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो सामान्य से चार डिग्री कम है।

दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में क्रिसमस के करीब गंभीर शीतलहर जैसी स्थिति देखने को मिलेगी और उत्तर भारत में हल्की बारिश होने की संभावना है, जिससे दिन के तापमान में गिरावट होगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के नवीनतम मौसम बुलेटिन के अनुसार, दिल्ली की सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी के मौसम बुलेटिन के अनुसार पारा 24.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के औसत से एक डिग्री अधिक है। मौसम विज्ञान और जलवायु परिवर्तन के उपाध्यक्ष महेश पलावत ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली 4.9 डिग्री पर कांप रही है। सीजन का सबसे कम न्यूनतम तापमान। दिल्ली शिमला से ज्यादा ठंडी है। शिमला का न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री है। दिल्ली के 24.1 डिग्री की तुलना में शिमला का अधिकतम तापमान 15.4 डिग्री है। शिमला में सर्दियों की ठंड का एहसास अधिक है। दिल्ली में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम में अब तक का सबसे कम तापमान है।

आईएमडी के आंकड़ों से पता चलता है कि राष्ट्रीय राजधानी हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ों में कुछ स्थानों की तुलना में अधिक ठंडी थी, जैसे शिमला, जहां आज सुबह न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, और मसूरी, जहां न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री था। रिकार्ड किया गया. हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में शुक्रवार सुबह न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री रहा। राष्ट्रीय राजधानी में कुछ दिनों से तापमान सामान्य से नीचे चल रहा है। बुधवार को न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस, मंगलवार को 6.8 डिग्री सेल्सियस और सोमवार को 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। आईएमडी ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चार से पांच दिनों में देशभर में न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव की उम्मीद नहीं है। दिल्ली में सप्ताहांत में न्यूनतम तापमान 6 या 7 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है, सुबह में हल्का कोहरा रहने की संभावना है।

आईएमडी के मुताबिक, 16 और 17 दिसंबर के आसपास पश्चिमी विक्षोभ की आशंका है, जिससे पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश हो सकती है। अगले 23, 24 और 25 दिसंबर को पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात में भारी बर्फबारी से तापमान प्रभावित होने की संभावना है, जिससे बूंदाबांदी और हल्की बारिश होगी। इन राज्यों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है, जिससे दिन के दौरान तापमान कम (शेष पेज 9)




# एक्सप्रेस वे पर वाहनों की रफ्तार हुई कम

## स्पीड लिमिट लागू, कोहरे में होने वाले हादसों में कमी लाने की पहल

**● ओवर स्पीड होने पर 2 से 4 हजार रुपये का चालान, आंतरिक सड़कों पर भी रफ्तार घटाई गई**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



यमुना एक्सप्रेसवे। ( फाइल फोटो )

सर्दी बढ़ने के साथ कोहरे व धुंध को ध्यान में रखते नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे, यमुना एक्सप्रेस वे समेत आंतरिक सड़कों की स्पीड लिमिट को कम किया गया है। ताकि कोहरे में तेज स्पीड से होने वाले सड़क हादसों को रोका जा सके।

ये नए नियम शुक्रवार से लागू कर दिए गए हैं। नए स्पीड लिमिट 15 फ रवरी तक लागू रहेगी। दोनों एक्सप्रेस वे पर भारी वाहन 60 किमी प्रतिघंटा और हल्के वाहन 75 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चलेंगे। बता दे कोहरे के चलते एक्सप्रेस वे पर विजिबिलिटी काफी कम रहती है। इससे सड़क दुर्घटना में बढ़ोतरी हो रही है। पहले एक्सप्रेस वे पर हल्के वाहनों की स्पीड 100 किमी प्रतिघंटा और भारी वाहन 80 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चल रहे थे। इसी तरह नोएडा में एलिवेटड रोड सेक्टर.27 से सेक्टर.61 चौराहे तक की स्पीड लिमिट भी कम कर दी गई है। यहां भारी वाहन 40 और हल्के वाहन 50 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चलेंगे। एमपी.01 रजनीगंधा अंडरपास से सेक्टर.55.56 तिरहे तक भारी वाहन 50 और हल्के वाहन 60 किमी प्रतिघंटा से चलेंगे।

वहीं एमपी.3 पर सेक्टर.37 से सेक्टर.71 तक भारी वाहन 50 और हल्के वाहन 60 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चलेंगे। वहीं नोएडा प्राधिकरण की ओर से यहां नई स्पीड बोर्ड के अलावा रिफ्लेक्टर ए रेडियम पेंट आदि लगाने का काम भी किया जा रहा है। जिसे आगामी एक से दो दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। यहां लगे कैमरों को भी नई स्पीड लिमिट के अनुसार सेट किया जा रहा है। ताकि तय की गई स्पीड से ज्यादा रफ्तार होते ही वाहनों का ऑटोमैटिक चालान किया जा सके। वहीं नोएडा.एक्सप्रेस वे पर पेट्रोलिंग भी बढ़ाई जा रही है। इसके साथ पुलिस ने 9971009001 नंबर भी जारी किया है। असुविधा होने पर इस पर फोन किया जा सकता है। इन सभी रोड पर तेज गति से वाहन चलाने पर चालान किया जाएगा। बाइक और कार का चालान 2 हजार और बस ट्रक व अन्य भारी वाहनों का चालान 4 हजार रुपए तक किया जाएगा। यहां लगे कैमरे भी स्पीड डिडक्शन कैमरे है। ऐसे में स्वत: की चालान कटकर मोबाइल नंबर पर पहुंच जाएगा।

### जाम से मिलेगी राहत, जल्द शुरू होगा चिल्ला एलिवेटेड रोड का निर्माण

**नोएडा।** नोएडा के लोगों के लिए एक राहतभरी खबर है। खबर यह है कि पिछले काफी समय से रुका पड़ा चिल्ला एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य अब जल्द ही शुरू होने जा रहा है। इस मार्ग के बन जाने से नोएडा और दिल्ली के लोगों को जहां जाम की समस्या से निजात मिलेगी, वहीं सफ र भी आसान हो जाएगा।

चिल्ला एलिवेटेड रोड का निर्माण करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम ने टेंडर जारी कर दिया है। इस मार्ग का निर्माण करने के लिए 6 एजेंसियां सामने आई हैं। दिल्ली के मयूर विहार फ्लाईओवर से महामाया फ्लाईओवर तक प्रस्तावित 5.96 किलोमीटर लंबे चिल्ला एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए 6 निर्माण एजेंसियों ने अपने प्रस्ताव उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम को भेजे हैं। इससे पहले यह टेंडर यूपी सेतु निगम ने जारी किया था। टेंडर खोले जाने की जानकारी नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को दे दी गई है।

# जेवर एयरपोर्ट : विमान उड़ानों की फरवरी से शुरू हो जाएगी टेस्टिंग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के पास बन रहे जेवर एयरपोर्ट का काम एक कदम और आगे बढ़ गया है। जल्दी ही फ रवरी 20024 में जेवर एयरपोर्ट पर फ्लाइट उड़ाने की टैस्टिगं शुरू हो जाएगी। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने जेवर एयरपोर्ट की प्रगति का मौके पर जाकर निरीक्षण किया।

यूपी के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने शुक्रवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट परियोजना के ऑफिस में जॉइंट कोऑर्डिनेशन कमेटी जॉइंट कोआर्डिनेशन कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की गई। बैठक में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड, भारत सरकार के विभिन्न विभागों यथा रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय, सिविल एविएशन विभाग, जयूरिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट आदि सहित कई अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में मुख्य सचिव के समक्ष नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट परियोजना के निर्माण कार्यों के प्रगति का प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्य सचिव द्वारा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्टए जेवर की प्रोजेक्ट साइट का भ्रमण भी किया गया तथा एयरपोर्ट पर किए जा रहे विकास कार्यों की अधिकारियों के साथ समीक्षा भी की गई। मुख्य सचिव को एटीसी टॉवर, एयरपोर्ट टर्मिनल भवन का निर्माण कार्य तथा एयरपोर्ट रनवे के निर्माण की प्रगति दिखायी गई। मुख्य सचिव द्वारा साईट पर मौजूद ज़्यूरिख़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट की एसपीवी कंपनी वाईआईएपीएल के सीईओ क्रिस्टोफ शेलमेंन, सीओओ किरण जैन, निकोलस तथा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह से परियोजना की टेक्निकल इनफार्मेशन की जानकारी ली गई।

### यहां बनेगा सबसे बड़ा ट्रांसपोर्टनगर, यीडा ने की तैयारी

ग्रेटर नोएडा के निकट बन रहे जेवर एयरपोर्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा ट्रांसपोर्ट नगर बसाया जाएगा। यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने सबसे बड़े ट्रांसपोर्ट नगर को बसाने की तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह ट्रांसपोर्ट नगर जेवर एयरपोर्ट के पास विकसित किए गए यमुना सिटी के सेक्टर.33 में बसाया जाएगा। ट्रांसपोर्टनगर का पूरा लेआउट प्लॉन भी तैयार कर लिया गया है। डा अरूणवीर सिंह ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट बनते ही यीडा क्षेत्र लॉजिस्टक का भी बड़ा हब बन जाएगा।

# सूमो ने स्कूल वैन में मारी टक्कर, कई घायल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद


वैन को टक्कर मारने वाली सूमो और अस्पताल में घायल बच्चे।

गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम क्षेत्र के वसुंधरा सेक्टर 4 में स्कूल वैन और एक सूमो कार में आमने.सामने की टक्कर हो गई। जिस समय टक्कर हुई उस समय स्कूल वैन में 19 बच्चे सवार थे। स्कूल वैन के ड्राइवर का आरोप है की गाड़ी बहुत स्पीड में थी और हूटर बजाती हुई आ रही थी।।

गनीमत यह रही की करीब आधा दर्जन बच्चों को ही हल्की चोट आई है। हालांकि हादसे के बाद बच्चे बेहद डरे हुए थे। होली फ ील्ड पब्लिक स्कूल के 19 छात्रों को ला रही स्कूल वैन के ड्राइवर मोनू के मुताबिक एक टाटा सुमो कार ने उसकी वैन में सामने से जबरदस्त टक्कर मार दी। मोनू के मुताबिक जिस समय टक्कर हुई उसे समय सूमो की स्पीड 80 किलोमीटर के आसपास थी। वह लगातार हूटर बजा रही थी। सुमो कार पर भारतीय जनता पार्टी का स्टीकर लगा हुआ है। जिस पर लिखा है अध्यक्ष युवा मोर्चा विजयनगर मंडल। मोनू के मुताबिक स्कूल वैन पलटने के बाद हड़कंप मच गया। लेकिन गनीमत यह रही कि स्थानीय लोगों ने तुरंत बच्चों को बाहर निकालना शुरू कर दिया। मोनू ने इसी दौरान स्कूल प्रिंसिपल को इस बारे में जानकारी दी। इसके बाद स्कूल प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर घायल छात्रों को अस्पताल ले गए। इस हादसे के बाद छात्र खौफ में देखे गए वहीं परिजन शॉक में थे। वहीं इंदिरापुरम थाना प्रभारी जितेंद्र दीक्षित ने बताया कि हादसे में चार बच्चे घायल हुए हैं। जिन को इलाज के लिए भेज दिया गया है। वही गाड़ी पुलिस कस्टडी में है।

### नोएडा जिला बार एसोसिएशन चुनाव के तारीखों का ऐलान

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में जनपद दीवानी और फ ौजदारी बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनावों की तारीखों की घोषणा कर दी गई है। एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र नागर की अध्यक्षता में सदस्यों के साथ हुई बैठक में प्रस्ताव पास किया गया। 22 दिसंबर को जिला बार एसोसिएशन का चुनाव होगा। जिला बार एसोसिएशन गौतमबुद्ध नगर के पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तावित मतदाता सूची का प्रकाशन 15 दिसंबर को किया जाएगा। प्रस्तावित मतदाता सूची पर आपत्ति 16 दिसंबर तक बार रूम में दर्ज कराई जा सकेगी।

# पिता का दोस्त बताकर 18 हजार की ठगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में साइबर ठग आए दिन नए.नए तरीकों से लोगों को अपनी ठगी का शिकार बना रहे हैं। साइबर ठग ने एक युवक को उसके पिता का दोस्त बात कर पैसे ट्रांसफर करने के बहाने 18 हजार रूपए रुपए का चूना लगा दिया। पीड़ित ने थाना सेक्टर.113 में केस दर्ज कराया है।

नोएडा के सेक्टर 74 स्थित ग्रैंड अजनारा हेरीटेज सोसायटी में रहने वाले अभिषेक ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि बीते 8 अक्टूबर को उसके पास एक व्यक्ति का फोन आया। उक्त व्यक्ति ने खुद को उसके पिता का दोस्त बताया। उक्त व्यक्ति ने कहा कि उसने उसके पिता से दो हजार रुपए उधार लिए थे, जिन्हें वह उसके पेटीएम में ट्रांसफ र कर रहा है। इसके बाद उसने बताया कि गलती से उसके पेटीएम पर 2000 रूपये की जगह 20000 रूपये ट्रांसफ र हो गए हैं। उक्त व्यक्ति ने उसे 18000 रुपए वापस लौटने को कहा। अभिषेक के मुताबिक कार्य में बिजी होने का कारण वह ट्रांजैक्शन पर अधिक ध्यान नहीं दे पाया और विश्वास करते हुए उसने 18000 रुपए वापस कर दिए। कुछ देर बाद जब उसने अकाउंट चेक किया तो पता चला कि उसके खाते में 20000 रूपये नहीं आए थे। उसने कॉल किया, लेकिन मोबाइल स्विच ऑफमिला।

### एटीएम कार्ड बदलकर खाते से निकाले 40 हजार

नोएडा में दो जलसाजों ने एक व्यक्ति को बातों में फंसाकर एटीएम कार्ड बदल दिया और उसके खाते से 40 हजार रूपए निकाल लिए। आकाश ने बताया कि 15 नवंबर को वह नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी से मेट्रो से वापस घर लौटते समय उसे दो युवकों सेक्टर.18 मेट्रो स्टेशन पर उतरने के दौरान उन्होंने मजबूरी बताते कुछ पैसे अकाउंट में डलवाने का आग्रह किया। आकाश के मुताबिक दोनों ने उसे बातोंमें फंसा एटीएम कार्ड बदल दिया और वहां से चले गए। कुछ देर बाद उसके खाते से 40000 रूपये निकालने का मैसेज आया।

### मकान टूटने का डर दिखा हड़पे 1.30 लाख रुपये

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना सूरजपुर क्षेत्र के बालाजी कॉलोनी में मकान को टूटने से बचने के नाम पर एक जालसाज ने लोगों से 130000 रुपये हड़प लिए। आरोपी ने संबंधित लेखपाल के नाम पर इस पूरी जालसाजी को अंजाम दिया।

बालाजी कॉलोनी निवासी ब्रह्मदेव मंडल सहित 11 लोगों ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनकी गली के राम विजय ने उनकी कॉलोनी को अवैध होने की जानकारी देते हुए कहा कि प्रशासन इसे जल्द तोड़ेगा। उसने कॉलोनी के लोगों से दो लाख रूपये देने पर वह चारों तरफ पैमाइश करा देगा। इस पर 11 लोगों ने राम विजय को 1,30000 रुपये लेने के बाद गाली गलौच कर रहा है।

# 110 कंपनियों के भूखंड आवंटन से 2 लाख लोगों को मिलेगी नौकरी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा गौतमबुद्धनगर में औद्योगिक निवेश को बढ़ाने के लिए फरवरी में लखनऊ में होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में नोएडा की 110 कंपनियां भाग लेंगी। इन सभी कंपनियों को भूखंड आवंटित कर दिए गए हैं। इससे करीब 2 लाख 67 हजार 530 लोगों को रोजगार मिलेगा।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया आपसी सहमति के आधार पर जमीन खरीदी जा रही है। आपको बता दें कि फ रवरी 2023 में आयोजित हुए इन्वेस्टर समिट के दौरान नोएडा प्राधिकरण के साथ करीब 1 लाख 240 करोड़ के प्रस्तावों के लिए एमओयू साइन किए गए थे। इसमें से 90 हजार करोड़ का टारगेट जीबीसी के लिए दिया गया था। नोएडा में जिन 110 कंपनियों को भूखंड आवंटित किए गए उनके नक्शा पास और अन्य कागजी कार्य लगभग पूरे किए जा चुके है। इसमें प्राधिकरण के संस्थागत यानी आईटी/आईटीईएस 32 इकाई, इंडस्ट्री की 38 यूनिट, ग्रुप हाउसिंग की 11 और कमर्शियल की 12 इकाई शामिल है। अधिकारियों के मुताबिक कई कंपनियां ऐसी है जो डीएनजीआईआर में निवेश करना चाहती है। वहां जमीन अधिग्रहण और बुनियादी सुविधाओं के लिए बजट में 1000 करोड़ का प्रावधान किया गया है। न्यू नोएडा का मास्टर प्लान तो बन गया है। लेकिन अभी आपत्ति और सुझाव के लिए पब्लिक डोमेन में है।

### कुत्ते को खाना देने को लेकर हुई धक्का-मुक्की

**नोएडा।** नोएडा में कुत्तों को भोजन कराने को लेकर विवाद लगातार बढ़ते जा रहे हैं। कुछ दिनों पहले हुए विवाद के बाद एक और ताजा मामला सामने आया है। यह ताजा मामला नोएडा के सेक्टर 137 में स्थित सुपरटेक ईकोसिटी सोसायटी से सामने आया है।

यहां पर कुत्तों को खाना देने को लेकर महिला और युवती के बीच जमकर धक्कामुक्की हुई। करीब दो घंटे तक हाईवोल्टेज ड्रामा होता रहा। थाना 142 के सुपरटेक ईकोसिटी सोसायटी निवासी स्वाति गुप्ता बुधवार की रात सोसायटी के बाहर टहल रही थीं। इसी दौरान ई टावर के बाहर एक युवती आवारा कुत्तों को खाना दे रही है। युवती के साथ उसके माता पिता भी थे। इसका विरोध करने पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### दो शातिर चोर दबोचे, बाइक और तमंचा बरामद

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की थाना थाना बीटा.2 पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की बाइक, तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो चोर मैरिज हॉल के पास अपने साथी का इंतजार कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बाइक पर बैठे दोनों चोरों को दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुआ। आरोपियों ने अपने नाम शिवम पुत्र कुलदीप तथा अर्जुन पुत्र फूल सिंह बताया। दोनों बदमाशों से जब बाइक के कागज मांगने बताया कि वह चोरी की है।

### एमआरएफ सेंटर पर 5 लाख का जुर्माना

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर ज्यू वन में एमआरएफ केंद्र संचालित करने वाली संस्था इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन आईपीसीए पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। एमआरएफ प्रोसेसिंग सेंटर पर कंपोस्टिंग मशीन न चलाए जाने के चलते प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग की तरफसे यह कार्रवाई की गई है। वहीं सेक्टर अल्फ ा वन की दो सोसाइटियों में कूड़े का उचित निस्तारण न करने पर मैसर्स के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस पर 12ए400 का जुर्माना लगाया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर शहर में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। इसी क्रम में प्राधिकरण के ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह ने बृहस्पतिवार को जनस्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ वेस्ट का निस्तारण करने के लिए सेक्टर ज्यू वन स्थित एमआरएफ प्रोसेसिंग सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एमआरएफ प्रोसेसिंग सेंटर पर लगी कंपोस्टिंग मशीन बंद मिली।

### नोएडा में 55 स्थानों पर शुरू हुए अलाव

**नोएडा।** बढ़ती ठंड के मद्देनजर नोएडा प्राधिकरण ने 55 स्थानों पर अलाव की व्यवस्था शुरू कर दी है। कल शाम को 55 स्थानों पर अलाव जलाए गए। ये अलावा बजार के आसपास और प्रमुख स्थानों पर जलाए जा रहे है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि इनकी संख्या को बढ़ाया जा सकता है। वहीं सभी रैन बसेरों के बाहर भी अलाव की व्यवस्था की गई है। लकड़ी चोरी न हो इसकी निगरानी भी की जा रही है। सबसे ज्यादा अलावा सर्किल.1 में 11 स्थानों पर जलाए जा रहे है।

### आईटी कंपनी की युवती ने फांसी लगा दी जान

**नोएडा।** थाना सेक्टर.142 क्षेत्र के सेक्टर.142 में स्थित एक आईटी कंपनी में काम करने वाली 27 वर्षीय युवती ने मानसिक तनाव के चलते कंपनी परिसर में ही फायर फाइटिंग के लिए लगाए गए पाइप से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना विनीत कुमार ने बताया कि दिल्ली के बुराड़ी की रहने वाली कुमारी तान्या 27 वर्ष सेक्टर.142 स्थित एक आईटी कंपनी में काम करती थी। आज सुबह को उनका शव कंपनी के अंदर फायर फाइटिंग के लिए लगाए गए पाइप से फंदे से लटका हुआ मिला। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच की तो पता चला की युवती ने मानसिक तनाव के चलते अपनी चुनरी से फंदा लगाकर आत्महत्या की है। उन्होंने बताया कि कंपनी के लोगों ने युवती को एक अस्पताल में भर्ती करवाया जहां पर डॉक्टर से अमृत घोषित कर दिया है।

### वाहन चालकों को समझाने गली गली जाएगी टीम

**नोएडा।** चालकों के लिए एक और अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान के तहत परिवहन विभाग की टीम में शामिल लोग नोएडा के हर क्षेत्र में जाकर लोगों को सड़क पर सुरक्षित वाहन संचालन की जानकारी देगी। शुक्रवार से नोएडा में परिवहन विभाग द्वारा द्वितीय सडक सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 31 दिसंबर तक चलेगा। नोएडा में शुरू किए गए, द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़े की जानकारी दते हुए नोएडा के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एआरटीओ प्रशासन सियाराम वर्मा ने बताया कि सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के प्रथम दिन लोगों को यातायात नियम तथा सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए 25 प्रचार वाहनों को हरी झंडी देकर रवाना किया गया। इस मौके पर यातायात पुलिस विभाग की ओर से 18 मोटर साइकिल व 25 प्रचार वाहनों के अलावा 250 लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पुलिस उपायुक्त यातायात अनिल यादव द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन रैली को किया गया रवाना।


**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005.

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राकेश मिश्रा/ सरोज मिश्रा/ LBALD00003351395 | मकान नंबर 102के/8बी (वर्तमान नंबर 102के/8ए) नैनी दादरी, नई बाजार, जिला इलाहाबाद आराजी नंबर 195, परगना अरियल, तहसील करछना जिला इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश/ दिसंबर 13, 2023 | जुलाई 28, 2023 रु. 10,33,310/– | इलाहाबाद/ दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : दिसंबर 16, 2023**
**स्थान : दिल्ली**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**



Piramal Capital & Housing Finance

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई – 400 070
सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा पता : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)–400 602

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) पूर्वतः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के नाम से ज्ञात, का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, पीसीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां पीसीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| (रेवाड़ी – ब्रास मार्किट शाखा का एलसी नंबर : बीएलएसए00005डी37) जासद खान (कर्जदार) शहनाज बेगम (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2023/रू. 7,93,888/– (रूपए सात लाख तिरानवे हजार आठ सौ अठासी मात्र) एनपीए (03–08–2023) | सम्पत्ति सं. 842 पुराना नंबर बी–7/1 गली नंबर 7 1 बी–ब्लॉक, शाहदरा कबीर नगर ग्राम बाबरपुर–110094 |
| (दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : एम0126788) जासद खान (कर्जदार) शहनाज बेगम (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2023/रू. 24,14,925/– (रूपए चौबीस लाख चौदह हजार नौ सौ पच्चीस मात्र) एनपीए (03–08–2023) | सम्पत्ति सं. 842 पुराना नंबर बी–7/1 गली नंबर 7 1 बी–ब्लॉक, शाहदरा कबीर नगर ग्राम बाबरपुर–110094 |
| (नोएडा – सेक्टर 2 शाखा का एलसी नंबर : एम0202823) चरण सिंह (कर्जदार) सोनिया सिंह (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2023/रू. 10,64,911/– (रूपए दस लाख चौंसठ हजार नौ सौ ग्यारह मात्र) एनपीए (08–08–2023) | सम्पत्ति सं. 197, खसरा नंबर 642, गली गंगा राम, बड़ा ठाकुर द्वारा, तेलीवाड़ा, शाहदरा, दिल्ली–110032 |
| (दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : एम0127741) सुभाष नायक (कर्जदार) शांतिलता नायक (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2023/रू. 15,03,632/– (रूपए पंद्रह लाख तीन हजार छह सौ बत्तीस मात्र) एनपीए (03–08–2023) | खसरा नंबर 165 मिन, अम्बेडकर ग्राम इलायचीपुर, परगना लोनी, गाजियाबाद, इलायचीपुर ग्राम इलायचीपुर, उत्तर प्रदेश–201102 |
| (दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : एम0234981) हितेश कुमार (कर्जदार) पूजा (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2023/रू. 38,39,972/– (रूपए अड़तीस लाख उन्तालीस हजार नौ सौ बहत्तर मात्र) एनपीए (03–09–2023) | सम्पत्ति सं. 82, गली नंबर 2, हरिजन बस्ती, ग्राम नेब सराय, तहसील हौज खास, दिल्ली–110030 |
| (दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : एम0074914) सपना सपना (कर्जदार) जगपाल वर्मा (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2023/रू. 11,47,796/– (रूपए ग्यारह लाख सैंतालीस हजार सात सौ छियानवे मात्र) एनपीए (04–07–2023) | प्लॉट नंबर 5, भू तल, मिडिल बैक साइड, मिडिल पोर्शन, एसएलएफ वेद विहार, जिंदल रोड, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201102 |
| (दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : एम0042532) राजेन्दर कुमार (कर्जदार) रूबी आर (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2023/रू. 12,00,611/– (रूपए बारह लाख छह सौ ग्यारह मात्र) एनपीए (04–07–2023) | प्लॉट नंबर डी–8/9, क्षेत्रफल 264 वर्ग मीटर 1 : डीएलएफ अंकुर विहार, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201102 |
| (दिल्ली – पीतमपुरा शाखा का एलसी नंबर : एम0217463) मनीष सेठ (कर्जदार) रश्मि सेठ (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2023/रू. 4,92,777/– (रूपए चार लाख बानवे हजार सात सौ सतहत्तर मात्र) एनपीए (03–08–2023) | सम्पत्ति सं. ए–8/15 ए, फ्लैट प्राइवेट नंबर 201 एसएफ छत नहीं फ्रंट आरएचएस लैट ब्लॉक–ए–8, राणा प्रताप बाग–110007 |
| (दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : एम0149511) अजीत यादव (कर्जदार) सुजीत यादव (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2023/रू. 20,03,529/– (रूपए बीस लाख तीन हजार पांच सौ उन्तीस मात्र) एनपीए (03–08–2023) | म्युनिसिपल नंबर डी–2763, पुराना नंबर 26, सम्पूर्ण द्वितीय तल, ललिता ब्लॉक, ललिता ब्लॉक, शास्त्री नगर, दिल्ली–110052 |
| (दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : पीएचएलपीडीईएल04000492) विन्नू त्यागी (कर्जदार) उमेश त्यागी (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2023/रू. 73,84,466/– (रूपए तिहत्तर लाख चौरासी हजार चार सौ छियासठ मात्र) एनपीए (03–09–2023) | सम्पत्ति सं. 294, खसरा नंबर 107 1 आबादी पुराना लाल डोरा नई दिल्ली त्यागी चौपाल नई दिल्ली, ग्राम हस्तसाल, दिल्ली–110059 |
| (दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : एम0034488) अमित शुक्ला (कर्जदार) पुष्पा पुष्पा (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2023/रू. 39,19,430/– (रूपए उन्तालीस लाख उन्नीस हजार चार सौ तीस मात्र) एनपीए (03–08–2023) | प्राइवेट नंबर 8 बी एवं 9 बी, प्रथम, द्वितीय तृतीय तल पोर्शन, छत के अधिकार सहित, खसरा नंबर 23/25/2 गीर सिंह मार्किट, ग्राम बुराड़ी –110084 |
| (दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : एम0033664) सुनील सुनील (कर्जदार) सुमन सुमन (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2023/रू. 12,72,496/– (रूपए बारह लाख बहत्तर हजार चार सौ छियानवे मात्र) एनपीए (03–08–2023) | प्लॉट नंबर बी–49, खसरा नंबर 228 यूजीएफ 3 वार्ड नंबर 101/524, रेल विहार एक्सटेंशन, ग्राम सादुल्लाबाद, परगना लोनी, तहसील लोनी, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201102 |
| (नोएडा शाखा का एलसी नंबर : एम0047350) मुनीन्द्र मुनीन्द्र (कर्जदार) पिंटू यादव (सह–कर्जदार 1) धर्मेन्द्र नाथ यादव (सह–कर्जदार 2) | 08–11–2023/रू. 18,94,775/– (रूपए अठारह लाख चौरानवे हजार सात सौ पचहत्तर मात्र) एनपीए (03–06–2023) | यूनिट नंबर बी–1212, 12वां तल, ला कासा गाजियाबाद, अंसल एपीआई सुशांत अक्वापोलिस दूंडाहेड़ा, क्रॉसिंग रिपब्लिक के सामने, एनएच–24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201016 |

यदि उक्त कर्जदार पीसीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथि : 16–12–2023
स्थान : दिल्ली

हस्ता./– (प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड



**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005.

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अशोक कुमार/ हरीश कुमार शर्मा/ LBDEL00005448345/ LBDEL00005448346 | फ्लैट नंबर 511, 5वीं मंजिल, टॉवर एच, ऑक्सीरिच संस्कृति चरण II, सेक्टर 33 स्थित, तहसील तिजारा भिवाड़ी, राजस्थान, अलवर/ दिसंबर 11, 2023 | जुलाई 14, 2023 रु. 35,60,890/– | दिल्ली और एनसीआर/ अलवर |
| 2. | मेघा कौल/युगल हांडा/ LBDEL00005152133 | फ्लैट नंबर–806, 8वीं मंजिल, टॉवर एच, ऑक्सीरिच संस्कृति चरण–II, सेक्टर–33 स्थित, तहसील तिजारा भिवाड़ी, जिला–अलवर, राजस्थान/ दिसंबर 11, 2023 | मई 07, 2022 रु. 23,01,059/– | दिल्ली और एनसीआर/ अलवर |
| 3. | प्रदीप रावत/ परमजीत रावत/ LBDEL00004913438 | फ्लैट नंबर 904, 9वीं मंजिल, टॉवर एच, ऑक्सीरिच संस्कृति चरण II, सेक्टर–33, तहसील तिजारा भिवाड़ी, जिला अलवर, राजस्थान/ दिसंबर 11, 2023 | मई 18, 2023 रु. 19,84,591/– | दिल्ली और एनसीआर/ अलवर |
| 4. | अरुण वत्स/ पूजा शर्मा/ LBDEL00004881455/ LBDEL00004864255 | फ्लैट नंबर एच–907, 9वीं मंजिल, टॉवर एच, ऑक्सीरिच संस्कृति चरण–II, ग्राम तिजारा, भिवाड़ी जिला अलवर/ दिसंबर 11, 2023 | जून 19, 2021 रु. 15,45,942/– | दिल्ली और एनसीआर/ अलवर |
| 5. | राजीव अरोड़ा/ आकृति अरोरा/ LBGUR00005074388 | फ्लैट नंबर डी–7103, दूसरी मंजिल, आरएलएफ, ''द पार्क'', ब्लॉक डी, सेक्टर–54, भिवाड़ी/ दिसंबर 11, 2023 | अप्रैल 26, 2023 रु. 9,03,683/– | दिल्ली एनसीआर/ भिवाड़ी |
| 6. | वीरेंद्र कुमार उपाध्याय/ प्रीति उपाध्याय/ LBDEL00005671345 | फ्लैट नंबर 402, चौथी मंजिल, टॉवर टी, आगमन सोसायटी, मुजेरी, सेक्टर–70, आई एम टी केसामने तहसील बल्लबगढ़ जिला, फ़रीदाबाद, हरियाणा/ दिसंबर 12, 2023 | जुलाई 31, 2023 रु. 17,88,370/– | दिल्ली एनसीआर/ जौनपुर |
| 7. | परमजीत सिंह/ राजिंदर कौर बंगा/ LBDEL00001530424/ LBNOD00005144083/ LBDEL00005143800/ LBNOD00005240483 | प्लॉट नंबर–626, सेक्टर–21–ए, अर्बन एस्टेट, हरियाणा फ़रीदाबाद/ दिसंबर 12, 2023 | जून 20, 2023 रु. 82,43,132/– | दिल्ली और एनसीआर |
| 8. | के जी आनंद/ के वी गोविंदा कृष्णन/ LBGHZ00002369039 | फ्लैट नंबर सेपांग– 1403 14वीं मंजिल, ओएसिस ग्रैंड स्टैंड, जीएच–01, टीएस 01बी, सेक्टर 22 डी, यमुना एक्सप्रेसवे, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा/ दिसंबर 12, 2023 | जुलाई 19,2023 रु. 11,06,302/– | दिल्ली और एनसीआर |
| 9. | इंदु देवी/ उमा शंकर/ ओम शंकर डिटेक्टिव एंड सेफ्टी प्राइवेट लिमिटेड/ LBNOD00002578355 | फ्लैट नंबर 702, टॉवर नंबर डी–1, 7वीं मंजिल, नियोटाउनम प्लॉट नंबर जीएच–03, टेकज़ोन IV, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश/ दिसंबर 12, 2023 | अगस्त 31, 2017 रु. 38,77,092/– | दिल्ली और एनसीआर |
| 10. | गौरव कपूर/ गीतांजलि शर्मा/ LBDEL00002444962 | फ्लैट नंबर ई–101, पहली मंजिल, न्यूटेक ला गैलेक्सिया, एचआरए –11, 1ए, सूरजपुर साइट सी, ग्रेटर नोएडा/ दिसंबर 12, 2023 | दिसंबर 30, 2017 रु. 38,07,070/– | दिल्ली और एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : दिसंबर 16, 2023**
**स्थान : दिल्ली /एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

# विधानसभा में कर्मचारियों के नियमितीकरण पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर तकरार

## आप का आरोप, भाजपा एमसीडी कर्मचारियों को पक्का करने का कर रही विरोध

**विशेष सत्र**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र शुक्रवार शुरू हुआ। हाल ही में संसद में हुई घटना को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। आगंतुकों की अच्छी तरह से तलाशी और पास की जांच के बाद ही उन्हें परिसर में प्रवेश की अनुमति दी गई। विधानसभा सत्र का पहला दिन हंगामेदार रहा। विस कार्यवाही शुक्रवार को उस समय स्थगित कर दी गई जब आम आदमी पार्टी विधायक भारतीय जनता पार्टी के खलाफ नारेबाजी करते हुए आसन के पास पहुंच गए। आप विधायकों का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी एमसीडी कर्मचारियों के नियमितीकरण का विरोध कर रही है।

भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर, दिल्ली नगर निगम के कर्मचारियों के नियमितीकरण में भाजपा द्वारा कथित तौर पर बाधा डालने को लेकर नियम 55 के तहत अल्पकालिक चर्चा हुई। आप विधायक और एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा, एमसीडी में 15 साल तक सत्ता में रहने के दौरान भाजपा जो नहीं कर सकी, उसे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केवल छह महीने में पूरा किया है।

पाठक ने आप के नेतृत्व वाली एमसीडी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जिसमें नागरिक निकाय के कर्मचारियों को नियमित करना और महीने के पहले दिन वेतन का वितरण शामिल है। एमसीडी कर्मचारी पहले सिविक सेंटर, जंतर मंतर, महापौर आवास पर विरोध प्रदर्शन करते थे। उन्हें आठ महीने से वेतन नहीं मिला था। अगस्त में, आप के सत्ता में आने के छह महीने के भीतर, कर्मचारियों को समय पर वेतन मिला। यह 13 साल बाद हुआ। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा एमसीडी कर्मचारियों के नियमितीकरण का विरोध करती है और इस मुद्दे पर अदालत का दरवाजा भी खटखटाया है। आप के अन्य विधायकों ने भी नगर निकाय में की गई पहल को लेकर केजरीवाल की प्रशंसा की। आप विधायक जय भगवान ने कहा, मैं मुख्यमंत्री को यह वादा करने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं कि 5,000 कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा। मैं पार्षद व एमसीडी की स्थाई समिति का सदस्य रहा हूं, मैंने भाजपा को पांच वर्षों में 700 कर्मचारियों को नियमित करते देखा है।

उन्होंने कहा, कभी-कभी तो भाजपा दो कर्मचारियों को नियमित करती थी, कभी-कभी पांच को। मैंने भी यह मुद्दा उठाया था। लेकिन मुख्यमंत्री ने 5,000 कर्मचारियों को नियमित कर दिया। केजरीवाल एक ऐसे नेता हैं जो अपने वादों को पूरा करते हैं। सदन में जब भगवान बोल रहे थे, तो आप विधायकों ने भाजपा विरोधी नारे लगाने शुरू कर दिए और आसन के समीप आ गए, जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी।


दिल्ली विधानसभा परिसर का विहंगम दृश्य। फोटो : रंजन डिमरी

# एमएलए फंड को 4 से बढ़ाकर 7 करोड़ किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर विधायकों के फंड में की गई 3 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी

विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि को चार से बढ़ाकर सात करोड़ रुपये कर दिया गया है। आप सरकार ने इस वृद्धि की जानकारी शुक्रवार को विधानसभा सत्र के दौरान साझा की। शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सरकार के इस फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर एमएलए फंड को चार करोड़ से बढ़ाकर सात करोड़ कर दिया गया है। मौजूदा वित्त वर्ष के लिए भी विधायकों को चार करोड़ से तीन करोड़ रुपये अधिक दिए जाएंगे।

भारद्वाज ने कहा कि इससे विधायकों को अपने स्थानीय क्षेत्रों के विकास के लिए अधिक कार्य कराने में मदद मिलेगी। विकास निधि में तीन करोड़ की वृद्धि से 70 विधानसभाओं का 210 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय होगा। उन्होंने बताया कि बजट 2023-24 के संशोधित अनुमान में 100 करोड़ रुपये की राशि का प्रविधान किया गया है। शेष राशि अगले वित्तीय वर्ष के बजट में आवंटित की जाएगी। मालूम हो कि यह निधि विधायकों को उनके निर्वाचन क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं को पूरा करने के लिए आवंटित की जाती है।

# सदन से बाहर करने पर भाजपा विधायकों का प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सर्दी में ठंड के कारण अब तक 203 बेघरों की मौत होने का दावा करते हुए भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल से जवाब मांगा, जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल के निर्देशपर मार्शलों ने उन्हें सदन से बाहर कर दिया।

भोजन अवकाश के बाद विधानसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के नियमितीकरण में कथित रूप से बाधा डालने पर नियम 55 के तहत एक अल्पकालिक चर्चा शुरू हुई। नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली पुलिस की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि सर्दी के मौसम में दिल्ली में 203 बेघर लोगों की कथित मौत हुई है। उन्होंने इस मुद्दे पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का नोटिस दिया।

बिधूड़ी ने कहा, वह मांग करते हैं कि मुख्यमंत्री केजरीवाल इस मुद्दे पर सदन में जवाब दें। विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने बिधूड़ी के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव को खारिज कर दिया और कहा कि वह मामले का अध्ययन करेंगे और इसके बाद इस पर निर्णय लेंगे। भाजपा के सभी विधायकों मोहन सिंह बिष्ट, विजेंद्र गुप्ता, ओमप्रकाश शर्मा, जितेंद्र महाजन, अनिल वाजपेयी, अजय महावर और अभय वर्मा ने जोर देकर कहा कि इस विषय पर सबसे पहले चर्चा कराई जानी चाहिए। यह रिपोर्ट 13 नवंबर से 13 दिसंबर के बीच एक माह की है। यह कोई आरोप नहीं बल्कि दिल्ली पुलिस की रिपोर्ट में बताया गया है। भाजपा विधायकों के अपनी मांग पर अड़े रहने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने मार्शल को उन्हें को सदन से बाहर करने का आदेश दिया। बिधूड़ी ने आरोप लगाया कि दिल्ली के लोगों के मुद्दे पर भाजपा विधायकों ने 12 नोटिस दिए, लेकिन इनमें से एक को भी चर्चा के लिए स्वीकार नहीं किया गया। भोजनावकाश के बाद सदन शुरू होते ही विपक्षी भाजपा के सदस्यों ने सदन में यह रिपोर्ट दिखाते हुए इस पर चर्चा की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष को इस विषय पर चर्चा के लिए नोटिस भी दे दिया गया था और अध्यक्ष ने यह स्वीकार भी किया कि उन्हें नोटिस मिला है लेकिन इस त्वरित और महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा कराने के लिए वह तैयार नहीं हुए।


विधानसभा सत्र के दौरान सदन से बाहर किए जाने पर परिसर में विरोध प्रदर्शन करते भाजपा विधायक।

# नवंबर में नहीं थी इतनी सर्दी कि किसी की मौत हो : भारद्वाज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- विपक्ष ने दिल्ली पुलिस की वेबसाइट से ली गई अलग-अलग कारणों से मृत लोगों की सूची दिखाई
- विपक्ष ने विधानसभा को किया गुमराह, चल सकता है अवमानना का मुकदमा : मंत्री
- भारद्वाज ने कहा, फोटो में से अधिकांश लोगों की मृत्यु सड़क हादसे या हत्या के कारण हुई


सौरभ भारद्वाज। (फाइल फोटो)

दिल्ली विधानसभा में शुक्रवार को विपक्षी सदस्यों द्वारा उठाए गए ठंड से 203 मौतों के मामले को सत्तापक्ष ने झूठा करार दिया है। दिल्ली के शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि शुक्रवार दिल्ली विधानसभा में विपक्षी सदस्यों ने झूठ बोला है। विधानसभा की अवमानना का मामला उन पर बनता है। विपक्षी सदस्यों ने दिल्ली पुलिस की वेबसाइट से ली गई अलग-अलग कारणों से मृत लोगों की सूची दिखाकर दिल्ली की विधानसभा को गुमराह करने की कोशिश की।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली पुलिस की जिपनेट वेबसाइट पर साफ है कि सर्दियों में ही नहीं, गर्मियों और सुहाने मौसम में भी लगभग 300-350 मृत शरीर दिल्ली पुलिस रिपोर्ट करती है। दिल्ली पुलिस की वेबसाइट जिपनेट अनुसार 1 जून 2023 में 270, जुलाई 2023 में 370, अगस्त में 382, सितंबर में 313, अक्टूबर में 316, नवंबर में 319 और दिसंबर 2023 में 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक 108 मृत शरीर के बारे में दिल्ली पुलिस द्वारा रिपोर्ट किया गया हैं। इस बात से साफ होता है कि दिल्ली में पूरे वर्ष चाहे कोई भी मौसम हो लगभग 300 से साढ़े तीन सौ मृत लोगों के शरीर बरामद होते हैं और इनकी मृत्यु के अलग-अलग कारण होते हैं। उन्होंने बताया कि आज दिल्ली विधानसभा के पटल पर भाजपा के विधायकों द्वारा दिल्ली पुलिस की वेबसाइट से ली गई एक सूची दिखाकर, दिल्ली की केजरीवाल सरकार को बदनाम करने की शर्मनाक कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि यह सूची पिछले महीने दिल्ली की सड़कों पर हुई मृत्यु से संबंध रखती है, जिसमें उन सभी मृत व्यक्तियों की जानकारी एवं तस्वीरें हैं जिनकी मृत्यु बीते दिनों दिल्ली की सड़कों पर हुई। यह दिल्ली पुलिस की एक सामान्य प्रक्रिया है जिसे दिल्ली पुलिस निरंतर करती है।

भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में रहने वाले सभी लोग इस बात को भली-भांति जानते है कि नवंबर के महीने में दिल्ली में इतनी ठंड थी ही नहीं की किसी व्यक्ति की ठंड से मृत्यु हो जाए। भारद्वाज ने कहा कि विपक्षी सदस्यों ने यह हरकत केवल और केवल गंदी राजनीति के चलते, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार को बदनाम करने के उद्देश्य से की है।

# 12 कॉलेजों के लिए वीसी ने गठित की ईसी कमेटी

- डीयू की कार्यकारी परिषद की बैठक में पटेल चेस्ट अस्पताल को 12.76 एकड़ भूमि आवंटित करने को दी मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद की 1268 वीं बैठक शुक्रवार को कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा हुई और उन्हें पारित किया गया।

दिल्ली सरकार द्वारा वित्त पोषित 12 कॉलेजों को लेकर शिक्षा मंत्री द्वारा केंद्र सरकार को लिखे पत्र पर जीरो आवर के दौरान गहन विचार विमर्श हुआ। कुलपति द्वारा इस मुद्दे पर एक ईसी कमेटी के गठन का सुझाव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। योगेश सिंह ने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है और इसलिए इस मामले को गंभीरता से देखने की जरूरत है। यह कमेटी कल से ही काम शुरू करेगी और 15 दिनों में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उसके बाद रिपोर्ट को केंद्र और दिल्ली सरकार को भेजा जाएगा। पटेल चेस्ट अस्पताल को मल्टी स्पेसलिटी अस्पताल को ढाका में 12.76 एकड़ भूमि आवंटन की मंजूरी दी गई।

बैठक के शुरू में रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता ने पिछली ईसी बैठक के मिनट्स और एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश की। ईसी सदस्यों द्वारा विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गई। ईसी के एजेंडे पर चर्चा के दौरान गत 30 नवम्बर को आयोजित हुई विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद की 1016 वीं बैठक में की गई सिफारिशों पर विचार किया गया। विभिन्न विभागों के कुछ सिलेबसों को मौजूदा सीबीसीएस/एलओसीएफ आधारित पाठ्यक्रम/परीक्षा योजनाओं को यूजीसीएफ-2022 के अनुसार पाठ्यक्रम/ परीक्षा योजनाओं में परिवर्तित करने को स्वीकृति प्रदान की गई। एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रम संरचना तथा सेमेस्टर 1 और 2 में प्रस्तुत कोर्सों के लिए सिफारिश मंजूर की गई।

### वीपीसीआई बनेगा बहुउद्देश्यीय अस्पताल

वल्लभभाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट के विस्तार एवं अपग्रेड करने के लिए विश्वविद्यालय के पास उपलब्ध भूमि आवंटित करने के प्रस्ताव को भी बैठक में पारित कर दिया गया। प्रो. सिंह ने कहा कि वीपीसीआई के विस्तार और अपग्रेड करने की बहुत आवश्यकता है ताकि एक ही छत के नीचे पल्मोनरी रोगों सहित गंभीर बीमारियों के लिए भी उपचार प्रदान किया जा सके। वीपीसीआई के विस्तार और अपग्रेडेशन से पल्मोनरी रोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण नैदानिक और अनुसंधान सुविधाएं प्रदान करने में काफी मदद मिलेगी।

# 'जेएनयू छात्रों के खिलाफ जांच बंद हो'

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के कई छात्र संगठनों ने शुक्रवार को कुलपति शांतिश्री पंडित को विरोध प्रदर्शन से जुड़े मामलों में छात्रों के खिलाफ जारी सभी तरह की जांच रोकने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि इस मुद्दे को हल करने के उनके आश्वासन के बावजूद छात्रों को नोटिस दिए गए हैं। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ ने कुलपति को लिखे पत्र में मांग की है कि चीफ प्रॉक्टर कार्यालय द्वारा छात्रों के खिलाफ सभी अनुशासनात्मक कार्रवाई को रद्द किया जाना चाहिए और नई विश्वविद्यालय नियमावली को वापस लिया जाना चाहिए। छात्रों के आरोपों का जवाब देते हुए, कुलपति ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुसार नियम उल्लंघन में शामिल छात्रों से पूछताछ जारी है।

## जवानों ने मिस्टर फिट व क्रॉसफिट में भाग लिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस और एनएसजी के कमांडो सिर्फ देश सेवा का ही काम नहीं कर रहे बल्कि समाज के उत्थान और युवाओं को नशे की गिरफ्त से छुडाने का भी बखूबी काम कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस के जवानों और एनएसजी कमांडो ने द्वारका के साहिब सिंह वर्मा स्टेडियम में आयोजित मिस्टर फिट क्रॉसफिट में प्रतियोगी बन दिल्ली वालों को यह संदेश दिया।

## राजधानी में सबसे अधिक 23.6 प्रतिशत हरित क्षेत्र

**नई दिल्ली।** पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को कहा कि बड़े महानगरों में राष्ट्रीय राजधानी में सबसे अधिक 23.6 प्रतिशत हरित क्षेत्र है, और दावा किया कि 2014 के बाद से शहर में प्रदूषण का स्तर कम हुआ है। राय ने शीतकालीन सत्र के दौरान दिल्ली में पिछले पांच वर्षों में लगाए गए पेड़ों की संख्या और प्रदूषण के स्तर में कमी के बारे में एक विधायक के सवाल के जवाब में यह बात कही।

# खेलों में भारत नये कीर्तिमान बना रहा : ठाकुर

- केंद्रीय युवा एवं खेल मामलों के मंत्री बोले, नमो कबड्डी भाजपा किसान मोर्चा का अभिनव प्रयास

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


नमो कबड्डी प्रतियोगिता में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का सम्मान करते आयोजक।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर शुक्रवार को नजफगढ़ में भाजपा किसान मोर्चा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय नमो कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राज कुमार चाहर समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज भारत में चारों ओर खेल सुविधाओं का विस्तार हो रहा है और पूरे विश्व में भारत की जय-जयकार हो रही है। खेलों में भारत नीत नये कीर्तिमान बना रहा है और इसका पूरा श्रेय हमारे खिलाड़ियों की मेहनत और खेलों के विकास को लेकर मोदी सरकार की नीतियाँ हैं। आज पूरे भारत में विभिन्न खेल आयोजनों-प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाड़ियों को खेलने-निखरने का मंच मिल रहा है।

प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा की इस पहल की सराहना करते हुए खेल मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता किसान मोर्चा देश भर में नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करवा के स्थानीय स्तर पर खेल रहे खिलाड़ियों का राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त खिलाड़ियों के साथ अनुभव व तकनीकी साझा करने का अभिनव प्रयास कर रहा है। राज कुमार चाहर ने कहा कि कबड्डी और कुश्ती दिल्ली देहात का हरियाणा और पंजाब का प्रमुख खेल है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व खिलाड़ियों ने देश का नाम रोशन किया है।

# छात्रों को खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने का मिलेगा मौका : आतिशी

## खेल मंत्री ने छत्रसाल स्टेडियम में किया 67वें नेशनल स्कूल गेम्स किया उद्घाटन, देश भर के के खिलाड़ी अपनी कौशल का करेंगे प्रदर्शन

**राष्ट्रीय स्कूल स्पर्धा**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में दो दिवसीय नेशनल स्कूल गेम्स का आगाज हो गया है। जिसमें राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और अन्य बोर्डों सहित देश भर के कुल 44 इकाइयों के खिलाड़ी अपनी कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इन दो दिनों के दौरान, छात्र 13 खेलों में भाग लेंगे, जिनमें हैंडबॉल, कराटे, जिमनास्टिक, टेबल टेनिस, कुश्ती, मुक्केबाजी, नेटबॉल, बैडमिंटन, तैराकी, गोताखोरी, कुराश और थांगटा मार्शल आर्ट्स आदि शामिल हैं। खेल मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को छत्रसाल स्टेडियम में 67वें नेशनल स्कूल गेम्स का उद्घाटन किया।

आतिशी ने देश भर से आए खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि,राष्ट्र निर्माण के लिए खेल भी पढ़ाई जितना ही महत्वपूर्ण है। जब छात्र खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे तभी उनका सर्वांगीण विकास होगा। शैक्षिक पाठ्यक्रम में खेलों को शामिल करना राष्ट्र निर्माण के लिए जरूरी है। यह न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देता है बल्कि युवा खिलाड़ियों में टीम वर्क, अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण स्किल्स को भी विकसित करता है। यह एक स्वस्थ, अधिक प्रतिस्पर्धी पीढ़ी की नींव रखता है।


राजधानी में दो दिवसीय नेशनल स्कूल गेम्स का मशाल जलाकर उद्घाटन करतीं खेल मंत्री आतिशी व अन्य।

खेल मंत्री ने जोर देकर कहा, खिलाड़ी बनना कोई आसान उपलब्धि नहीं है। जब हम दर्शकों के रूप में नीरज चोपड़ा, पीवी सिंधु और मैरी कॉम जैसे एथलीटों को भारत के लिए पदक जीतते हुए देखते हैं, तो हम उस विशेष दिन पर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को याद करते हैं, लेकिन उसके पीछे की वर्षों की उनकी मेहनत को नहीं देखते हैं। खिलाड़ी बनना आसान नहीं है और इसके लिए समर्पण और मेहनत की जरूरत होती है। चाहे वह भाला फेंकने वाला हो, रिले रेसर हो, मुक्केबाज, पहलवान, क्रिकेटर या तैराक हो, सभी अपने खेल की तैयारी के लिए दिन और रात समर्पित रहते हैं। तभी वे राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना पाते हैं।

आतिशी ने कहा एथलीटों के जीवन में सुस्ती की कोई जगह नहीं है और वे एक दिन की ट्रेनिंग भी मिस करने का जोखिम नहीं ले सकते है। इसलिए, किसी भी उभरती खेल प्रतिभा के लिए खेल भी शिक्षा की तरह ही महत्वपूर्ण हैं। खेल मंत्री ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, उन्हें विश्वास है कि ये खेल हमारे युवाओं में खेल के प्रति जुनून पैदा करेंगे।

मालूम हो कि अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग के लड़के और लड़कियों के लगभग 3400 छात्र 15-16 दिसंबर तक 13 खेलों में अपने कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इन दो दिनों के दौरान, छात्र 13 खेलों में भाग लेंगे।

# महिलाओं के खिलाफ अपराध में कमी नहीं आई : निर्भया की मां

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- कहा, घटना के 11 साल बाद भी कुछ नहीं बदला है

दिल्ली में 16 दिसंबर 2012 को सामूहिक बलात्कार के बाद जान गंवाने वाली 23 वर्षीय पैरामेडिकल छात्रा (निर्भया) की मां ने कहा कि 11 साल हो गए हैं, लेकिन कुछ नहीं बदला है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से उन्हें तो न्याय मिल गया, लेकिन कई मामले 10-12 साल से मामला लंबित हैं। गैंगरेप को लेकर देशभर में आक्रोश मिला था।

दक्षिण दिल्ली में चलती बस में छह लोगों ने छात्रा से बलात्कार कर उसे सड़क पर फेंक दिया था। 29 दिसंबर 2012 को सिंगापुर के माउंट एलिजाबेथ अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। छात्रा को निर्भया नाम से जाना गया। छह आरोपियों में से एक राम सिंह ने मामले पर सुनवाई शुरू होने से कुछ दिन पहले तिहाड़ जेल में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी जबकि किशोर आरोपी को तीन साल सुधार गृह में रखने के बाद रिहा कर दिया गया था। चार अन्य दोषियों मुकेश सिंह, पवन गुप्ता, विनय शर्मा और अक्षय कुमार सिंह को 20 मार्च 2020 को तिहाड़ जेल में फांसी दी गई थी।

निर्भया के पिता बद्रीनाथ सिंह ने दावा किया कि अब भी जब कहीं बलात्कार की घटनाएं होती हैं, तब कोई भी पीड़िता के साथ खड़ा नहीं होता। उन्होंने कहा, हमें न्याय इसलिए मिला क्योंकि पूरा देश हमारे साथ था। त्वरित अदालत ने हमारी बेटी को न्याय दिलाने में मदद की।

निर्भया की मां आशा देवी ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में अब भी कमी नहीं आई है। उन्होंने कहा, कानून बने, लेकिन हुआ कुछ नहीं। कभी-कभी हम यह सोचकर इतने निराश हो जाते हैं कि कुछ भी नहीं बदलने वाला है।

# पंजीरी प्लांट में जल्द बने कम्युनिटी सेंटर: नवीन गोयल

### गोयल ने नगर निगम कमिश्नर से मिल कई कालोनियों के विकास कार्यों पर की चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल सदैव सक्रिय नजर आते हैं। इस बार उन्होंने नगर निगम कमिश्नर पीसी मीणा से मुलाकात करके विभिन्न कालोनियों की समस्याएं रखीं।

नवीन गोयल ने निगम कमिश्नर पीसी मीणा से मुलाकात के दौरान गुरुग्राम की सफाई समेत अन्य कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। कई समस्याओं को उनके समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि लक्ष्मण विहार में कई साल से पंजीरी प्लांट बंद पड़ा है। प्लांट बंद होने के बाद से उस जमीन को किसी उपयोग में नहीं लिया जा रहा। क्षेत्र के लोगों की मांग है कि वहां पर कम्युनिटी सेंटर बनाया जाए, ताकि उनके घरेलू कार्यक्रमों में किसी तरह की परेशानी ना हो। लोगों को विवाह-शादी व अन्य छोटे-मोटे कार्यक्रमों के लिए दूसरे स्थानों पर जाना पड़ता है। गरीब आदमी भी कम्युनिटी सेंटर के अभाव में परेशान हो रहा है। इसलिए यहां पंजीरी प्लांट की जमीर पर कम्युनिटी सेंटर बनाकर लोगों को सुविधा प्रदान की जाए।



गुरुग्राम के विभिन्न क्षेत्रों में सुविधाएं देने की मांग को लेकर नगर निगम गुरुग्राम के कमिश्नर पीसी मीणा को मांग पत्र सौंपते नवीन गोयल व साथी।

सेक्टर-4 के रोड को पक्का कराने व कम्युनिटी सेंटर बनाने की भी बात नवीन गोयल ने रखी। इसके अलावा फिरोजगांधी कालोनी-2 के रोड का टेंडर देने के बाद भी बंद काम को शुरू करवाने, प्रताप नगर में नई सीवर लाइन डलवाने, सूर्य विहार टाइटेनियम जिम वाली गली में सड़क बनवाने का भी आग्रह किया। नवीन गोयल ने सूर्य विहार और अशोक विहार फेज-1 व 2 के कुछ अनाधिकृत क्षेत्र को अधिकृत करने पर भी निगायुक्त से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आसपास के कई क्षेत्र अब नियमित की सूची में आ चुके हैं। कुछ इलाका अनअप्रूव्ड रह गया है।

इस क्षेत्र को भी अप्रूव्ड कराने के लिए सरकार के समक्ष सूची भेजी जाए। नवीन गोयल को निगम कमिश्नर पीसी मीणा ने आश्वस्त किया कि वे अपनी तरफ से इसकी रिपोर्ट तैयार कर सरकार को प्रस्तुत कर देंगे। अन्य जो भी समस्याएं हैं, काम अधूरे हैं, उनको भी जल्द पूरा करवाने की बात निगमायुक्त ने कही।

## संक्षिप्त समाचार

### अब 14 मार्च तक अपडेट करवा सकते हैं अपना आधार कार्ड




गुरुग्राम में शुक्रवार को आधार कार्ड के संदर्भ में आयोजित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक लेते डीसी निशांत कुमार यादव।

**गुरुग्राम।** भाररतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधाार कार्ड को अपडेट करवाने की अवधि अब 14 मार्च, 2024 तक बढ़ा दी है। आधार कार्ड हर नागरिक के लिए एक आवश्यक दस्तावेज है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का आधार कार्ड अपडेट होना चाहिए और उसे अपने पैन कार्ड, एलपीजी कनेक्शन, बैंक खाते के साथ लिंक करवाएं। यह बात डीसी निशांत कुमार यादव ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में आधार कार्ड के संदर्भ में आयोजित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड अपडेट करने, नए बनाने और डाटा ठीक करने के कार्य में सरकारी नियमों के अनुसार ही नागरिकों से शुल्क व दस्तावेज लिए जाने चाहिए। कोई भी आधार कार्ड गैर कानूनी तरीके से ना बनाएं। किसी भी एक व्यक्ति के दो आधार कार्ड नहीं होने चाहिए। यूएडीआई अर्थात भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार कार्ड को अपडेट करवाने की तारीख 14 मार्च तक बढ़ा दी है। आम नागरिक बिना कोई शुल्क दिए फ्री में 14 मार्च तक अपने दस साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए प्राधिकरण ने सरकारी भवनों, बैंक, पोस्ट ऑफिस, सामुदायिक केंद्र, बीएसएनल ऑफिस में आधार केंद्र स्थापित किए हुए हैं। नागरिक इन आधार केंद्रों पर जाकर निन्शुल्क अपना आधार कार्ड दुरुस्त करवा सकते हैं। इस अवसर पर एडीसी हितेश कुमार मीणा ने बताया कि आधार केंद्रों की कार्यशैली का निरीक्षण करने के लिए समय-समय पर आकस्मिक जांच की जाती हैं। अभी तक जिला में दो एफआईआर दर्ज आधार ऑपरेटरों के खिलाफ दर्ज करवाई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जल्दी ही नागरिक संसाधन विकास केंद्र अर्थात क्रिड के साथ भी आधार मशीनों को रखवाया जाएगा। बैठक में यूएडीआई के विवेक शर्मा, सीपीओ महेंद्र सिंह, एलडीएम अशोक कुमार सीएससी प्रभारी विकास पूनिया, डिप्टी सीएमओ डा. प्रिया शर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी नेहा दहिया, जिले सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

### पिता के डाटने पर किशोरी ने घर छोड़ा

**सोहना।** पिता के डाटने पर 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी घर छोड़कर चली गई। पीड़ित पिता ने भोंडसी थाना में शिकायत दर्ज करते हुए लापता किशोरी की सहेली समेत दो युवकों को सुराग होने की आशंका जताई है। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद लापता किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। भोंडसी की भीम सिंह कॉलोनी में रहने वाले देवेंद्र सिंह ने भोंडसी थाना पुलिस को बताया कि उसने अपनी 16 वर्षीय बेटी काजल को घर की किसी बात को लेकर बुधवार को डाट दिया था। इसी डाट से नाराज होकर उसकी बेटी बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे घर से बिना बताएं निकल गई। वह अपने साथ स्कूल का टैब, आधार कार्ड और अन्य जरुरी कागजात लेकर गई है। उसने अपने स्तर पर लापता बेटी को काफी तलाश किया। लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पीडित पिता ने किशोरी के एक सहेली और दो लड़कों के नाम पुलिस को दिए हैं। जिन्हें किशोरी के कही पर भी छिपे होने की पूरी जानकारी होने की आशंका जताई है। भोंडसी पुलिस ने किशोरी के लापता होने का मामला दर्ज करने के बाद उसकी जांच शुरू कर दी है। पुलिस पिता द्वारा बताएं गए किशोरी और दोनों युवकों से भी जल्द पूछताछ करेगी।

# 30 दिन के सफाई अभियान चैलेंज में कई क्षेत्र सफाई में चमके

### नवीन गोयल ने सभी सहयोगियों का इस अभियान में साथ देने पर जताया आभार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में सफाई अभियान के 30 दिन के चैलेंज के अंतिम दिन अभियान में सहयोग देने वालों को सम्मानित करते नवीन गोयल।

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल द्वारा सफाई अभियान के लिए 30 दिन का लिया गया चैलेंज शुक्रवार को सफाई अभियान के साथ ही पूरा हो गया। इन 30 दिनों में नवीन गोयल व साथियों ने शहर के विभिन्न इलाकों में सफाई करके लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

इस अभियान में साथ व सहयोग देने वालों को सम्मानित भी किया गया। बता दें कि स्वच्छता के मामले में गुरुग्राम को देश के टॉप-10 शहरों में शामिल कराने के लिए ग्रीन गुरुग्राम-क्लीन गुरुग्राम बनाने के लिए नवीन गोयल स्वयं भी और जनजागरुकता के माध्यम से भी प्रयासरत हैं। उनके सफाई अभियान चैलेंज का भी मुख्य उद्देश्य यही रहा कि जहां पर भी अभियान चलाए जाएं, वहां के लोग स्वच्छता के प्रति जागरुक हों। नवीन गोयल के इस अभियान के पहले दिन रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य एवं एनजीओ प्रकोष्ठ भाजपा के प्रदेश सह-संयोजक डा. डीपी गोयल ने भी साथियों के साथ सफाई की शुरुआत मदनपुरी क्षेत्र में स्वर्गीय मदन लाल ग्रोवर की प्रतिमा के सामने से की थी।

नवीन गोयल ने इस अभियान के अंतिम दिन अपने संदेश में कहा कि अभियान चाहे कोई भी हो, वह भले ही थम जाए, लेकिन सामान्य जीवन में हमें उस अभियान से मिली शिक्षा को अपने जीवन में ढालना चाहिए। ऐसे अभियान हमें जागरुक करने का काम करते हैं। डा. डीपी गोयल ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फैलाएं और गुरुग्राम को क्लीन गुरुग्राम, ग्रीन गुरुग्राम, फिट गुरुग्राम बनाने में अपना सहयोग करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के तहत हमें अपने गुरुग्राम को स्वच्छ बनाना है।

30 दिन के इस अभियान में पहले दिन मदनपुरी रोड, पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सामने सफाई अभियान चलाया गया। दूसरे दिन अंकुर अस्पताल के सामने ऑटो मार्केट बसई रोड पर सफाई अभियान, चार आठ मरला में (गुरुद्वारा के समीप) राजकीय प्राथमिक विद्यालय के आसपास, अपोजिट जीएवी एकेडमी पुलिस स्टेशन के पास सेक्टर-5 गुरुग्राम इलाके में सफाई अभियान समेत 30 स्थानों पर यह अभियान चलाया जाए।

## भाजपा के पास गिनाने के लिए विकास के अनगिनत कार्य: गार्गी कक्कड़



गुरुग्राम भाजपा कार्यालय में बैठक लेतीं जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़।

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि भाजपा के पास गिनाने के लिए विकास के अनगिनत कार्य हैं, जबकि विपक्ष खाली हाथ है। भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्ष तिलमिलाया हुआ है और लोगों का भ्रम में डालने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार की उपलब्धियों को लेकर हमें जनता के बीच जाना है।

ये बात गार्गी कक्कड़ ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में सोहना ब्लॉक के जिला परिषद, ब्लॉक समिति के चेयरमैनों, पार्षदों और सरपंचों को संबोधित करते हुए कही। जिला अध्यक्ष ने सोहना में 24 दिसंबर को होने वाले पन्ना प्रमुख सम्मेलन को सफल बनाने के भी दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रूप से जिला महामंत्री मनीष गाडौली, महेश यादव कार्टरपुरी, जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव, सह प्रमुख जयवीर यादव, सोशल मीडिया प्रमुख अनु जिंदल, कार्यालय मंत्री यादराम जोया, मंडल अध्यक्ष गौरव चुघ, मंडल महामंत्री नरेश कुमार, सिद्धार्थ सिद्धू, सुधांशु, दीपक गुप्ता उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि आज सोहना ब्लॉक से आए जिला परिषद, ब्लॉक समिति, पार्षदों और सरपंचों से क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों और किन्हीं कारणों से जो लंबित पड़े हैं, उनके बारे में चर्चा हुई और फीडबैक लिया। आगामी योजनाओं पर मंथन किया गया।

# गुरुग्राम पुलिस अब ड्रोन से देखकर करेगी लेन तोड़ने वाले वाहनों के चालान

### शुक्रवार को पहली बार पुलिस ने एनएच-48 पर ड्रोन से देखे लेन तोड़ने वाले

### पुलिस ने नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई का अपनाया नया तरीका

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे-48 पर ड्रोन से देखकर चालान करती यातायात पुलिस।

**अभी** तक तो यातायात पुलिस सड़कों पर लेन तोड़ने वालों के नाका लगाकर चालान करती थी, अब पुलिस ने लेन तोड़ने वालों के चालान के लिए नया तरीका अपनाया है। हाइवे पर चलते हुए लेन तोड़कर हादसों को न्यौता देने वाले ऐसे वाहनों के अब ड्रोन से देखकर पुलिस ने चालान करने शुरू किए हैं। शुक्रवार को पुलिस ने गुरुग्राम में दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे-48 पर यह तरीका अपनाया।

गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस द्वारा ड्रोन का प्रयोग करके लेन ड्राइविंग का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान को सिरहौल बॉर्डर से खेड़की दौला टोल प्लाजा तक चलाया गया, ताकि सड़कों पर होने वाले हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

ड्रोन की सहायता से लेन चेंज के कुल 412 चालान किए गए, जिसकी कुल जुर्माना राशि 3.12 लाख रुपये है। पुलिस द्वारा 1 दिसम्बर 2023 से 15 दिसम्बर तक लेन चेंज ड्राइविंग व लेन ड्राइविंग की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करते हुए 6866 चालान किए गए। इनमें 5797 ट्रक, 518 सवारी बस व 211 शिक्षण संस्थानों की बसें हैं। इन चालानों की कुल जुर्माना राशि 58 लाख 9 हजार 600 रुपये है। इस तरह के चालान अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे।

शुक्रवार को पुलिस उपायुक्त यातायात वीरेन्द्र विज की देखरेख में वीरेन्द्र विज ने बताया कि पुलिस द्वारा चलाए गए इस अभियान के बाद लेन ड्राइविंग में काफी सुधार आया है। अगले सप्ताह से इस प्रकार के चालान करने के लिए ड्रोनों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

पुलिस द्वारा सभी ट्रांसपोर्टर्स व शिक्षण संस्थानों से भी अपील की गई है कि वो अपने वाहनों पर नियुक्त चालकों को निर्देश दें कि यातायात नियमों की पालना करें व विशेष तौर पर लेन ड्राइविंग की उल्लंघन ना करें। उन्होंने कहा कि सड़क पर भारी वाहन केवल बाईं तरफ की दो लेन में ही अपना वाहन चलाएं, जिससे तेज गति से चलने वाले वाहन बिना किसी रुकावट के आसानी से चल सकें। सड़क पर वाहनों के लेन चेंज करने से रोज हादसे होते हैं, जिसमे काफी लोगों की जान चली जाती है।

## नप सफाई कर्मियों का दूसरे दिन भी जारी रहा धरना

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद के सफाई कर्मियों ने दूसरे दिन भी अपनी मांगों को लेकर कार्लालय के बाहर मुख्य गेट पर धरना दिया। सफाई कर्मियों के धरना पर बैठने पर सफाई व्यवस्था चरमराई गई। गुरुवार को नगर परिषद सफाई कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर दो दिन का धरना प्रदर्शन शुरू किया था। उक्त धरना प्रदर्शन को सफाई कर्मियों ने शुक्रवार को भी जारी रखा।

सुबह 7 बजे ही सफाई कर्मी अपने घरों से आने के बाद धरना पर बैठ गए। सफाई कर्मियों का धरना नगर परिषद कार्यालय के बाहर मुख्य गेट के साथ चल रहा है। यूनियन के ब्लॉक प्रधान विक्रम सिंह ने बताया कि अभी तक उनका यह धरना दो दिन का ही रहा है। शुक्रवार की रात तक यदि यूनियन के प्रदेश पदाधिकारियों की तरफ से कोई संदेश आता है। उसकी आदेश के अनुसार पालना की जाएगी।



दूसरी दिन भी धरना पर बैठे सोहना नगर परिषद के सफाई कर्मी।

**शहर में किया प्रदर्शन** : नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर शहर में विरोध रैली का आयोजन किया। रैली के दौरान प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जनविरोधी करार दिया।

इस रैली में सफाई कर्मियों ने आम लोगों तक उनकी मांगों को पूरा न करने वाली हठधर्मी सरकार की पोल खोलने का काम किया।



चुनाव में जीत पर खुशी व्यक्त करते वकील।

## आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लोगों को सरकार की योजनाओं का पूर्ण लाभ दें बैंक : विश्राम मीणा



गुरुग्राम में बैंकर्स की जिला स्तरीय समीक्षा कमेटी एवं जिला परामर्शदात्री कमेटी की बैठक लेते एडीसी विश्राम कुमार मीणा।

### बैंकर्स की जिला स्तरीय समीक्षा कमेटी एवं जिला परामर्शदात्री कमेटी की बैठक

**गुरुग्राम।** लघु सचिवालय में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) व जिला स्तरीय समीक्षा कमेटी की बैठक शुक्रवार को यहां आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने बैंकों के ऋण जमा अनुपात, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड, हरियाणा महिला विकास निगम, केसीसी लोन, पीएम फसल बीमा योजना, पीकेसीसी, पीएम स्वनिधि, मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना, पीएम मुद्रा योजना सहित मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत बैंकों में भेजे गए आवेदनों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में मौजूदा वित्त वर्ष के सितंबर माह में खत्म हुई छह माही के दौरान सरकारी योजनाओं के तहत जिला के विभिन्न बैंकों को ऋण के लिए प्रस्तुत किये गये आवेदनों की बैंकवार समीक्षा करने उपरान्त एडीसी मीणा ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं को सफल बनाने में बैंकों की अहम भूमिका है। ऐसे में ऋण के लिए प्राप्त आवेदनों को बैंकों के प्रतिनिधी प्राथमिकता के साथ जांच कर स्वीकृत प्रदान करें। उन्होंने योजनाओं से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के आवेदन तैयार कर उनकी बारीकी से जांच करें और कोशिश करें कि लाभार्थी के आवेदन में उनके स्तर पर किसी प्रकार की कमी न हो। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक अशोक कुमार जुलाहा ने सभी बैंकों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि पिछले वित वर्ष की पहली छह माही की तुलना में इस वर्ष छह माही के अंत तक जिला में विभिन्न बैंकों द्वारा अपनी 52 नई शाखाएं खोली गई हैं। अब जिला में विभिन्न बैंकों की कुल 861 शाखाएं अपने सेवाएं दे रही हैं।

वहीं एग्रीकल्चर सेक्टर में 97.96 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ उपरोक्त अवधि में कुल 1196 करोड़ की राशि के लोन व एमएसएमई क्षेत्र में 160 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 19815 करोड़ रुपये की राशि के लोन जिला में उपलब्ध कराए गए हैं।

# सतीश खटाना सोहना बार के बनें प्रधान और नवीन गर्ग सचिव

**सोहना।** सोहना बार एसोसिएशन के चुनावों में सतीश खटाना ने प्रतिद्वंदी सुनील को 161वोटों से हराते हुए जीत हासिल की। वही नवीन ना बलजीत को 155 वोटों सा हराते हुए जीत हासिल की। शुक्रवार को सोहना बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव हुआ।

चुनाव में प्रधान और सचिव पद का चुनाव हुआ। जबकि दो अन्य पदों का चुनाव सर्वसम्मति से पहले ही हो चुका था। शुक्रवार को चार उम्मीदवारों ने दो पदों पर अपनी किस्मत आजमाई। चुनाव समिति ने सुरक्षा के मद्देनजर पुख्ता इंतजाम किए हुए थे। कोर्ट परिसर के अंदर भारी पुलिस बल तैनात था। चुनावी मतदान सुबह 9 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक चला था। जो काफी शांतिपूर्वक रहा था। मतदाता वकीलों ने परिचय पत्र को लेकर मतदान किया। उम्मीदवारों ने अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रकार के दांव पेंच का इस्तेमाल किया था। उक्त चुनाव में कुल 544 मतदाता थे। जिसमें कुल 525 वकीलों ने अपने मत का उपयोग किया था। मतदान के समय राजनीतिक पंडित जीत हार का आंकलन करने में लगे थे। चुनाव में सतीश खटाना ने अपने निकटतम उम्मीदवार सुनील को 161 मतों से हरा डाला है। सतीश को कुल 343 मत व सुनील को मात्र 182 वोट मिले हैं। इसी प्रकार सचिव पद की जंग में नवीन गर्ग ने बलजीत को 155 मतों से पराजित किया है।

## रियलमी ने अपनी ''चैंपियन सीरीज'' में पहला 5जी स्मार्टफोन, रियलमी सी67 5जी पेश किया, जिसमें है 33वॉट सुपरवूक फास्ट चार्जिंग और 120 हर्ट्ज डायनामिक डिस्प्ले

पायनियर समाचार सेवा। हिसार

**सबसे** विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने शुक्रवार को अपनी चैंपियन सीरीज के पहले 5जी स्मार्टफोन, रियलमी सी67 5जी के लॉन्च की घोषणा की। रियलमी सी67 5जी में 5जी कनेक्टिविटी के साथ शानदार कैमरा, फास्ट चार्जिंग, शक्तिशाली बैटरी, आकर्षक डिजाइन, बेहतरीन 5जी चिपसेट और मल्टीटास्किंग एवं बड़ी स्टोरेज क्षमता के लिए विशाल रैम है, जिसके कारण यह 5जी चार्जिंग चैंपियन है।

रियलमी सी67 5जी का उद्देश्य युवाओं को बेहतरीन मूल्य में उत्पाद का शानदार अनुभव प्रदान करना है। सी67 5जी में 50 मेगापिक्सल का एआई कैमरा है, जिसके द्वारा यूजर्स बेहतरीन फोटोग्राफी कर अपनी रचनात्मकता दिखा सकते हैं। यूजर्स सर्वश्रेष्ठ क्वालिटी में ये पिक्चर देख सकें, इसके लिए सी67 5जी में एफएचडी+डिस्प्ले के साथ 120 हर्ट्ज का अल्ट्रा स्मूथ डिस्प्ले और 91.4 प्रतिशत का स्क्रीन-टू-बॉडी अनुपात दिया गया है, जो बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें एक बेहतर विजन डिजाइन में मिनी कैप्सूल 2.0 भी दिया गया है।



इस स्मार्टफोन में फास्ट चार्जिंग के लिए 33 वॉट का सुपरवूक चार्जिंग समाधान है। इसके साथ इसमें 5000 एमएएच की बैटरी लगाई गई है, जो केवल 29 मिनट में 1 से 50 प्रतिशत तक चार्ज हो जाती है। रियलमी सी67 5जी में मीडियाटेक डायमेंसिटी 6100+5जी चिपसेट है, जो स्मूथ ऑपरेटिंग अनुभव के साथ शक्तिशाली परफॉर्मेंस भी प्रदान करता है।

इस स्मार्टफोन में 6जीबी तक का डायनामिक रैम विकल्प दिया गया है, जो 6जीबी तक की रैम और 128जीबी स्टोरेज के साथ मिलकर यूज़र्स को सुगम और प्रभावशाली मल्टीटास्किंग का अनुभव प्रदान करता है, और आप अनेक ऐप्स एक साथ चलाकर सुगमता से उनके बीच स्विच कर सकते हैं। रियलमी सी67 5जी में 7.89 मिमी की अल्ट्रा-स्लिम बॉडी है, जो इसे आरामदायक ग्रिप प्रदान करती है। रियलमी सी67 5जी दो खूबसूरत रंगों : सनी ओसिस और डार्क पर्पल में उपलब्ध है, और दो स्टोरेज विकल्पों में 13,999 रु. (4जीबी+128जीबी) और 14,999 रु. (6जीबी+128जीबी) में आता है।

## रेलवे माल गोदाम श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन की मंजूरी दिलाकर दिल्ली में भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन का ''रेलवे गुड्स शेड वर्कर्स मंथन 2023''

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**भारतीय** रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन द्वारा आयोजित और स्किल इंडिया, भारत सरकार द्वारा समर्थित, ''रेलवे गुड्स शेड वर्कर्स मंथन 2023'' डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। सभी प्रकार के सरकारी लाभ की मांग को लेकर भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन के लंबे संघर्ष के बाद सफलता मिलने से राष्ट्रीय स्तर पर इस महासम्मेलन ''मंथन 2023'' का आयोजन किया गया।

इस आयोजन को शुभकामनायें और समर्थन देते हुए उपस्थित थे भारत सरकार की माइनोरिटी अफेयर्स मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री जॉन बारला। साथ में उपस्थित थे मेंबर (फाइनेंस), प्रसार भारती और पूर्व चीफ लेबर कमीशनर (सेंट्रल) डीपी इस नेगी, श्रम एवं कल्याण की डी जी डब्ल्यू बिभाग से उप श्रम कल्याण आयुक्त निरंजन कुमार, उप महानिदेशक डॉ. ओंकार शर्मा, क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (मुख्यालय) श्री ओम प्रकाश सिंह, सहायक श्रम आयुक्त (मुख्यालय) कुमार अमृतेश, श्रम प्रवर्तन अधिकारी (मुख्यालय) डॉ. अब्दुल कादर, डिप्टी सीएलसी (नई दिल्ली) डॉ. आरजी मीना, डिप्टी सीएलसी (मुख्यालय) सुशील कुमार और रजिस्ट्रार-एनएचआरसी बृजवीर सिंह। भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के खाद्य मंत्रालय की राज्य स्तरीय सलाहकार समिति के सदस्य, रेलवे जोन सलाहकार समिति के सदस्य, दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. परिमल कांति मंडल, संगठन के उपाध्यक्ष इंदुशेखर चक्रवर्ती, केंद्रीय समिति के सदस्य और भारत के विभिन्न राज्यों के रेलवे माल गोदामों के श्रमिक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस अवसर पर बोलते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. परिमल कांति मंडल ने कहा कि ब्रिटिश शासन के बाद से इन रेल माल गोदाम श्रमिकों के शोषण के खिलाफ बीआरएमजीएसयू के लंबे संघर्ष के परिणामस्वरूप, इन श्रमिकों को विभिन्न सरकारी सुविधाएं प्राप्त हुई हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 16 दिसंबर, 2023



# संस्था ने सरकारी स्कूल में वर्दी वितरित की



**फरीदाबाद।** मिशन जागृति के अर्पण अभियान के अंतर्गत आर डब्ल्यू ए सेक्टर-15 के प्रधान नीरज चावला के सहयोग के साथ सरकारी स्कूल सेक्टर 22 में जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर व जूते वितरण किए। इस अभियान की संयोजक मिशन जागृति की दीपा सहदेव ने बताया कि हमें स्कूल की अध्यापक के द्वारा बताया गया कि स्कूल में कुछ जरुरतमंद बच्चों को ठंड से बचने के लिए जूते और जर्सी की जरूरत है। इसके बाद ही हमने संस्था के माध्यम से आरडब्लूए सेक्टर-15 के सहयोग से बच्चों को सभी सामान दिया। दीपा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से मिशन जागृति संस्था की राष्ट्रीय सचिव संतोष अरोड़ा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अशोक भटेजा, जिला अध्यक्ष रविंद्र मलिक, जिला महासचिव दिनेश राघव, जिला यूथ क्लब अध्यक्ष विपिन भारद्वाज, मोहित, डिगंबर तंवर, महिला टीम से मोनिका, रेनू शर्मा, अंजली उपस्थित रहे।

# 16 करोड़ की लागत से बढ़ाई जाएगी मेघपुर पावर स्टेशन की क्षमता

## औद्योगिक इकाईयों को मिलेगी 24 घंटे बिजली सप्लाई

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**पलवल-नूंह** के जिलों को बेहतर बिजली सप्लाई देने के लिए करोड़ों रुपये की लागत से 220 मेघपुर पावर स्टेशन की बिजली क्षमता बढ़ाई जाएगी। इसकी क्षमता बढ़ने से दोनों जिलों के लगभग हजारों बिजली उपभोक्ताओं को फायदा मिलेगा। लगभग 10 लाख लोगों को बिजली सप्लाई 24 घंटे प्राप्त हो सकेगी। इसके बाद इन जिलों के शहरी, औद्योगिक इकाई, ग्रामीण व हजारों किसानों को फायदा मिलेगा। जिससे कृषि उपज में बढ़ोतरी होगी, वहीं औद्योगिक इकाइयों के उत्पादन में भी बढ़ोतरी होगी। इसके लिए



बिजली विभाग की तरफ से मेघपुर 220 पावर स्टेशन में बड़ा ट्रांसफार्मर लगाने के कार्य पर अमल शुरू हो चुका है।

फरवरी तक इस ट्रांसफार्मर की क्षमता 100 किलो मेगावाट एंपीयर से बढ़कर 160 किलोवाट मेगावाट एंपीयर हो जायेगी। जिससे मेघपुर पावर की बिजली सप्लाई भी डेढ़ गुणा से अधिक हो जाएगी। इसके लिए हरियाणा बिजली प्रसारण निगम की तरफ से लगभग 16 करोड़ खर्च करके एक बड़ा ट्रांफार्मर स्थापित किया जा रहा है। इस नए बिजली ट्रांसफार्मर के निर्माण के लिए हरियाणा बिजली प्रसारण निगम द्वारा बड़ा ट्रांसफार्मर स्थापित करने के लिए मेघपुर पावर स्टेशन पर नए-नए बिजली उपकरणों को लगाया जा रहा हैं। पावर स्टेशन की क्षमता बढ़ने से पृथला, दूधौला, ततारपुर, औरगांबाद, होडल, रोजकामेव, धतीर, सोहना, तावडू आदि जगह पर स्थित औद्योगिक इकाइयों को मिलेगा। वहीं पलवल, मंडकौला, चांदहट, होडल, हथीन, पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका, रोजका मेव, धतीर, हसनपुर क्षेत्र के किसानों, ग्रामीणों की बिजली सप्लाई में बढ़ोतरी होगी।

> “ **मेघपुर** पावर स्टेशन पर 16 करोड़ रुपये की लागत से बड़ा ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। फरवरी तक यह कार्य पूरा हो जाएगा। उसके बाद मेघपुर पावर स्टेशन की क्षमता 100 किलो मेगावाट से बढ़कर 160 किलो मेगावाट एंपीयर हो जाएगी। जिससे पलवल-नूंह जिलों के लाखों लोगों को बेहतर बिजली सप्लाई मिलेगी।
>
> **-हेमराज, कार्यकारी अभियंता, हरियाणा बिजली प्रसारण निगम पलवल**

# संक्षिप्त समाचार

## केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में फिट इंडिया वीक कार्यक्रम



**पलवल।** रसूलपुर रोड स्थित केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में फिट इंडिया वीक 11 से 15 दिसंबर तक आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा तीसरी से आठवीं के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसका उद्देश्य स्कूली शिक्षा के साथ-साथ फिटनेस को भी बढ़ावा देना है। जहां शारीरिक फिटनेस होगी, वहीं विद्यार्थियों का चहुंमुखी विकास होगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में फिटनेस के महत्व को जगाना है। विद्यालय में खो-खो, फ्रोग रेस, रस्साकशी व दौड़ 100, 200, 400 मीटर सहित अनेक प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। इस प्रक्रिया द्वारा विद्यार्थियों में विभिन्न खेल विधाओं के लिए पहचाने गए प्रतिभाशाली एथलीट व विजेता टीम के चयन का विवरण फिट इंडिया स्कूल वीक भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ 22 दिसंबर क्रिसमस कार्निवल पर सांझा किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व व कृतित्व से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने एक लघु नाटिका के माध्यम से सभी को संदेश दिया कि हमें स्वस्थ रहने के लिए विभिन्न पहलुओं को अपनाना चाहिए। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉक्टर नम्रता कुंडू ने सभी विद्यार्थियों को फिट इंडिया वीक पर खेलों के महत्व की जानकारी दी व स्वस्थ रहने के नियमों से अवगत कराया।

## टाटा-407 ने बाइक को टक्कर मारी, एक भाई की मौत

**पलवल।** बहीन गांव के पास टाटा-407 ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में एक भाई की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। बहीन थाना पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिला के ऊंटासानी गांव निवासी सुखबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह और उसका छोटा भाई लक्ष्मण बाइक पर सवार होकर गुरुवार शाम को अपनी रिश्तेदारी में नाना सूबेदार से मिलने के लिए एसडीएम भट्टा कंपनी मानपुर जा रहे थे। वह खुद बाइक चला रहा था, लक्ष्मण उसके पीछे बैठा था। जब वह बहीन गांव के बस स्टैंड पर पहुंचे तो पीछे से आ रहे टाटा-407 के उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह उछलकर दूर जाकर गिरा, जबकि उसका भाई लक्ष्मण सड़क पर गिर गया। उसे मामूली चोटें आईं, जबकि लक्ष्मण गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करा दिया, जहां उपचार के दौरान लक्ष्मण की मौत हो गई।

## विद्यालय परिसर में स्वच्छता पर रखा जाए विशेष फोकस



**पलवल।** एसडीएम लक्ष्मी नारायण ने उपमंडल हथीन के राजकीय माध्यमिक विद्यालय अंधरोला का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय की सभी कक्षाओं को चैक किया। इस दौरान विद्यालय के सभी अध्यापक उपस्थित पाए गए। इस मौके पर एसडीएम लक्ष्मी नारायण ने स्कूल के अध्यापकों को स्कूल परिसर में साफ-सफाई सुनिश्चित करवाने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में सारी व्यवस्थाएं ठीक मिलीं। एसडीएम लक्ष्मीनारायण ने विद्यालय के मुख्य अध्यापक को निर्देश दिए कि वे राजकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्वच्छता पर विशेष फोकस रखें।

## चोट, गठिया, या मोटापा बढ़ा सकता है सर्दी में जोड़ों का दर्द



**फरीदाबाद।** सर्दी के मौसम ने अपना प्रभाव दिखाना शूरू कर दिया है। इसके साथ ही पुरानी चोट, गठिया की शिकायत तथा मोटापे की समस्या से जूझ रहे मरीजों में जोड़ों के दर्द की समस्या बढ़ है। ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल की आर्थोपेडियक ओपीडी में रोजाना 40 से 45 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें पांच से सात जोड़ों के दर्द के नए मरीज शामिल हैं। अस्पताल के आर्थोपेडियक विभाग के निदेशक डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि सर्दियों ने दस्तक दे दी है। इसके साथ ही अस्पताल में मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। पहले यह बीमारी ज्यादातर बुजुर्गों में देखने को मिलती थी, लेकिन अब यह युवाओं में भी आम हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जोड़ों के दर्द की कई वजहें हो सकती हैं। जैसे-पहले लगी कोई चोट, गठिया की शिकायत या मोटापे जैसी दूसरी बीमारियां। जोड़ों के दर्द को अर्थाल्जिया भी कहते हैं। उन्होंने कहा कि जोड़ों में दर्द और गठिया दो अलग-अलग समस्याएं हैं। इनके कई लक्षण एक जैसे हो सकते हैं, लेकिन एक अंतर दोनों में रहता है कि जोड़ों के दर्द में सूजन नहीं होती है और जो दर्द सूजन के साथ होता है, वह गठिया की निशानी है। उन्होंने बताया कि जोड़ों के दर्द की मुख्य वजह पहले किसी तरह की समस्या या फ्रेक्चर हो सकते हैं। इसमें शरीर के कई हिस्सों के जोड़ में दर्द रहता है। इसके होने की कई वजह हैं। दवा और डॉक्टर की सलाह से तो जोड़ों के दर्द पर काबू पाया जा सकता है, लेकिन इस दौरान हमें एक बेहतर डाइट अपनानी चाहिए, जो फायदेमंद साबित हो। इस तरह हमें क्या खाना है, क्या नहीं खाना? इन बातों का ध्यान रखना चाहिए। डॉ. राजेश ने कहा कि सर्दियों में जोड़ों में दर्द से बचने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करें। समय पर डॉक्टरी जांच कराएं।

## सीएम फ्लाइंग ने एचएसवीपी में की रेड



**फरीदाबाद।** सीएम फ्लाइंग की टीम ने फरीदाबाद के एचएसवीपी यानी हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण विभाग में छापेमारी कार्रवाई की। दरअसल सीएम फ्लाइंग की टीम को सूचना प्राप्त हुई थी कि एचएसवीपी विभाग के सर्वे कार्यालय में प्राइवेट लोग काम कर रहे हैं। जिसके आधार पर सीएम फ्लाइंग के डीएसपी मनीष सहगल ने टीम का गठन किया। टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए दो प्राइवेट लोगों को काम करते हुए मौके पर पाया। जिसके बाद सीएम फ्लाइंग की टीम ने कार्रवाई करते हुए अन्य तमाम दस्तावेजों की छानबीन शुरू कर दी है। वहीं जानकारी देते हुए सीएम फ्लाइंग डीएसपी मनीष सहगल ने बताया कि अभी दस्तावेजों की जांच की जा रही है, जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पलवल के युवक का शव यूपी के नाले में मिला

**पलवल।** होडल में सात दिन से लापता 21 साल के युवक का शव कोकिलावन उत्तर प्रदेश के पास नाले से बरामद हुआ। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान करमन गांव के रहने वाले दिनेश कुमार के रूप में हुई है। मदन सिंह ने बताया कि उसका बेटा बीएससी की पढ़ाई कर रहा था। आठ दिसंबर को दिनेश घर से होडल सरकारी कॉलेज में परीक्षा देने के लिए कहकर गया था, लेकिन परीक्षा देकर वापस नहीं लौटा। आठ दिसंबर को दिनेश ने शाम के समय किसी रेहड़ी वाले का फोन लेकर उसके पास कॉल की थी, लेकिन वह उठा नहीं पाया था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। उसने दिनेश को काफी ढूंढने की कोशिश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद होडल थाना में शिकायत दी गई थी। मदन ने बताया कि 15 दिसंबर की सुबह उन्हें पता चला कि उनके बेटे का शव जिला मथुरा यूपी के कोकिलावन शनि देव मंदिर के पास नाले में बरामद हुआ है।

# प्रतिभाओं को निखारकर प्रोत्साहित कर रही डाबा : रोहित जैन

## डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद में किया विश्व बॉक्सिंग प्रतियोगिता में मेडल हासिल करने वाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**दिल्ली** एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन यानि डाबा ने डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद में आईबीए जूनियर बॉक्सिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में देश के लिए पदक जीतने वाले बॉक्सिंग खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस भव्य समारोह की अध्यक्षता डाबा के अध्यक्ष व डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद स्कूल के प्रो-वाइस चेयरमैन रोहित जैनेंद्र जैन ने की। उन्होंने कहा कि डाबा का मकसद ही युवा खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को निखारकर उन्हें प्रोत्साहित करना है, ताकि वे देश-विदेश में नाम रोशन कर सकें। इस अवसर वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन के अध्यक्ष संतोष के अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। रोहित जैनेंद्र जैन ने बताया कि यह चैंपियनशिप येरावन, आर्मेनिया में आयोजित हुई।

रोहित जैनेंद्र जैन ने बताया कि आकांशा ने 70 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता और एक ट्रॉफी तथा 51 हजार रुपये का चेक प्राप्त किया। 80 किलोग्राम वर्ग में प्राची के रजत पदक के प्रदर्शन से उन्हें एक ट्रॉफी और 31 हजार रुपये का चेक मिला, जबकि 75 किलोग्राम वर्ग में कृतिका के कांस्य पदक के लिए एक ट्रॉफी और 25 हजार रुपये का चेक मिला। बॉक्सिंग टूर्नामेंट में 60 किलोग्राम वर्ग में भाग लेने के लिए सारथी सैनी को एक ट्रॉफी और 21 हजार रुपये का चेक भेंट किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल डॉ बिंदु शर्मा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सम्मानीय अतिथि के रूप में नीरज जैन, मोक्ष गुजरानी, डीएन यादव, नीरज भट्ट, अजीत चौधरी, पीके तुली सहित दिल्ली एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के सभी सदस्यों के साथ-साथ दिनेश कुमार, तरूण वर्मा, प्रीतम टोकस और थान सिंह यादव भी मौजूद रहे।

# तीन गांवों में होगा 60 लाख की लागत से व्यायामशालाओं का निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** ब्लॉक के तीन गांवों में लाखों रुपये की लागत से युवाओं को फायदा पहुंचाने के लिए व्यायामशालाओं को निर्माण करवाया जाएगा। इसके लिए उच्च अधिकारियों से मंजूरी मिल चुकी है। जल्द ही इन व्यायामशालाओं का निर्माण करके ग्रामीणों को सौंप दिया जाएगा। जिससे ग्रामीणों को अपनी खेलों की तैयारी के लिए शहर जाने से छुटकारा मिल सकें।

बल्लभगढ़ ब्लॉक के सुनपेड़, मोहना व बिजोपुर में पंचायती राज विभाग बल्लभगढ़ की तरफ से व्यायामशाला बनाने का कार्य जल्द ही शुरू हो जाएगा। इसके लिए पंचायती राज के उच्च अधिकारियों से विभाग को मंजूरी मिल चुकी हैं। टेंडर लगाकर यहां पर व्यायामशाला बनाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। तीनों गांवों में दो दो एकड़ भूमि पर इनका निर्माण करवाया जा रहा हैं। व्यायामशालाओं में युवाओं को दौड़ने व घूमने के लिए ट्रैक बनाया जा रहा



हैं। वहीं तीनों गांवों की लोगों की सुविधा के लिए पब्लिक जिम भी बनाई जाएंगी।

जिस पर ग्रामीण क्षेत्र के युवक, युवती, महिला, पुरूष और बुजुर्ग एक्सरसाइज कर सकेंगे। लोगों के बैठने के लिए व्यायामशालाओं में सिमेंटिड बैंच व कुर्सी भी लगाई जाएंगी, जिससे बुर्जग आराम से बैठ सकें। व्यायामशालाओं में घास व फूलदार पौधे भी लगाए जाएगें। जिससे वातावरण स्वच्छ व साफ रह सके। सभी व्यायामशालाओं का निर्माण फरवरी तक पूरा करवा दिया जाएगा।

> “ **गांवों** में व्यायामशालाओं का निर्माण होने के बाद सबसे ज्यादा फायदा महिलाओं को मिलेगा। वे इन व्यायामशालाओं में व्यायाम करके अपने आप को स्वस्थ रख सकेंगीं।
>
> **-बबीता देवी**

> “ **बल्लभगढ़** ब्लॉक के मोहना, सुनपेड़ व बिजोपुर में व्यायामशालों का निर्माण जल्द ही करवा दिया जाएगा। जिससे लोगों को सुविधा रहे।
>
> **-रामपाल, उपमंडल अभियंता पंचायती राज बल्लभगढ़**

# वैश्य समाज ने महोत्सव के लिए किया मंगलकामना यज्ञ



**फरीदाबाद।** वैश्य समाज सेक्टर-28, 29, 30, 31के तत्वावधान में 30वां वार्षिक महोत्सव 16 दिसंबर को सेक्टर 31 स्थित कम्युनिटी सेंटर में धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। समाज ने वार्षिक महोत्सव की सफलता के लिए कार्यक्रम स्थल पर मंगलकामना यज्ञ कर प्रभु से प्रार्थना की। समाज के अध्यक्ष विनेश अग्रवाल व महासचिव बीआर सिंगला ने बताया कि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक नरेंद्र गुप्ता, दीपक मंगला व वरिष्ठ भाजपा नेता अजय गौड़ व उद्योगपति एमपी रूंगटा के सानिध्य में होने वाले इस 30वें वार्षिक समारोह में विभिन्न स्कूलों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण होंगे तथा समाज के वरिष्ठजनों को भी सम्मानित किया जाएगा।

# यूनिक्लो ने मॉल ऑफ फरीदाबाद में खोला 13वां स्टोर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत**-परिधानों के विश्वस्तरीय रीटेलर यूनिक्लो ने फरीदाबाद में अपना पहला स्टोर खोला। मॉल ऑफ फरीदाबाद में स्थित यह नया स्टोर उच्च गुणवत्ता और बेहतरीन डिजाइनों के फंक्शनल परीधानों-लाईफवियर की संपूर्ण रेंज के साथ फरीदाबाद के लोगों को खरीदारी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करेगा। यह दिल्ली-एनसीआर में ब्रांड का आठवां और भारत में 13वां स्टोर है।

ओपनिंग के अवसर पर मिस कृति तेंबो असिस्टेंट स्टोर मैनेजर यूनिक्लो, मनीष रघवानी स्टोर मैनेजर यूनिक्लो, मिस दीया सबरवाल यूनिक्लो की पहली उपभोक्ता, तोमोहिको सेई सीईओ यूनिक्लो इंडिया, अभिषेक बंसल एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, पेसिफिक ग्रुप मौजूद रहे। तोमाहिको सेई ने कहा कि फरीदाबाद के लोगों के लिए लाईवियर की रेंज लाते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। इस नए स्टोर की ओपनिंग के साथ इस साल हमने भारत में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। इसी साल हमने जीरकपुर में अपना पहला हाईवे स्टोर और मुंबई में पहले स्टोर खोले। भारत में हमने जहां भी अपने



स्टोर खोले हैं, उपभोक्ताओं ने खुली बांहों के साथ हमारा स्वागत किया। फरीदाबाद में इस नए स्टोर के साथ हम उपभोक्ताओं को आधुनिक, उच्च गुणवत्ता के परिधान उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को जारी रखे हुए हैं, जो उनके रोजमर्रा के जीवन को बेहतर बना सकें।वहीं अभिषेक बंसल ने कहा कि पेसिफिक ग्रुप में हम हमेशा से अपने उपभोक्ताओं को ग्लोबल ब्रांड का अनुभव प्रदान करने के लिए प्रयासरत हैं और फरीदाबाद में यूनिक्लो को लाना इसी दिशा में एक और कदम है। फरीदाबाद में पहले यूनिक्लो स्टोर के लांच के साथ हम शहर के फैशन प्रेमियों की जरूरतों को पूरा करना चाहते हैं।

# सामूहिक विवाह का होगा आयोजन

**पलवल।** विगत वर्षों की भांति अलायंस क्लब पलवल सिटी हार्ट द्वारा नौवां सामूहिक विवाह समाहरोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 14 जनवरी 2024 को ब्राह्मण धर्मशाला पलवल में किया जाएगा। विवाह के लिए वर-वधु का जोड़ा बनाकर लाना होगा। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम आयोजक मनीष जैन ने बताया कि लड़की पलवल जिला की होनी अनिवार्य है। वर-वधु की कानूनी नियम से शादी करने की उम्र होनी चाहिए। विवाह केवल ओर केवल सनातन रीति से विवाह संपन्न करवाया जाएगा व सनातन रीति पंडित जी द्वारा जो अपनाई जाएगी, वो सभी जोड़ों के लिए मान्य होगी। संस्था पूर्व में भी कई सामूहिक विवाह समारोह के माध्यम से 160 बेटियों की शादी करा चुकी है। इसके अलावा अलायंस क्लब पल सिटी हार्ट द्वारा रक्तदान शिविर, हेल्थ चेकअप कैंप, नेत्रदान आदि कार्य करती रहती है।

# मेले में सभी वर्गों के 120 लोगों ने उठाया योजनाओं का लाभ

## कल्याण विभाग ने पलवल के पुराना जीटी रोड पर स्थित राजकीय माध्यमिक स्कूल नंबर-04 में लगाया मेला

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**जन** मानस के कल्याणार्थ कल्याण विभाग की ओर से जिला के विभिन्न गांवों के सरकारी स्कूलों में लगाए गए मेलों में विमुक्त घुमंतु सहित सभी वर्गों के लोगों को लाभान्वित किया गया। इन मेलों में समाज कल्याण, कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, राजस्व विभाग, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, चुनाव विभाग, क्रिड विभाग आदि के कर्मचारियों ने स्टॉल लगाकर जनमानस को सरकार की ओर से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया। इसी कड़ी में पलवल के पुराना जीटी रोड पर स्थित राजकीय माध्यमिक स्कूल नंबर-04 में सभी वर्गों के लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में सभी वर्गों के करीब 120 लोगों ने पहुंचकर लाभ उठाया। सभी जन सामान्य वर्ग के लिए आयोजित किए गए इस मेले में आधार कार्ड संशोधन के 15, जन्म प्रमाणपत्र के चार, नए आधार कार्ड के तीन, फैमिली आइडी संशोधन के 10, फैमिली आइडी में पेंशन संशेधन के 18, फैमिली आइडी में नाम, राशन कार्ड व आय संबंधी के 45 आवेदनों पर कार्य किया गया। इसके अतिरिक्त मेले में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने करीब 25 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यकतानुसार निशुल्क दवा भी दी।

उल्लेखनीय है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग और अंत्योदय विभाग द्वारा जिला के विमुक्त घुमंतु वर्ग व सभी वर्गों के नागरिकों को सरकार की ओर से क्रियान्वित की जा रही योजना, परियोजनाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से सुबह 10 बजे से दोपहर बाद चार बजे तक मेलों का आयोजन किया गया। पहले दिन विमुक्त घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु वर्ग तथा दूसरे दिन उसी स्थान पर सभी वर्गों के लोगों के लिए इन मेलों का आयोजन किया गया। संबंधित वर्गों के लोगों ने अपने निर्धारित दिवस के दौरान इन मेलों में आकर लाभ भी उठाया। एडीसी साहिल गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कल्याण विभाग की ओर से जिला के सरकारी स्कूलों में लगाए गए इन मेलों के पहले दिन विमुक्त घुमंतु जाति वर्ग के लोगों को लाभान्वित किया गया तथा दूसरे दिन उसी स्थान पर मेला आयोजित करके सभी वर्गों के पात्र लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया। मेले में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा परियोजनाओं व नीतियों के बारे में जानकारी भी दी गई। उन्होंने बताया कि इन मेलों में जिला कल्याण विभाग की योजनाओं के साथ-साथ आधार कार्ड, परिवार पहचान-पत्र, वोटर कोर्ड, बिजली बिल, वृद्धावस्था पेंशन, आयुष्मान कार्ड जैसी सुविधाओं का लाभ प्रदान किया गया। मेले में समाज कल्याण, कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, राजस्व विभाग, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, क्रिड विभाग आदि संबंधित विभागों के कर्मचारियों ने स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा दी जा रही सेवा-सुविधाओं अथवा योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया।

# किसान उन्नत तकनीक से खेती करें : अजीत सिंह तोमर



## धानुका एग्रीटेक के सभी उत्पाद फसलों के लिए सुरक्षित

**पलवल।** धानुका एग्रीटेक अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र सिहौल पलवल में एकीकृत कृषि प्रणाली एवं फसल विविधीकरण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धानुका एग्रीटेक के प्रेसिडेंट अजीत सिंह तोमर, हरियाणा बागवानी विभाग के पूर्व निदेशक डॉ. बीएस सहरावत, दीपक वर्मा, राजेश फोगाट, डॉ. भारद्वाज, जितेंद्र कुमार, मनोज कुमार, विश्वास वैभव, वीरेंद्र कुमार, राजेश कुमार भी मौजूद थे। धानुका एग्रीटेक के प्रेसिडेंट अजीत सिंह तोमर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान उन्नत तकनीक से खेती करें। उन्होंने कहा कि यूरोप के देशों में किसान उन्नत तकनीक से खेती कर आर्थिक रूप से मजबूत बन रहे है। किसानों को पोली हाऊस लगाकर खेती करनी चाहिए। उन्नत किस्म के बीजों का प्रयोग करने से पैदावार में 25 से 30 फीसदी तक बढोतरी होती है। उन्होंने कहा कि धानुका एग्रीटेक के सभी उत्पाद फसलों को सुरक्षित बनाने के लिए बनाए गए हैं। कीटनाशक, फफंदनाशक, ग्रोथ प्रमोटर्स और खरपतवार नाशक के प्रयोग से फसलों के उत्पादन में बढोतरी हो रही है। डॉ. बीएस सहरावत ने किसानों को कृषि में फसल विविधीकरण का योगदान को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। किसान ड्रोन के माध्यम से खेतों में कीटनाशकों का छिड़काव कर रहे हैं। जिससे महज कुछ ही मिनटों में छिड़काव का काम पूरा हो जाता है और किसानों को किसी प्रकार की कोई समस्या भी नहीं होती है।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 16 दिसंबर, 2023



# नए मुख्यमंत्री
## भाजपा की रणनीति

**नए मुख्यमंत्रियों के चयन** में भाजपा ने रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाते हुए सामाजिक समीकरणों पर ज्यादा ध्यान दिया है। हालिया विधानसभा चुनाव परिणामों की तरह राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में नए भाजपा मुख्यमंत्रियों का चयन कम आश्चर्यजनक नहीं है। उनके नामों से भारतीय जनता पार्टी-भाजपा की रणनीति पर चर्चा गरम हुई है जिसके अंतर्गत वरिष्ठ लोगों को किनारे कर दूसरी कतार वाले नए चेहरों को सामने लाया जा रहा है। राज्यस्तरीय नेताओं के चयन में इस दृष्टिकोण से भाजपा का विकसित होता प्रशासनिक फार्मूला सामने आ रहा है, जहां निष्ठा, संगठनात्मक अनुभव व सामाजिक संकेत प्रमुख भूमिका निभाते हैं। परिपक्व नेताओं के स्थान पर तीन राज्यों में नए चेहरे लाने का निर्णय लीक से हट कर है जिनमें मध्य प्रदेश में 18 साल से शासन कर रहे शिवराज सिंह चौहान भी शामिल हैं। पार्टी की अग्रणी पंक्ति में रहे ये कद्दावर नेता अचानक स्वयं को हाशिए पर पा रहे हैं, लेकिन उनमें असंतोष या असहमति के कोई संकेत नहीं हैं। यह परिवर्तन भाजपा आलाकमान की सुनियोजित योजना के आधार पर है जिसके अंतर्गत नई ऊर्जा और परिदृश्य वाले नेतृत्व को शामिल किया जा रहा है। इन नियुक्तियों से ऐसे उम्मीदवारों की पसंद भी स्पष्ट होती है जो प्रधानमंत्री व गृह मंत्री के आदेश क्रियान्वित करने के अधिक उपयुक्त हों। 'समर्थकों' को प्रमुख पदों पर रखने का यह विचार केन्द्र के एजेंडे व राज्यों के नेतृत्व में पूर्ण संगति स्थापित करना है क्योंकि आम चुनाव निकट हैं। हालांकि, ऊपर से नीचे की ओर जाने वाली इस निर्णय प्रक्रिया के लाभ और हानि, दोनों हो सकते हैं। इससे प्रशासन सुगम हो सकता है, पर इससे विविधतापूर्ण विचारों तथा रचनात्मक नीति-निर्माण में बाधा भी आ सकती है।



तीन राज्यों में भाजपा की पसंद में सामाजिक संकेतों के प्रति स्पष्ट सतर्कता भी प्रकट होती है। इसे देखते हुए तीनों राज्यों में दो-दो उप-मुख्यमंत्री भी बनाए गए हैं। छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय एक आदिवासी नेता हैं, जबकि मध्य प्रदेश में नए मुख्यमंत्री मोहन यादव एक ओबीसी नेता हैं। सर्वाधिक आश्चर्यचकित करने वाला निर्णय राजस्थान का है जहां चयनित मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा पहली बार विधायक चुने गए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की नजर में वे अंतिम स्थान पर थे, लेकिन वे आरएसएस की पसंद हैं। नए मुख्यमंत्री आमतौर से अलग सामाजिक या जनसंख्या संरचना का प्रतिनिधित्व करते हैं।

उनको इस पद पर बैठा कर समावेशन व प्रतिनिधित्व का रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण संदेश दिया गया है। यह दृष्टिकोण विविधतापूर्ण नेतृत्व की व्यापक राजनीतिक प्रवृत्ति का हिस्सा है ताकि व्यापक मतदाता आधार को आकर्षित किया जा सके। लेकिन चुनौती विविध समुदायों के प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व तथा वास्तविक नीतियों के प्रभाव के बीच संतुलन बनाना है। हालांकि, तुलनात्मक रूप से नए चेहरों वाले नए मुख्यमंत्री प्रतिबद्ध रूप से पार्टी में सेवा करते रहे हैं। इस प्रकार निष्ठा पर जोर देना एक राजनीतिक रणनीति के साथ ही यह सुनिश्चित करने का प्रयास भी है कि वे पार्टी की विचारधारा और लक्ष्यों से जुड़े रहेंगे। भाजपा द्वारा नए मुख्यमंत्रियों के चयन में उसके नेतृत्व की गतिशीलता में रणनीतिक परिवर्तन रेखांकित होता है। पुराने नेताओं को हाशिए पर धकेलने, संगठनात्मक अनुभव पर जोर देने तथा निष्ठा व सामाजिक संकेतों को महत्व देने से स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह का भाजपा में दबदबा लगातार बना हुआ है। इसे एक नई राजनीतिक अवधारणा के रूप में भी देखा जा रहा है।

# लोकतंत्र के लिए अनिवार्य मतदान

अनिवार्य मतदान भारत के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे टैक्टिल वोटिंग और वोटबैंक राजनीति की समाप्ति होकर जमीनी स्तर पर लोकतंत्र और मजबूत हो सकता है।



**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में मतदान प्रतिशत अभी शत-प्रतिशत से बहुत दूर है। ऐसे में अनिवार्य मतदान पर चर्चा तेज हो रही है ताकि टैक्टिल वोटिंग और वोटबैंक राजनीति की समाप्ति होकर लोकतंत्र और मजबूत हो। भारत में अनेक समुदाय तथा राजनीतिक पार्टियां इन व्यवहारों का पालन करती हैं जो लोकतंत्र के जमीनी स्तर तक पहुंचने में एक प्रकार से बाधक है। अनिवार्य मतदान का अर्थ ऐसे कानूनों को प्रभावी बनाना होगा जो सभी सक्षम नागरिकों का पंजीकरण तथा चुनावों में वोट देना जरूरी बना सकें तथा ऐसा करने में विफल रहने वाले लोगों पर जुर्माने का प्राविधान करें। यह प्राविधान इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि दुनिया के अनेक देश इसे लागू कर चुके हैं। वर्तमान समय में 22 देशों ने अनिवार्य मतदान की व्यवस्था की है। इसमें 11 लोकतंत्र हैं। इस प्रकार संयुक्त राष्ट्रसंघ के लगभग 5 प्रतिशत सदस्य देश अनिवार्य मतदान की प्रक्रिया लागू कर रहे हैं।

इतिहास पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि एथेंस के लोकतंत्र ने निर्णय लेने की प्रक्रिया में सभी नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करना उनका कर्तव्य बताया था, पर असेम्बली में उपस्थिति को स्वैच्छिक रखा गया था। कभी-कभी इस प्रक्रिया में सहभागिता न करने वालों की सामाजिक स्तर पर आलोचना होती थी। बेल्जियम में अनिवार्य मतदान व्यवस्था सबसे पुरानी है। पुरुषों के लिए 1893 में अनिवार्य मतदान की व्यवस्था की गई थी और सार्विक महिला मताधिकार की व्यवस्था लागू होने के बाद 1948 में महिलाओं के लिए भी अनिवार्य मतदान की व्यवस्था हो गई थी। 18 वर्ष व उससे अधिक आयु वाले बेल्जियम वासियों तथा पंजीकृत गैर-बेल्जियम वासियों के लिए जरूरी है कि वे मतदान स्थलों पर उपस्थित हों।

यदि वे कम से कम चार चुनावों में वोट देने में असफल रहते हैं तो उनको 10 साल तक मतदान अधिकार सं वंचित किया जा सकता है। मतदान न करने वालों को सरकारी क्षेत्र में नौकरी मिलने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

आस्ट्रेलिया ने 1912 में सभी संघीय चुनावों में मतदान के लिए अनिवार्य पंजीकरण व्यवस्था शुरू की थी। देशी आस्ट्रेलियनों के लिए मतदान की व्यवस्था 1949 में शुरू की गई थी, लेकिन 1984 तक पंजीकरण तथा मतदान रजिस्टर में अपना नाम दर्ज करवाना देशी आस्ट्रेलियनों के लिए अनिवार्य नहीं था। हालांकि, वेनेजुएला और नीदरलैंड ऐसे दो देश हैं जिन्होंने अनिवार्य मतदान से अलग हट कर बाद में स्वैच्छिक सहभागिता की व्यवस्था लागू की है। डेनमार्क और वेनेजुएला में अंतिम अनिवार्य मतदान क्रमशः 1967 और 1993 में हुए थे। इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि कुछ देशों में नागरिक लगातार अनिवार्य मतदान का विरोध कर रहे हैं। ऐसे देशों में ब्राजील सबसे बड़ा देश है जहां अनिवार्य मतदान की व्यवस्था कम से कम राष्ट्रपति चुनाव में 2014 में लागू थी। हालांकि, उस समय भी लगभग 30 मिलियन मतदाताओं या पंजीकृत मतदाताओं के लगभग 21 प्रतिशत ने मतदान में भाग नहीं लिया था। ऐसा इस तथ्य के बावजूद था कि ब्राजील ने मतदान न करने वालों के खिलाफ सर्वाधिक कठोर जुर्मानों की व्यवस्था की है।

भारत ने असाधारण व उल्लेखनीय रूप से अपना लोकतंत्र शुरू करने के समय ही सार्विक वयस्क मताधिकार की व्यवस्था लागू की थी। इस तथ्य पर भी अवश्य ध्यान दिया जाना चाहिए कि 1947 में आजादी के समय भारत की लगभग 80 प्रतिशत जनसंख्या निरक्षर थी। हमारा देश मुख्यतः गांवों में बसता था और उस समय बहुत से गांवों तक पहुंचना आसान नहीं था। इसके साथ ही 1946 से 1948 के बीच उत्तर भारत का बहुत बड़ा हिस्सा हिंसा और रक्तपात का शिकार था। इसका कारण देश का विभाजन था। विभाजन से न केवल बड़ी संख्या में लोगों का जीवन अव्यवस्थित हो गया था, बल्कि प्रशासन भी इससे प्रभावित हुआ था। 1192 में तराइन के दूसरे युद्ध के समय तक पृथ्वीराज चौहान दिल्ली में 1947 के पहले शासन करने वाले अंतिम हिंदू शासक थे। दूसरे शब्दों में कहें तो लगभग 9 शताब्दियों तक वहां हिंदुओं के पास सर्वोच्च स्तर पर शासन करने का कोई अनुभव नहीं था। जहां तक नागरिकों को मताधिकार देने का सवाल है, आधुनिक लोकतंत्रों की माता माने जाने वाले ब्रिटेन में भी शत-प्रतिशत वयस्क पुरुष मताधिकार की शुरुआत 1918 में हुई थी, जबकि महिलाओं को केवल 1928 में ही मताधिकार प्राप्त हो सका था।

स्वतंत्रता सेनानी, भारत को एकजुट करने वाले देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार पटेल व्यावहारिक सोच के व्यक्ति थे। उन्होंने चुनाव नीति के अंतर्गत सार्विक वयस्क मताधिकार की घोषणा की थी। इस बात की भी कल्पना की जा सकती है कि सरदार वल्लभभाई पटेल मतदान के अधिकार को तार्किक रूप से उसकी चरम परिणति तक पहुंचाना चाहते थे। इसका अर्थ अनिवार्य मतदान की व्यवस्था कर उसे लागू करवाना था। सरदार पटेल ने जो भी काम हाथ में लिए उनको चरम परिणति तक पहुंचाया। उदाहरण के लिए, उन्होंने भारत में देशी रियासतों के विलय का बीड़ा उठाया और हैदराबाद को छोड़ कर बाकी सभी देशी रियासतें स्वतंत्रता दिवस तक भारत में विलय कर चुकी थीं। लेकिन विडंबना है कि सरदार पटेल जम्मू कश्मीर के बारे में कुछ नहीं कर सके क्योंकि जवाहरलाल नेहरू ने इस राज्य की जिम्मेदारी स्वयं अपने ऊपर ले ली थी। इसका कारण यह है कि वे स्वयं मूलतः कश्मीरी थे और शेख अब्दुल्ला उनके बहुत नजदीकी मित्र थे।

अनेक अन्य देशों ने भी अनिवार्य मतदान की व्यवस्था लागू की है। अर्जेन्टाइना में यह 1912 से, आस्ट्रेलिया में 1924 से, इक्वेडोर में 1936 से, पेरू में 1933 से व उरूग्वे में यह 1970 से लागू है। इसके साथ ही यह व्यवस्था ब्राजील और सिंगापुर में भी लागू है। यदि सरदार पटेल को ऐसी नीति लागू करने का समुचित समय मिला होता तो भारत में यह व्यवस्था लागू होती। उम्मीद है कि सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यावहारिक अनुयाई अनिवार्य मतदान की इस व्यवस्था को भारत में भविष्य में जरूर लागू करेंगे। केवल जन-जन तक लोकतंत्र के पहुंचने की परोक्ष रूप से विरोधी कोई पार्टी ही अनिवार्य मतदान की इस प्रक्रिया का विरोध करेगी क्योंकि इसे लागू करने पर टैक्टिकल वोटिंग की प्रवृत्ति निरर्थक हो जाएगी।

भारत के लिए इसका विशेष महत्व है। स्वतंत्रता के बाद से ही हम 'वोटबैंक' व खासकर 'अल्पसंख्यक वोटबैंक' की अवधारणा का शिकार बने हुए हैं। सरल भाषा में कहें तो इसका अर्थ धार्मिक रूप से अल्पसंख्यक समुदायों का बड़ी संख्या में वोट देना है, जबकि बहुसंख्यक हिंदू समाज या तो मतदान में ज्यादा दिलचस्पी नहीं लेता है अथवा वह राजनीतिक मुद्दों में ज्यादा दिलचस्पी नहीं लेता है। विडंबना है कि इसके बावजूद नीतियां पसंद न होने पर वह पीड़ित अनुभव करता है। हालांकि, 2014 में चुनाव के बाद से स्थिति में व्यापक परिवर्तन हुआ है, पर हम किसी भी तरह स्पष्ट रूप से यह नहीं कह सकते कि इसका अर्थ उन मतदाताओं में राजनीतिक चेतना का संचार है जो देश में मतदाताओं का बहुसंख्य हैं। राजनीति आज भी 'वोटबैंक', खासकर धार्मिक प्रकृति वाले वोटबैंक का गुलाम बनी हुई है। यह स्थिति देश के लिए गंभीर दीर्घकालीन सुरक्षा चिन्ता का कारण भी बनी हुई है। भारत ने पिछले दशकों में इस गंभीर स्थिति का लगातार सामना किया है। हमारे पड़ोसी देशों ने धड़ल्ले के साथ सीमापार से आतंकवाद को प्रोत्साहित किया है। इसमें लिप्त अनेक लोग इस भय के कारण दंड से बच गए हैं कि इसकी प्रतिक्रिया एक खास धर्म के मतदाताओं को उद्वेलित कर सकती है और इसके कारण भावी चुनावों में सत्तारूढ़ दल की संभावनायें बाधित हो सकती हैं।

आतंकवाद को बिना किसी आक्रामक प्रतिक्रिया के सहन करने के कारण भारत को उचित ही 'साफ्ट स्टेट' कहा जाता रहा है। लगातार आतंक का सामना करने के बावजूद हमारे प्रति दुनिया की हमदर्दी नहीं है या वह बहुत कम है। केवल 2014 के चुनाव के बाद मतदान के व्यवहार और सरकार की नीतियों में आमूल परिवर्तन आया है तथा भारत की छवि सुधरी है। इससे भी अनिवार्य मतदान लागू करने की आवश्यकता और उजागर होती है।

# भारत-मालदीव रिश्तों के लिए परीक्षा की घड़ी

> नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व में मालदीव चीन की ओर अनुकूल रूप से झुका हुआ प्रतीत होता है।

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, विदशी मामलों पर टिप्पणीकार हैं)



हिन्द महासागर क्षेत्र में भारत का करीबी सहयोगी, एक ऐसा देश जिसके साथ इसकी समुद्री सीमाएं साझा होती हैं, अपने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व में चीन की ओर अनुकूल रूप से झुका हुआ प्रतीत होता है। मालदीव और भारत के बीच अब तक मधुर संबंध रहे हैं, जिसे श्री मुइज्जू के पूर्ववर्ती इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने मजबूत किया है, जिनका व्यापक रूप से भारत के प्रति झुकाव देखा जाता था। दो घटनाओं ने हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के इस सहयोगी को लेकर नई चिंताएं पैदा कर दी हैं।

सबसे पहले, राष्ट्रपति बनने के बाद अपनी एक विदेशी यात्रा में, श्री मुइज्जू ने तुर्किये का दौरा करने और अंकारा में एक दूतावास स्थापित करने का फैसला किया। राष्ट्रपति कार्यालय की प्रेस विज्ञप्ति में इसका तर्क दिया गया है कि मालदीव दैनिक जीवन में उपयोग की जाने वाली कई आवश्यक वस्तुओं और अन्य महत्वपूर्ण वस्तुओं को तुर्किये से आयात कर रहा है और मालदीव में तुर्की के निवेश को प्रोत्साहित करने और मालदीव के सामानों के निर्यात के अतिरिक्त प्रयासों के हिस्से के रूप में है। इसके अलावा, उच्च शिक्षा के लिए तुर्किये में पढ़ने वाले मालदीव के छात्रों और तुर्किये की यात्रा करने वाले मालदीव पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

दूसरा, मालदीव ने अपने उपाध्यक्ष हुसैन मोहम्मद लतीफ को चीन प्रायोजित चीन-हिंद महासागर क्षेत्र फोरम ऑन डेवलपमेंट कोऑपरेशन (आईओआरएफडीसी) में भेजा, जबकि पहले इसी तरह के मंच हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) में किसी भी समवर्ती इशारे को नजरअंदाज कर दिया था। उपराष्ट्रपति ने आईओआरएफडीसी को अपने संबोधन के दौरान चीन के साथ घनिष्ठ संबंध विकसित करने के संबंध में विशेष उल्लेख किया। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, मालदीव के हालिया विकास में चीन महत्वपूर्ण रहा है और इसने सामाजिक विकास, शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जन-केंद्रित रणनीति के प्रति दोनों देशों की ठोस साझा प्रतिबद्धता को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि मालदीव के हाल ही में नवनियुक्त राष्ट्रपति महामहिम डॉ. मोहम्मद मुइज्जू और उनका प्रशासन आपसी सम्मान और साझा लक्ष्यों की नींव पर बने चीन और मालदीव के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को मजबूत करने के लिए समर्पित हैं। अब इन दोनों घटनाओं को, जब भारत के नजरिए से देखा जाता है, तो चिंताएं पैदा होती हैं, क्योंकि तुर्की और चीन दोनों ही भूमि और महासागर पर भारत के अद्वितीय सुरक्षा हितों के प्रति अनुकूल नहीं रहे हैं। निश्चित रूप से, पिछले कुछ वर्षों से मालदीव में भारत विरोधी बयानबाजी चल रही है, श्री मुइज्जू के शोर-शराबे वाले राजनीतिक अभियान के दौरान यह और भी अधिक बढ़ गया है। भारत विरोधी अभियान 2020 में प्रमुखता से सामने आया, जिसका मुख्य कारण मालदीव में भारतीय सैन्य उपस्थिति की मामूली उपस्थिति थी। हालाँकि, विपक्षी दलों के लिए इसे इस रणनीतिक द्वीप देश की संप्रभुता के खिलाफ चिंता का विषय बनाने के लिए पर्याप्त था।



लगभग दो दशक पहले इसी तरह की भावना तत्कालीन नेता अब्दुल्ला यामीन अब्दुल गयूम के नेतृत्व में माले और हिंद महासागर में स्थित अन्य पड़ोसी द्वीपों पर गूंज उठी थी, जिन्होंने चीन से लाभ उठाने के लिए अपने सहयोगियों के साथ भारत विरोधी नारे लगाए थे। मालदीव रणनीतिक रूप से व्यस्त हिंद महासागर समुद्री व्यापार मार्ग में स्थित है और इसका भूगोल इसे किसी भी देश के लिए एक रणनीतिक स्थान बनाता है, जो समुद्री भू-राजनीति पर उचित अधिकार चाहता है। द्वीप देश की सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुछ हवाई स्टेशनों की निगरानी के लिए कुछ भारतीय सैन्य कर्मियों की उपस्थिति ने भारत-मालदीव द्विपक्षीय संबंधों में दरार पैदा कर दी है।

श्री मुइज्जू और भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने दुबई में उच्च स्तरीय जलवायु शिखर सम्मेलन के मौके पर मुलाकात की। दुबई से लौटने पर उन्होंने कहा, पद की शपथ लेने के बाद अपनी पहली बैठक में भी, मैंने बहुत स्पष्ट रूप से बताया था कि हम मालदीव में विदेशी सैन्य टुकड़ियों को नहीं चाहते हैं... हमारे सभी संचारों में, भारत इसे समायोजित करने के लिए सहमत हुआ है।

नेताओं की बैठक के बाद भारतीय प्रेस विज्ञप्ति में किसी भी पेचीदा मुद्दे का जिक्र नहीं किया गया, हालांकि पहले सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने मालदीव के नागरिकों के लोकतांत्रिक निर्णय का सम्मान करने का संकेत दिया था, जिसका अर्थ है कि भारत मुइज्जू के साथ काम करने को इच्छुक हो सकता है। सरकार और द्विपक्षीय संबंधों को खराब न होने दें। भारत ने अब तक अपने पड़ोस-प्रथम दृष्टिकोण को बनाए रखा है और ऐसा लगता है कि वह अपने दक्षिण-दक्षिण दृष्टिकोण को जारी रखने के लिए इच्छुक है।

## आप की बात

### युद्धविराम का समर्थन

**इज़राइल-हमास युद्ध** को लेकर संयुक्त राष्ट्रसंघ में युद्धविराम के पक्ष में वोट देकर भारत ने उचित ही संदेश दिया है। एक सीमा से लंबा और घातक युद्ध किसी के भी हित में नहीं और मानवता के खिलाफ है। पहले भारत ने इस मामले में वोट नहीं दिया था और खुद को वोटिंग से दूर रखा था। लेकिन अब युद्धविराम के पक्ष में वोट देकर भारत ने यह भी जाता दिया है कि वह देश, काल, समय व परिस्थितियों के अनुसार अपने फैसले लेने को स्वतंत्र है और किसी के भी दबाव में नहीं आता है। युद्धविराम का यह प्रस्ताव मिस्र ने रखा था जिसके साथ भारत के परंपरागत मैत्री संबंध हैं। इस प्रकार भारत ने अरब देशों को भी संदेश दिया है कि वह दुनिया में हमेशा मानवता के पक्ष में तथा युद्धों के खिलाफ खड़ा रहेगा। पश्चिम एशिया में युद्धविराम होने के साथ ही इज़राइल-फिलिस्तीन विवाद हमेशा के लिए शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने का प्रयास होना चाहिए। सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इज़राइल और फिलिस्तीन के दो-देशों का विचार दुनिया के सामने रखा था जिसका अमेरिका समेत अनेक देशों ने समर्थन भी किया है। इस प्रस्ताव पर शांतिपूर्ण वार्ताओं के माध्यम से आगे बढ़ने का प्रयास अवश्य किया जाना चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### संसद पर हमला

**बाइस साल पहले** 13 दिंसबर के दिन देश की संसद पर आतंकी हमला हुआ था। इसी दिन कुछ नौजवानों ने दु:साहस दिखाते हुए संसद व सांसदों की सुरक्षा पर आतंकी हमला किया। हालांकि वारदात को अंजाम देने वालेआरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जा रही है। सवाल है कि नीलम, सागर, मनोरंजन और अमोल के पीछे कौन से लोग हैं क्योंकि हमले के पहले संसद की कई बार रेकी की गई तथा आरोपी पहले से एक-दूसरे से जुड़े थे। मीडिया के अनुसार, एक आरोपी कथित साम्यवादी सुभाष सभा नामक एनजीओ से जुड़ा था तथा महिला इसके पहले कई आंदोलनों में भाग ले चुकी है। हो सकता है कि उनमें व्यवस्था अथवा सत्तारूढ़ दल के प्रति गुस्सा तथा अपनी स्थितियों के प्रति निराशा हो, लेकिन लोकतंत्र में इस प्रकार दु:साहस करने की अनुमति किसी को नहीं दी जा सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी ऐसा दु:साहस करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा है कि अपराधियों से सख्ती से निपटा जाएगा। विश्वास है कि लोकसभा अध्यक्ष सभी राजनीतिक दलों से विचार-विमर्श कर संसद की सुरक्षा मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाएंगे।

– **निधि जैन,** गाजियाबाद

### जाति-गणना

**बिहार** से शुरू हुआ जाति गणना का मुद्दा कांग्रेस ने हाथों हाथ लपक कर इसे इंडिया गठबंधन का मुद्दा बना दिया। मगर तीन राज्यों के चुनाव में हार के बाद स्पष्ट है कि आम लोगों ने इसे कोई महत्व नहीं दिया है। यदि 2024 के चुनाव में यह मुद्दा उभरा तो भी इससे बीजेपी को कोई कठिनाई नहीं होगी क्योंकि वह स्वयं भी इसका समर्थन कर रही है। कर्नाटक में जाति-गणना के आंकड़े जारी नहीं करने से लोगों के मन में जाति-गणना पर कांग्रेस की दोहरी नीति समझ में आ गई है। वैसे भी मोदी की देश में केवल चार जातियों-महिला, युवा, किसान और गरीब की अवधारणा ने नहले पर दहले का काम किया है। भाजपा ने मध्य प्रदेश में ओबीसी व छत्तीसगढ़ में आदिवासी को मुख्यमंत्री बना कर जातीय समीकरण सुधारने पर ध्यान दिया है। मध्य प्रदेश में मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाने से सपा और राजद बहुत परेशान हैं क्योंकि इससे भाजपा अखिलेश और तेजस्वी के यादव वोटबैंक में बड़े पैमाने पर सेंधमारी कर सकती है। मोदी सभी गरीबों को विकास योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कृत संकल्प दिख रहे हैं, भले ही उनकी जाति-धर्म कुछ भी हो।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### ओआईसी का विलाप

**धारा 370** हटाने के केन्द्र सरकार के निर्णय पर सुप्रीम कोर्ट की मोहर लग जाने पर इस्लामिक सहयोग संगठन-ओआईसी द्वारा चिन्ता व विरोध जताना भारत के आन्तरिक विषयों में हस्तक्षेप है। ओआईसी को सोच लेना चाहिए था कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। वैसे भी धारा 370 एक अस्थाई व्यवस्था थी जिसे समाप्त करने का अधिकार भारत के राष्ट्रपति के पास था। धारा 370 को अक्टूबर 1949 में जोड़ते समय ही प्रावधान किया गया था कि भारत का राष्ट्रपति जम्मू-कश्मीर विधानसभा की बिना सहमति के भी इसे समाप्त कर सकता है। जम्मू-कश्मीर के महाराजा जयसिंह ने बिना शर्त अपने राज्य के भारत संघ में विलय किया था। सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ इन सभी मुद्दों पर विचार कर चुकी है। यह धारा बने रहने का कारण पूर्ववर्ती सरकारों की तुष्टीकरण व परिवारवादी नीतियां थीं जिनका लाभ मुख्यतः अब्दुल्ला व महबूबा परिवार को मिल रहा था। ओआईसी को देखना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर के बहुसंख्य मुसलमानों ने इसे समाप्त करने का स्वागत किया है जिससे उनकी प्रगति के मार्ग खुले हैं।

– **नरेन्द्र टोंक,** मेरठ

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

# समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप अध्ययन बढ़ाएं संस्थान

## ● मुख्यमंत्री योगी ने महायोगी गोरखनाथ विवि में तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'बायोनेचर कॉन-2023' का किया शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों या अन्य शिक्षण संस्थानों को टापू या तटस्थ बने रहने की बजाय समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। उच्च शिक्षण संस्थानों को चाहिए वे समाज की व्यावहारिक आवश्यकताओं के अनुरूप अध्ययन बढ़ाएं। व्यावहारिक आवश्यकताओं को समझने के लिए सिर्फ पुस्तकीय ज्ञान पर निर्भर रहने की बजाय फील्ड में अनुभव हासिल करने और रिसर्च पर ध्यान देना होगा। सीएम योगी शुक्रवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय व फार्मेसी संकाय के संयुक्त तत्वावधान एवं ट्रांसलेशन बायोमेडिकल रिसर्च सोसायटी के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहे थे। एडवांसेज एंड ऑपर्चुनिटीज इन ड्रग डिस्कवरी फ्रॉम नेचुरल प्रोडक्ट्स 'बायोनेचर कॉन-2023' विषयक संगोष्ठी के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नवाचार और अनुसंधान से तटस्थ होने के कारण भारत पिछड़ गया था और यहां के शिक्षण संस्थान डिग्री बांटने के केंद्र तक सीमित हो गए थे। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ सालों में इस दिशा में सुधार के प्रयास हुए तो अब अच्छे परिणाम दिखाई दे रहे हैं।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुनिया में प्राकृतिक संसाधनों से पारंपरिक चिकित्सा भारत की देन है। वर्तमान समय मे इसे आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने कई विभागों के बीच आपसी समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि आपसी आयुर्वेद, फार्मेसी, बायो केमिस्ट्री, कृषि जैसे कई विभागों के समन्वय से प्राकृतिक संसाधनों से चिकित्सा को एक नई ऊंचाई मिल सकती है। उन्होंने कहा कि कृषि से जुड़े लोग प्राकृतिक संसाधनों से औषधि बनाने के क्षेत्र में बहुत योगदान दे सकते हैं। प्राकृतिक संसाधनों से बनने वाली औषधियों की क्वालिटी पर फोकस करने के साथ पैकेजिंग पर भी पूरा ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद की दवा पुड़िया बांधकर देने से रोगी को ही विश्वास नहीं होता जबकि यही दवा टैबलेट के रूप में उसका विश्वास बढ़ाती है। दवाओं को इसी अनुरूप में तैयार और पैक करना होगा। सीएम योगी ने कहा कि सरकार ललितपुर में दो हजार एकड़ में फार्मा पार्क बना रही है। मेडिकल डिवाइस पार्क को विकसित करने पर भी तेजी से काम चल रहा है। मुख्यमंत्री ने डाटा संग्रहण को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि डॉक्टर और नर्स रोगियों से जुड़े विभिन्न आंकड़ों को संग्रहित कर उसे एक बड़े शोध का आधार बना सकते हैं।

राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि एरोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ जी. सतीश रेड्डी ने कहा कि पूरा विश्व एक बार फिर आरोग्यता व रोग निदान के लिए प्राकृतिक संसाधनों से बनीं औषधियों को तेजी से अपना रहा है। प्राकृतिक संसाधनों से बनने वाली दवाओं के प्रति भारत के लिए यह अवसर है क्योंकि भारत के हर गांव में पौधों, पत्थरों और यहां तक कि मिट्टी के रूप में औषधियोग्य प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध हैं।

संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ. जीएन सिंह ने कहा कि प्राचीन काल में भारत अपनी संस्कृति के साथ विज्ञान और अनुसंधान के लिए विख्यात था। गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में योगी आदित्यनाथ ने संस्कृति, विज्ञान और अनुसंधान की इसी परिकल्पना को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के रूप में साकार दिया है। आभार ज्ञापन महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने किया जबकि मुख्य अतिथि का स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर अभिवादन कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के समीप यूनियन बैंक की शाखा और एटीएम का भी उद्घाटन किया।

# पोस्टमार्टम में लापरवाही के आरोप में बदायूं सीएमओ निलंबित

## ● महिला के शव की आंखे गायब होने के प्रकरण की जांच के बाद हुई कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पोस्टमार्टम** के बाद महिला के शव की आंखें गायब होने के प्रकरण पर लापरवाही उजागर होने पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बदायूं के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रदीप वार्ष्णेय को निलंबिल कर दिया है। डॉ. प्रदीप को महानिदेशक कार्यालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, लखनऊ से संबद्ध कर दिया गया है। महिला के शव का प्रथम बार पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सकों एवं अन्य कार्मिकों का विवरण जुटाने के लिए बरेली के अपर निदेशक को निर्देशित किया गया है।

बदायूं के कुतराई गांव निवासी गंगाचरण की बेटी पूजा की शादी करीब नौ माह पूर्व हुई थी। पिता का आरोप है कि ससुराल वाले दहेज के लिए पुत्री को परेशान कर रहे थे। रूपयों की मांग करते थे। आरोप लगाया कि उनकी पुत्री की हत्या सुसराल वालों ने कर दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उस वक्त शव की दोनों आंखें थीं। परिजनों का आरोप है कि पोस्टमार्टम के बाद जब शव का बैग खोला तो उसमें पूजा की दोनों आंखे नहीं थीं। आरोप है कि लालच में शव का अपमान कराया गया। परिजनों ने जिलाधिकारी से शिकायत की। बीती 11 दिसंबर को अपर जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई। त्रिस्तरीय जाँच समिति ने 12 दिसंबर को रिपोर्ट तैयार की। जिसमें पोस्टमार्टम टीम दोषी पाई गई। बदायूं के सीएमओ ने अपने दायित्वों का निवर्हन सजग होकर नहीं किया था।

# 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' ग्रामीणों को जोड़ने का माध्यम

**लखनऊ।** 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के साथ जन-जन के मन से जुड़ रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा हर गांव में पहुंचकर लाभार्थियों का सम्मान और विभिन्न योजनाओं से अब तक छूटे हुए पात्र व्यक्तियों की सूची तैयार करते हुए आत्मनिर्भर भारत का मंत्र लेकर आगे बढ़ रही है। गरीब को आवास, पेयजल, रोजगार, चिकित्सा, सुरक्षा, शिक्षा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के साथ यात्रा देश के विकास में सबकी भागीदारी के लिए सबको जोड़ रही है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता यात्रा के गांव में पहुंचने से एक दिन पूर्व स्थानीय नागरिकों के साथ स्वच्छता अभियान भी चला रहे है और यात्रा से ग्रामीणों को जोड़ने का माध्यम भी बन रहे है। प्रदेश महामंत्री व विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश इस यात्रा के प्रदेश संयोजक है। जबकि प्रदेश मंत्री बसन्त त्यागी व शंकर लोधी सहसंयोजक है।

# योगी ने परखी पीएम मोदी के कार्यक्रम की तैयारी, स्वर्वेद महामंदिर का किया निरीक्षण



**पीएनएस।** लखनऊ/ वाराणसी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को चौबेपुर के उमरहा स्थित स्वर्वेद महामंदिर धाम पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी दौरे के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने यहां पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंदिर प्रबंधन और जिले के आला अधिकारियों संग कार्यक्रम की रूपरेखा के आधार पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने वाराणसी आगमन के दौरान स्वर्वेद महामंदिर धाम के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री यहां महामंदिर के लोकार्पण के साथ ही जनता से संवाद भी करेंगे। इस दौरान 25000 कुंडी स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का भी आयोजन होगा। आयोजन में मंदिर से जुड़े तीन लाख श्रद्धालु मौजूद रहेंगे। स्वर्वेद महामंदिर धाम बिना कमरों का सात मंजिला विशाल भवन है। बेहतरीन स्टोन मार्बल और अत्याधुनिक लाइटें इस महामंदिर की सुंदरता बढ़ाती हैं।

# यमुना प्राधिकरण के विकास कार्यों की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

## ● एक्सप्रेसवे के जंक्शन बिन्दु पर चार लूप, चार रैम्प एवं चार अतिरिक्त रैम्प बनाये जाने का किया शिलान्यास

**लखनऊ/गौतमबुद्धनगर।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में औद्योगिक सेक्टरों यथा सेक्टर 28, 29, 32 तथा 33 का सघन भ्रमण किया। उन्होंने यमुना प्राधिकरण द्वारा सेक्टर 28 में विकसित किए जा रहे देश के सबसे बड़े मेडिकल डिवाइस पार्क के अंतर्गत किए जा रहे हैं विकास एवं निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति समीक्षा की। मुख्य सचिव ने मेडिकल डिवाइस पार्क के विकास कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। मेडिकल डिवाइस पार्क के साथ.साथ मुख्य सचिव को अपैरल पार्क क्लस्टर, सेक्टर 32 व सेक्टर 33 के क्लस्टर के निर्माण कार्यों की प्रगति से भी अवगत कराया गया। मुख्य सचिव द्वारा सेक्टर 32 में स्थापित सूर्य ग्लोबल कंपनी प्लांट का भ्रमण भी किया गया। प्लांट पर प्रिया गोल्ड ग्रुप के निदेशक शेखर अग्रवाल द्वारा मुख्य सचिव का स्वागत किया गया तथा प्लांट के उत्पादों तथा मशीनरी के संबंध में अवगत कराया गया।



मुख्य सचिव द्वारा साईट विजिट के बाद यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के कार्यालय में प्राधिकरण के विकास कार्यों की समीक्षा की गयी। मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा प्रस्तुतीकरण में मास्टर प्लान 2041 के संबंध में जानकारी दी गयी, प्राधिकरण की नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर को चोला रेलवे स्टेशन तक जोड़ने की योजना के संबंध में अवगत कराया, साथ ही प्राधिकरण की वित्तीय स्थिति व प्राधिकरण द्वारा चलायी गयी योजनाओं की जानकारी भी दी गयी। इसके अलावा मथुरा में हेरिटेज सिटी व अलीगढ़ में लॉजिस्टिक पार्क योजनाओं हेतु किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया। मुख्य सचिव द्वारा इंडस्ट्रियल सेक्टर में वर्कर्स के लिये आवास का भी प्रावधान करने के लिये निर्देशित किया गया।

मुख्य सचिव ने यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में सघन भ्रमण के दौरान यमुना एक्सप्रेसवे एवं ईस्टर्न पेरीफेरियल एक्सप्रेसवे के ट्रैफिक को सुगम यातायात उपलब्ध कराने के लिये यमुना एक्सप्रेसवे एवं ईस्टर्न पेरीफेरियल एक्सप्रेसवे के जंक्शन बिन्दु पर चार लूप, चार रैम्प एवं चार अतिरिक्त रैम्प बनाये जाने का शिलान्यास किया। मुख्य सचिव द्वारा साईट विजिट के बाद यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के कार्यालय में प्राधिकरण के विकास कार्यों की समीक्षा की गयी। मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा प्रस्तुतीकरण में मास्टर प्लान 2041 के संबंध में जानकारी दी गयी, प्राधिकरण की नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर को चोला रेलवे स्टेशन तक जोड़ने की योजना के संबंध में अवगत करायाए साथ ही प्राधिकरण की वित्तीय स्थिति व प्राधिकरण द्वारा चलायी गयी योजनाओं की जानकारी भी दी गयी। इसके अलावा मथुरा में हेरिटेज सिटी व अलीगढ़ में लॉजिस्टिक पार्क योजनाओं हेतु किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया।

# सीएम योगी ने राजस्थान के नए मुख्यमंत्री को दी बधाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राजस्थान में शपथ लेने वाले भाजपा के नए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को बधाई और शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने बधाई संदेश में उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और भाजपा के नए मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में राजस्थान समग्र विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित करेगा। इस दौरान सीएम योगी ने राजस्थान में शपथ ग्रहण करने वाले दोनों उपमुख्यमंत्रियों को भी बधाई दी। सीएम योगी ने राजस्थान में शपथ ग्रहण समारोह के बाद नए मुख्यमंत्री बने भजनलाल शर्मा को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, भजनलाल शर्मा को राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने की हार्दिक बधाई। मुझे आशा ही नहीं, पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और आपके (सीएम भजनलाल शर्मा) कुशल नेतृत्व में राजस्थान समग्र विकास एवं सुशासन के नए आयाम स्थापित करेगा। वहीं सीएम योगी ने राजस्थान में शपथ लेने वाले दोनों उप मुख्यमंत्रियों को भी बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, दिया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को राजस्थान के उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने की हार्दिक बधाई। आप दोनों के सफल व उज्जवल कार्यकाल के लिए अनंत मंगलकामनाएं।

# सीएम ने की दिवंगत जवान के परिजनों को 50 लाख रुपए आर्थिक सहायता की घोषणा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छत्तीसगढ़ में कर्तव्य पालन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए जनपद गाजीपुर निवासी बीएसएफ के जवान अखिलेश कुमार राय को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत जवान के परिजनों को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने अखिलेश कुमार राय के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा जनपद की एक सड़क का नामकरण दिवंगत जवान अखिलेश कुमार राय के नाम पर करने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत जवान अखिलेश कुमार राय के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। प्रदेश सरकार द्वारा दिवंगत जवान के परिवार को हर सम्भव मदद प्रदान की जाएगी।

# उत्तर प्रदेश पुलिस ने किया गोतस्करी के अपराधों में कमी आने का दावा

**लखनऊ।** प्रदेश पुलिस ने गोवध एवं गोतस्करी के अपराधों में कमी आने और ऐसे अपराधों में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी का प्रतिशत बढ़ने का दावा किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा अपराध, अपराधियों एवं माफियाओं के विरूद्ध जीरो टॉलरेन्स नीति तथा अपराध की रोकथाम एवं अपराध होने पर उसके शीघ्र अनावरण एवं गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए प्रदेश पुलिस द्वारा समय-समय पर विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं। गोवध एवं गोतस्करी के अपराधों में प्रभावी नियन्त्रण के लिए वर्ष 2017 से अब तक पंजीकृत अभियोगों में संलिप्त अपराधियों का सत्यापन कराकर सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई किए जाने के लिए 27 अक्टूबर 2023 से 25 दिवसीय अभियान चलाकर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की गई। जिसके फलस्वरूप ऐसे अपराधों में कमी आई है। गोवध के अपराधों में वर्ष 2021 व वर्ष 2022 के सापेक्ष 2023 में कमशः 25 प्रतिशत व 18 प्रतिशत की कमी आई है। गो तस्करों के विरुद्ध लगातार वैधानिक कार्रवाई की गई। जिसके फलस्वरूप 2021 व 2022 के सापेक्ष 2023 में गिरफ्तारी में कमशः 29 प्रतिशत व 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने किया यूपी जोड़ो यात्रा का सांकेतिक शुभारम्भ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आगामी** 20 दिसम्बर से सहारनपुर से आरम्भ हो रही कांग्रेस की 'यूपी जोड़ो यात्रा' का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय करेंगे। उसी कड़ी में अजय राय जी वाराणसी में पदयात्रा और प्रमुख दर्शनीय स्थलों में दर्शन-पूजन कर शुक्रवार को 'यूपी जोड़ो' की सफलता की कामना करते हुए उसका सांकेतिक शुभारंभ किया। यह यात्रा सहारनपुर से आगामी 20 दिसम्बर से आरम्भ होगी। भाजपा की विभाजनकारी नीतियों के विरुद्ध कांग्रेस जन-जन और घर-घर जोड़ने के लिए संकल्पित है। वाराणसी में दर्शन-पूजन कार्यक्रम का संयोजन जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल व महानगर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे ने किया। डॉ. सीपी राय ने बताया कि अजय राय शुक्रवार को प्रातः 11 बजे लहुराबीर आवास (कैम्प कार्यालय) से कांग्रेसजनों संग पैदल यात्रा करते हुए बड़ा गणेश जी, काल भैरव जी, नीचीबाग गुरुद्वारा में शीश नवाते हुए बाबा विश्वनाथ जी का




दर्शन पूजन करते हुए गिरजाघर चर्च में शीश नवाते हुए बेनियाबाग दरगाह पर चादरपोशी करते हुए चेतगंज होते हुए प्रदेश में अमन, चैन, शांति, भाईचारा की कामना करते हुए लहुराबीर पहुचे। पटेल के पुण्यतिथि पर उन्हें प्रदेश अध्यक्ष ने श्रद्धांजलि अर्पित किया व संपूर्ण यात्रा के दौरान पटेल के चित्र को कांग्रेसजन अपने हाथों में लेकर चल रहे थे।

अजय राय ने कहा की प्रदेश के जनपद सहारनपुर से आगामी 20 दिसम्बर से 'यूपी जोड़ो यात्रा' आरम्भ होगी जिसका उद्देश्य भाजपा की विभाजनकारी नीतियों के विरुद्ध कांग्रेस जन-जन और घर-घर जोड़ने के लिए संकल्पित है। राष्ट्रीय एकता अखण्डता शांति सदभाव प्रेम भाईचारा और राष्ट्रीयता की प्रबल भावना जगाने बढ़ाने तथा समस्त प्रदेशवासियों को धर्म पंथ क्षेत्र भाषा सम्प्रदाय समुदाय एवं जाति-वर्ग गत संकीर्णताओं से ऊपर उठकर संगठित होने जुड़ने व जोड़ने के व्यापक उद्देश्यों को लेकर कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत 'यूपी जोड़ो यात्रा' का शुरुआत हो रही है।

# बढ़ती महंगाई के चलते किसानों को नहीं मिल रहा फसलों का लागत मूल्यः अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों और उपेक्षा से किसान बेहाल है। किसानों के लिए खेती घाटे का सौदा बनकर रह गयी है। धान, गन्ना, गेहूं, मूंगफली, आलू सभी फसलों के किसान परेशान है। बढ़ती महंगाई के चलते किसानों को फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार ने किसानों की आय दुगुना करने का वादा किया था लेकिन उसका वादा झूठ और हवाई साबित हुआ। भाजपा की केन्द्र और प्रदेश की सरकार अब किसानों की बात भी नहीं करती है। किसानों का धान नहीं खरीदा गया। खरीद केन्द्रों पर लम्बी-लम्बी लाइने है। हजारों किसान इस सर्दी में परेशान है। खरीद केन्द्रों पर कोई इंतजाम नहीं है। कई खरीद केन्द्र तो खुले ही नहीं।

मूंगफली किसान संकट से गुजर रहे हैं। क्रय केन्द्र मूंगफली किसानों का बकाया भुगतान नहीं कर रहे हैं। भुगतान के लिए किसान क्रय केन्द्रों के चक्कर काटने पर मजबूर है। भाजपा सरकार में गन्ना किसान तो पूरी तरह भगवान भरोसे है। भाजपा सरकार ने गन्ना किसानों को धोखा दिया। पिछले दो सालों से गन्ना का मूल्य नहीं बढ़ाया गया। गन्ने की खेती की लागत बढ़ रही है। गन्ना किसानों को



नुकसान हो रहा है। लेकिन सरकार को उनकी कोई चिंता नहीं है। गन्ना किसानों का हजारों करोड़ रुपए चीनी मिलों पर बकाया है। सरकार के साथ मिली भगत कर चीनी मिले किसानों का पैसा दबाए बैठी है। भाजपा सरकार किसानों की नहीं बड़े पूंजीपतियों की हमदर्द है। भाजपा सरकार को कम्पनियों के बिचौलियों के मुनाफे की फिक्र है। सरकारी खरीद केन्द्रों पर किसानों के फसल की एमएसपी पर खरीद नहीं हो रही है। किसान अपनी फसल को मजबूरन औने-पौने दामों पर बेचने को विवष हो रहा है। यही वजह है कि आज किसानों पर कर्ज बढ़ता जा रहा है। भाजपा सरकार की उपेक्षा से नाराज किसान 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार को सबक सिखाएगा।

# देश के वर्तमान स्वरूप को गढ़ने में सरदार पटेल की बड़ी भूमिकाः भूपेन्द्र चौधरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय जनता पार्टी** के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर कृतज्ञ नमन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने जीपीओ परिसर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पार्चन करते हुए कहा कि देश के वर्तमान स्वरूप को गढ़ने में सरदार वल्लभ भाई पटेल की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत के शिल्पकारए राष्ट्रीय एकता और अंखडता के प्रणेता सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति से 565 से अधिक देशी रियासतों का भारत में विलय करके एक भारत.श्रेष्ठ भारत की नीव रखी। भारत की एकता और अखंडता का जो संकल्प सरदार वल्लभ भाई पटेल ने लिया, उस संकल्प को साध्य मानकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर में



लागू संविधान के अनुच्छेद 370 को समाप्त करके देश की शक्ति से विश्व को परिचित कराया है और लौह पुरूष के स्वप्न को साकार करने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहे है। भारतीय जनता पार्टी श्रद्धेय सरदार वल्लभ भाई के द्वारा प्रशस्त मार्ग के अनुसरण के लिए प्रतिबद्ध है।

# सही लक्ष्य को पहचानना ही कॅरियर की दिशा को तय करेगाः मनमोहन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के द्वारा रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया में उपलब्ध जॉब तथा इंटर्नशिप के अवसरों के विषय में जागरूक करने हेतु संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के दौरान अपने स्वागत उद्बोधन मे डीन, प्रोफेसर ए के सिंह ने कहा कि करियर में सफलता के लिए आत्म.प्रेरणा और आत्म.विश्वास बहुत महत्वपूर्ण हैं। अगर आप खुद पर विश्वास करते हैं तो आप अपनी सीमाएं तय कर सकते हैं और अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए संघर्ष कर सकते हैं।

डीएसडब्ल्यूए लखनऊ विश्वविद्यालय प्रोफेसर संगीता साहू ने अपने उद्बोधन में महिला विविधता पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं का समाज में समर्थन, उनकी विकास क्षमता को बढ़ावा देना, उन्हें उच्च शिक्षा और पेशेवर क्षमता में समर्थ बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। आरबीआई लखनऊ के जनरल मैनेजर मनमोहन ने छात्राओं को विभिन्न मार्गो में सफलता प्राप्त करने हेतु मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन दिया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपका करियर आपके कदमों में है, सिर्फ आगे बढ़ें और सफलता की ऊँचाई प्राप्त करें। सफलता वहाँ मिलती है जहाँ कड़ी मेहनत और सही दिशा की तलाश होती है। उन्होंने कहा कि करियर में सफलता प्राप्त करने के लिएए आपको पहले अपने लक्ष्य को स्पष्ट रूप से निर्धारित करना होगा। संगोष्ठी की वक्ता आकांक्षा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आरबीआई में इंटर्नशिप करने से छात्राओं को केंद्रीय बैंकिंग परिवेश में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा, जो उनके व्यावसायिक विकास में योगदान देगा।

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए बस्ती को मिलेगा अवार्ड

## ● इसी श्रेणी में औरैया को भी मिलेगा पुरस्कार, 18 दिसंबर को नई दिल्ली में

## ● आयोजित कार्यक्रम में मिलेगा दो-दो लाख का पुरस्कार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ बस्ती

**माताओं** और बेटियों के साथ सभी के स्वास्थ्य को लेकर सजगता से कार्य कर रही योगी सरकार को राष्ट्रीय फलक पर एक और उपलब्धि प्राप्त हुई है। उत्तर प्रदेश के बस्ती जनपद को हाई फोकस लार्ज स्टेट्स-मॉडरेट वेल्थ लेवल (उच्च फोकस वाले बड़े राज्य-मध्यम आर्थिक स्तर) श्रेणी के अंतर्गत देश में सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए जनपद औरैया के साथ सातवें जेआरडी मेमोरियल अवार्ड के लिए चयनित किया गया है। पुरस्कार के रूप में जनपद को 2 लाख रुपए की वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी। यह पुरस्कार एक प्रतिष्ठित इंडिपेंडेंट थर्ड पार्टी तकनीकी परामर्श समिति (यूएसएआईडी) की अनुशंसा पर महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले 20 सूचकांकों जैसे किशोरी स्वास्थ्य, पेयजल, सफाई एवं स्वच्छता, जनन स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, महिला संबंधी अपराध, परिवार नियोजन, प्रजनन स्तर इत्यादि में महत्वपूर्ण प्रगति के आधार पर दिया जाता है। जनपद बस्ती को इस क्षेत्र में सार्थक प्रगति प्राप्त हुई है। उल्लेखनीय है कि सातवां जेआरडी मेमोरियल अवार्ड 18 दिसंबर 2023 को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इसमें टाटा संस के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन बस्ती के डीएम आंद्रा वामसी को पुरस्कार प्रदान करेंगे।

बस्ती जनपद के डीएम आंद्रा वामसी ने बताया कि यूएसएआईडी द्वारा राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-16 (एनएफएचएस-4) के सापेक्ष एनएफएचएस-5 (2019-21) एवं सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम के आधार पर और इन मापदंडों पर उन्नति का मूल्यांकन किया गया है, जिसमे जनपद बस्ती का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षों में जनपद में प्रजनन स्वास्थ्य, किशोर स्वास्थ्य, मासिक धर्म स्वच्छता, स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल तक पहुंच, पोषण, प्रसव पूर्व और प्रसवोत्तर देखभाल, एनीमिया में कमी, स्टंटिंग में कमी, टीकाकरण में वृद्धि आदि स्वास्थ्य और जनसांख्यिकीय सूचकांकों में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया है। जिले के चयन के लिए जो पद्धति अपनाई गई और विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के समग्र आंकड़ों को अध्ययन किया गया है, उसमें स्पष्ट रूप से बस्ती ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि सीएम योगी के मार्गदर्शन में जनपद बस्ती की इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली सभी स्वास्थ्य विभाग टीमों और जिला प्रशासन टीम को बहुत.बहुत बधाई देता हूं।

### सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले राज्यों एवं जिलों को सम्मानित करती है संस्था

जेआरडी टाटा द्वारा 1970 में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया संस्था की स्थापना की गई थी, जिसको महिला संवेदनशीलता, जनसंख्या, स्वास्थ्य एवं विकास नीतियों के क्षेत्र में पांच दशकों का शोध अनुभव है। यह संस्था सरकारी व निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों से समावेशित प्रख्यात प्रबंधन परिषद् एवं परामर्श समिति के मार्गदर्शन में कार्य करती है। जेआरडी टाटा के निधन के उपरांत इस संस्था ने राष्ट्रीय स्तर पर जेआरडी मेमोरियल अवार्ड की स्थापना की, जिसके माध्यम से सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले राज्यों एवं जिलों को सम्मानित किया जाता है।

# मतदाता सूची में महिला मतदाताओं का बढ़ाया जाए अनुपातः मंडलायुक्त

● मंडलायुक्त ने पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अधिकारियों के साथ की बैठक



संवाददाता। फतेहपुर

**लोकसभा** सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत मंडलायुक्त प्रयागराज मंडल विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में अधिकारियों के साथ बैठक हुई। उन्होंने निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जनपद में मतदाता जोड़ने, संशोधन एवं विलोपन के फार्म 6, 7 एवं 8 के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होने कहा कि निर्वाचक नामावली में लिंगानुपात का विशेष ध्यान दिया जाये। महिला मतदाताओं का अनुपात और बढ़ाया जाये। राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से मतदाता पुनरीक्षण में आने वाली समस्याओं और सुझाव के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि जो भी समस्याएं है उनका निराकरण भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार कराने के निर्देश संबंधितो को दिए। तत्पश्चात मंडलायुक्त ने निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत बूथों में चल रहे मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन एवं विलोपन के स्थलीय जांच के लिए तहसील सदर के नागा निरंकारी इंटर कालेज के बूथ संख्या 62, 63 एवं तहसील खागा के शुकदेव इण्टर कॉलेज के बूथ संख्या 42, 43 का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान बूथों में अब तक मतदाता जोड़ने, संशोधन एवं विलोपन के फार्म 6, 7 एवं 8 के प्रपत्रो को देखा साथ ही क्षेत्रीय मतदाताओं से मतदाता पुनरीक्षण की जानकारी की। उन्होंने बूथ लेबल अधिकारियो को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार सभी मानकों को पूरा करते हुए प्रपत्र भराए जायें। साथ ही मतदाता सूची में डुप्लीकेसी नहीं होने पाए, का विशेष ध्यान दिया जाये।

# यातायात प्रचार रथ को एसपी व एडीएम ने झंडी दिखा किया रवाना



**फतेहपुर।** द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के उद्घाटन समारोह का आयोजन परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह एवं अपर जिलाधिकारी अविनाश त्रिपाठी ने यातायात प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर पखवाड़े का शुभारंभ किया। इसके पहले एसपी उदय शंकर सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यालय के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक कर सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी।

कार्यक्रम में मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका समीर कुमार कश्यप, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, यात्रीकर अधिकारी एवं ट्रक, बस ट्रांसपोर्ट एसोशिएशन के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष तथा स्वयंसेवी संस्थान के प्रतिनिधि एवं एनसीसी कैडेट, सरस्वती विद्या मंदिर रघुवंशपुरम के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एवं यातायात पुलिस ने किया।

# पावरग्रिड महाप्रबंधक व बीएसए ने समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

● 292 स्कूलों में शौचालयों के रखरखाव के लिए पावर ग्रिड ने दिए 1.40 करोड़

संवाददाता। फतेहपुर



**पावरग्रिड** कार्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड ने अपनी कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति के तहत जिले के 292 स्कूलों में शौचालयों का निर्माण कराया था। अब इन शौचालयों के रख-रखाव का जिम्मा भी पावरग्रिड ने लेते हुए चौबीस महीनों के लिए सभी स्कूलों के शौचालयों के लिए एक करोड़ चालीस लाख रूपये के समझौता ज्ञापन पर वरिष्ठ महाप्रबंधक व बीएसए ने हस्ताक्षर किए।

हस्ताक्षर करने के बाद पावरग्रिड कार्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ महाप्रबंधक बीआर आजाद ने बताया कि कंपनी ने जिले के सभी ब्लाकों के 292 स्कूलों में स्वच्छ विद्यालय अभियान के तहत पावरग्रिड ने शौचालयों का निर्माण कराया था। जिनके दो वर्षों के रख-रखाव के लिए भी सहमति जताई थी। जिसके तहत ही आज इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज कुमार यादव ने इस जनुपयोगी कार्य हेतु पावरग्रिड की प्रशंसा की। उन्होने भविष्य में जिला प्रशासन का विकास कार्यों में सहयोग करने का आग्रह किया।

बीएसए ने कहा कि विद्यालयों में स्वच्छता अभियान भी समय-समय पर चलाया जाता है। बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। स्कूलों के बच्चे शौच के लिए बाहर न जायें इसके लिए पावरग्रिड ने शौचालयों का निर्माण कराया है। इन शौचालयों के रख-रखाव का जिम्मा भी पावरग्रिड ने लिया है। चौबीस महीने प्रत्येक स्कूल को दो हजार रूपये प्रतिमाह दिया जाएगा। उन्होने पावरग्रिड के इस प्रयास की जमकर प्रशंसा की।

# निजी नर्सिंग होम में प्रसूता की मौत सूचना पर एसीएमओ ने मारा छापा

**कायमगंज, फर्रुखाबाद।** स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता तथा लापरवाही के कारण आम जनमानस के स्वास्थ्य से हो रही खिलवाड़ का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है ।सीएचसी में कार्यरत एक स्टाफ नर्स द्वारा संचालित निजी नर्सिंग होम में लाई गई प्रसूता की उपचार में बर्ती गई लापरवाही के कारण दुखद मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार प्रेमनगर की निवासी 25 वर्षीय प्रसूता रीना पत्नी विवेक को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन आशा रवीना के साथ उपचार के लिए आशा के आश्वासन पर इसी नर्सिंग होम में लेकर पहुंचे थे। आशा रवीना द्वारा ही प्रसूता को मंजुला नर्सिंग होम नई बस्ती में भर्ती कर दिया गया था ।

भर्ती होने के बाद सब कुछ सामान्य चल रहा था । इसी बीच प्रसूता ने एक बच्ची को जन्म दिया । प्रसूता द्वारा बच्ची को जन्म देने के उपरांत अचानक उसकी हालत खराब हो गई । हालत गंभीर देखकर अपनी बला डालने की गरज से नर्सिंग होम संचालक द्वारा प्रसूता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवा दिया गया । सीएचसी पहुंची प्रसूता को ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर अमरेश ने मृत घोषित कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंजुला नर्सिंग होम स्टाफ नर्स मंजुला का ही बताया जा रहा है।

सर्व विदित है कि स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता तथा लापरवाही के कारण क्षेत्र में मानक विहीन बिना उचित प्रशिक्षण प्राप्त डॉक्टर के ही कई नर्सिंग होम संचालित हैं । जो आए दिन लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। प्रसूता रीना की मौत की खबर मिलते ही अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कायमगंज नई बस्ती मोहगे में स्थित मंजुला नर्सिंग होम पर छापा मारा। जिससे हड़कंप मच गया। छापा पडने की सूचना मिलने पर मानक विहीन चल रहे कई नर्सिंग होम संचालक खासे परेशान नजर आ रहे थे। वहीं बहुत से लैब संचालक दुकानें बंद कर मौके से चले गए।

# यातायात जागरूकता रैली को एएसपी ने दिखाई हरी झंडी



**फर्रुखाबाद।** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट से सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत यातायात जागरूकता रैली का शुभारम्भ किया गया। जिसमे लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जनपद में 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक सड़क सुरक्षा जागरूकता के कार्यक्रमों आयोजन किया जाएगा। कायमगंज विधायक डॉ. सुरभि के साथ ही जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह , अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह नें द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारम्भ कर सड़क सुरक्षा जागरूकता वाहन तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं व आमजनमानस के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द मिश्रा, एआरटीओ वीके चौधरी, यातायात प्रभारी रजनेश यादव आदि रहे।

# करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या के विरोध में क्षत्रिय जन आक्रोश चेतना रैली का आयोजन

● महाराणा प्रताप स्मारक ट्रस्ट ने चौकी चौराहों पर किया प्रदर्शन

संवाददाता। बरेली



**महाराणा** प्रताप स्मारक ट्रस्ट की अध्यक्षता ऋषि पाल सिंह के नेतृत्व में सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में इकट्ठे होकर करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेठी की हत्या के विरोध में किया धरना प्रदर्शन क्षत्रिय जन आक्रोश चेतना रैली का आयोजन के बाद चौकी चौराह पर पुतला फूंका।कहा कि राजस्थान में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेठी की घर में घुसकर कायराना अंदाज से की गयी नृशंस हत्या से देश भर का क्षत्रिय समाज आक्रोशित है तथा चाहते है कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ऐसे मामलो में ऐसी पारदर्शी व्यवस्था करें जिससे अपराधियों में भय व्याप्त हो और समाज का प्रत्येक वर्ग स्वयं को सुरक्षित महसूस करें।

हम मांग करते है कि सुखदेव सिंह गोगामेटी की हत्या की पारदर्शी विवेचना कराकर फास्ट ट्रैक कोर्ट में विचारण कराकर दोषियों को कठोर सजा दिलायी जाये।इस तरह की घटनाओ को रोकने के लिए स्थाई नीति बनायी जाये, किसी भी प्रभावशाली सामाजिक प्रतिष्ठा वाले व्यक्ति द्वारा सुरक्षा की गुहार किये जाने पर 24 घन्टे में कार्यवाही अमल में लाकर सम्बन्धित व्यक्ति व उसके सम्बद्ध संगठन को अवगत कराये । घटना से प्रभावित परिवार व साक्षियों को समुचित सुरक्षा प्रदान की जाय दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वर सिंह संरक्षक एमपी सिंह, जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह, जयवीर सिंह, प्रधान सर्वेश्वर पाल सिंह, धीरेन्द्र वीर सिंह उर्फ धीरू, राकेश चौहान, विक्रान्त चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### पुखरायां में भगवान श्री जगन्नाथ की डोली यात्रा कल

**पुखरायां। कानपुर देहात।** श्री ओमर वैश्य सेवा समिति पुखरायां की ओर से आगामी 17 दिसंबर दिन रविवार को भगवान श्री जगन्नाथ की डोली यात्रा निकाली जाएगी। श्री ओमर वैश्य सेवा समिति पुखरायां के अध्यक्ष बालकृष्ण ओमर ने बताया कि दोपहर 12 बजे शहनाई विला मीरपुर से डोली यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा और सायंकाल चार बजे स्थानीय सुआबाबा मंदिर परिसर में यात्रा संपन्न होगी। यात्रा के दौरान जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। वहीं समापन प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। इस मौके पर संतोष कुमार गुप्त, बिहारीलाल गुप्त समेत समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 445 जोड़ों का विवाह



**बरेली।** बरेली में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत दोपहर 2 बजे बरेली क्लब में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 500 गरीब जोड़े की शादी होनी थी जिसमे 500 गरीब जोड़े शादी के बंधन में बंधे। बता दें कि इस कार्यक्रम में पहले दिन मीरगंज , फरीदपुर के जोड़ो के विवाह कराये गए। इस मौके पर डीएम रविन्द्र कुमार , मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, वनमंत्री अरुण कुमार , मीरगंज विधायक डीसी वर्मा के साथ कई अन्य लोगों ने नव दंपतियों को अपना आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के निष्कासन पर प्रदर्शन

**फतेहपुर।** दिल्ली विश्वविद्यालय के जाकिर हुसैन कालेज में कार्यरत प्रोफेसर डा. लक्ष्मण यादव के अलावा अन्य प्रोफेसरों को उनकी सेवा से हटाये जाने के विरोध में शुक्रवार को संयुक्त सामाजिक एकता मंच के बैनर तले विभिन्न संगठनों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तत्पश्चात उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर सभी प्रोफेसरों की पुनः नियुक्ति किए जाने की मांग की। विभिन्न संगठनों के लोगों ने राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में कहा कि विगत छह दिसंबर को दिल्ली विश्वविद्यालय के जाकिर हुसैन कॉलेज में कार्यरत प्रोफेसर डॉ लक्ष्मण यादव एवं अन्य प्रोफेसरों को उनकी सेवा से हटा दिया गया है। जोकि कई वर्षों से लगातार शिक्षण कार्य कर रहे थे। उन पर किसी भी प्रकार का कोई दोष नहीं है और न ही उन्हें किसी भी प्रकार की नोटिस दी गई है। बिना किसी पूर्व सूचना के उन्हें उनके पद से निष्कासित कर दिया जाना किसी भी तरह से न्याय संगत नहीं है।

### फर्रुखाबाद महोत्सव रजत जयंती के रूप में मनाया जायेगा

**फर्रुखाबाद।** पिछले कई सालों से बंद चल रहे फर्रुखाबाद महोत्सव को पुनः कराये जाने को लेकर जिला प्रशासन नें कमर कस ली है। जिसकी तैयारी की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में फर्रुखाबाद महोत्सव को रजत जयंती वर्ष समारोह मनाया जाने एवं तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिसमे महोत्सव को भव्यता प्रदान करनें के लिए बिंदु बार चर्चा की गयी। विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य नें कहा कि आगामी वर्ष से फर्रुखाबाद महोत्सव का आयोजन स्थापना दिवस से किया जाये।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मां बेटी की मौत

**बरेली।** बेटी के साथ भतीजे की मोटरसाइकिल पर बैठकर मायके से अपने घर लौट रही महिला और उसकी बेटी की ट्रक की चपेट में आकर मौत हो गई जबकि बाइक चला रहा उसका भतीजा और एक बच्चा बाल बाल बच गया पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। भोजीपुरा थाना क्षेत्र में अटामाडा टांडा मार्ग पर आज दोपहर हुई सड़क दुर्घटना में भोजीपुरा के गांव शेडा निवासी राकेश कुमार की पत्नी मीना और बेटी सुशीला की मौत हो गई जबकि बाइक चला रहा मीना का भतीजा चमन और एक बच्चा बच्चा बाल बाल बच गये पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के घर वालों ने बताया कि जब उनकी बाइक टांडा अटामाडा मार्ग पहुंची तेजी से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी।

### लोहारी के जनता दर्शन में आई फरियादियों की भीड़

**फतेहपुर।** जिला पंचायत सदस्य एवं युवा भाजपा नेता अजय सिंह रिंकू लोहारी के बारह मील कार्यालय में हर माह की पंद्रह तारीख को लगने वाले जनता दर्शन में फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। रिंकू लोहारी ने बताया कि जनता दर्शन में कमलेश पासवान के घर बनाने की समस्या बताने पर तत्काल थानाध्यक्ष एवं लेखपाल से बात कर तत्काल हल करने को कहा गया। नौगांव की रोली की 2021 में पिता की मृत्यु हो जाने के उपरांत उसकी मां को विधवा पेंशन एवं नाबालिग भाई बहन को मुख्यमंत्री बाल कल्याण योजना का फार्म भराया गया। ग्राम भगला का पुरवा, भरसरी, मिर्जापुर भिटारी से कलावती को विधवा पेंशन एवं गरीब मजदूर गुलाब को राशन कार्ड का फार्म भरवाया गया।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पखवाड़े के तहत जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता। बरेली




**मोनिका** राणा जिला प्रोबेशन अधिकारी बरेली की अध्यक्षता में महिला कल्याण विभाग की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पखवाड़ा के तहत (जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन) किया गया।

उक्त कार्यक्रम में मोनिका राणा जिला प्रोबेशन अधिकारी बरेली, जिला कार्यक्रम अधिकारी बरेली बाल विकास एवम पुष्टाहार विभाग बरेली, सोनम शर्मा महिला कल्याण अधिकारी बरेली,केन्द्र प्रबंधक चंचल गंगवार वन स्टॉप सेंटर, सौरभ गंगवार डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर चाइल्ड लाइन, रिया सिंह व नीरज , राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्ष बिंदु सक्सेना राष्ट्रीय महामंत्री नरेंद्र पाल कृष्ण स्वरूप सक्सेना शिल्प,समस्त स्टाफ वन स्टॉप सेंटर एवम पुलिस चौकी स्टाफ एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती को बुलाया गया और सुमंगला योजना को समझाया कार्यक्रम में विधि विशेषज्ञ नरेंद्र पाल ने विभिन्न अधिनियमों जैसे यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो अधिनियम 2012 , बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम, और उनके कार्य बताएं वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, हेल्पलाइन नम्बर्स 112 पुलिस हेल्पलाइन,181 महिला हेल्पलाइन नंबर,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर,1090 वूमेन पॉवर हेल्पलाइन नंबर,1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर,102 गर्भवती महिलाओं हेतु एम्बुलेंस,108 पब्लिक हेल्पलाइन नंबर आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी, सोनम शर्मा महिला कल्याण अधिकारी राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्ष बिंदु जी राष्ट्रीय महामंत्री नरेंद्र पाल आदि समस्त वन स्टाफ सेंटर का स्टाफ मौजूद रहा।

# दो महिलाओं से टप्पेबाजी कर उड़ा ले गये जेवर

**संडीला, हरदोई।** कोतवाली संडीला के अंतर्गत ग्राम मलेहरा बहादुरपुर मार्ग पर दो महिलाओं से ई-रिक्शा में टप्पेबाज़ी की गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सेमराखुर्ग थाना बघौली निवासी पूनम अपनी भतीजी चांदनी के साथ अपने किसी रिश्तेदार के घर जा रही थी। ग्राम मलेहरा के पास बहादुरपुर गांव जाने के लिए वे एक ई-रिक्शा में सवार हुईं। उस ई-रिक्शा में तीन महिलाएं और बैठी थीं। भगवान बुद्ध इंटर कॉलेज से कुछ पहले तीनों महिलाएं ई-रिक्शा से नीचे उतर गयीं। इसी बीच जब पूनम ने देखा कि उसका और उसकी भतीजी चांदनी दोनों के पर्स खुले हुए है। पर्स में रखे दोनों के चांदी के आधा दर्जन जेवर जबकि सोने के 2 जेवर गायब थे। यह देखकर महिलाओं ने शोर मचाया, तो तमाम लोग जमा हो गए और उन्होंनें इस मामले की सूचना पुलिस को दी।

# केयर टेकर ने तीन मासूमों को शौचालय में किया बंद, सूचना पर न हुई कार्रवाई

**संडीला, हरदोई।** अमानवीयता की सीमा लांघते हुए सामुदायिक शौचालय के केयर टेकर ने तीन मासूमों को थप्पड़ मारकर शौचालय में बंदकर ताला लगा दिया। तीन घण्टे के बाद इन बच्चों को निकाला जा सका।

घटना ग्राम अतरौली की है। प्राथमिक विद्यालय अतरौली में पढ़ने वाले 6 वर्षीय अंश पुत्र महेन्द्र, 8 वर्षीय सौरव पुत्र जगदीश और 7 वर्षीय सैफ पुत्र मुन्ना सुबह लगभग 8 बजे इस शौचालय में पहुंचे और शौच करने लगे। यह देखकर इस शौचालय का केयर टेकर गोविंद आग बबूला हो गया और उसने थप्पड़ मारकर तीनों बच्चों को शौचालय में ही बंद कर ताला लगा दिया और चला गया। शौचालय में बंद होने के बाद इन बच्चों ने रोना चिल्लाना शुरू किया। इन बच्चों की आवाज़ें सुनकर रास्ते से गुज़र रहे सरवन, अशोक, प्रदीप, रामचरन, शाहिद आदि वहां रुके और अंदर झांक कर देख तो बच्चों की आवाजें आ रहीं थीं और बाहर ताला लगा था। इन लोगों ने बच्चों से बाहर से ही पूछकर सारी घटना की जानकारी ली और फिर केयर टेकर गोविंद को ढूंढना शुरू कर दिया। काफी देर के बाद गाविदं मिला। तब तक दिन के 11 बज चुके थे और बच्चे रो-रोकर हलकान हो चुके थे। गोविंद ने ताला खोला, तक जाकर यह बच्चे बाहर निकले।

गोविंद से जब लोगों ने उसके इस कृत्य के लिए अपत्ति व्यक्त की तो शर्मिंदा होने के बजाए उसने कहा कि यह बच्चे आखिर शौचालय में आते ही क्यो हैं? जब मना करने के बाद बच्चे नहीं माने तो उसने इन बच्चों को शौचालय में बंद कर दिया। दूसरी ओर इस मामले से नाराज़ बच्चों के अभिभावकों ने बीडीओ रीता सिंह के समक्ष यह मामला उठाया। रीता सिंह ने बताया कि वे इस मामले की जांच कराकर आवश्यकतानुसार कार्रवाई करेंगी।

# खेलकूद प्रतियोगिता में माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने दिखाए जौहर



**पुखरायां, कानपुर देहात।** युवा कल्याण एवं प्रदेशिक विकास दल की ओर से शुक्रवार को विकास खंड अमरौधा के सर्वोदय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरांय में खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें कई गावों के बच्चों ने प्रतिभाग किया।

सर्वोदय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक लक्ष्मणदास ने रिबन काटकर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ कराया। पूर्व प्रधान एवं विद्यालय के शिक्षक प्रमोद कुमार यादव, पीआरडी के स्वयंसेवक वीरसिंह, विकास यादव समेत उपस्थित पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रथम दिवस सब जूनियर वर्ग की प्रतियोगिताएं संपन्न करायी गईं। बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में खुशी और बालक वर्ग में परवेश ने प्रथम स्थान हासिल किए। वहीं बालिका वर्ग 800 मीटर दौड़ में खुशी और बालक वर्ग में रवि ने प्रथम स्थान प्राप्त किए। जबकि लम्बीकूद बालक वर्ग में रवि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कब्बड्डी बालिका वर्ग प्रतियोगिता में सर्वोदय पूर्व माध्यमिक विद्यालय की टीम विजयी रही।

क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अरविंद कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने बताया कि जूनियर और सीनियर वर्ग की प्रतियोगिताएं आज संपन्न करायी जाएंगी।

# बिल्हौर स्टेशन पर चार एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद-कानपुर अनवरगंज रेल खंड के विल्हौर स्टेशन पर चार साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव किए गए। यह जानकारी आज शुक्रवार को पूर्वोत्तर रेलवे इ%जतनगर मंडल के सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि रेल प्रशासन ने पूर्वोत्तर रेलवे के फर्रुखाबाद -कानपुर अनवरगंज रेलखंड के मध्य चलने वाली कानपुर सेंट्रल- आनंद विहार (टर्मि) साप्ताहिक एक्सप्रेस14151 आगामी 17 दिसंबर 2023 से विल्हौर रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियों के लिए रुकेगी। इसी क्रम में आनंद विहार (टर्मि) से कानपुर सेंट्रल तक चलने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस 14152 आगामी 18 दिसंबर 2023 से बिल्हौर स्टेशन पर रेल यात्रियों के लाभार्थ रुकेगी। उन्होंने बताया कि 19410 साप्ताहिक एक्सप्रेस गोरखपुर सेअहमदाबाद जाने वाली18 दिसंबर 2023 से तथा आगामी 22 दिसंबर 2023 से अहमदाबाद से गोरखपुर जाने वाली 19409 साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव भी रेल यात्रियों के लाभार्थ रेल प्रशासन नेअग्रिम आदेशों तक के लिये किए हैं।

# असलहे व नगदी समेत तीन टप्पेबाजों को किया गिरफ्तार



**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के मार्गदर्शन व सदर क्षेत्राधिकारी डॉ. प्रियंका बाजपेई के पर्यवेक्षण में कोतवाली गुरसहायगंज व कन्नौज कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा बैंक चेकिंग के दौरान तीन संदिग्ध लोगों के पास से हजारों रुपए की नगदी व असलहे बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया।

शुक्रवार को गुरसहायगंज कोतवाली निरीक्षक जेपी शर्मा सदर कोतवाली निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी, उपनिरीक्षक आनंद कुमार मिश्रा, अजब सिंह, विनय शर्मा, कांस्टेबल राजेंद्र सिंह, मोनू कुमार, अविनाश चंद्र दुबे, प्रशांत कुमार, अमन कुमार द्वारा बैंक चेकिंग के दौरान तीन संदिग्ध युवक पुलिस बल देखकर अचानक भाग खड़े हुए जिन्हें आवश्यक बल प्रयोग कर दबोच लिया गया। उनके पास से दो अवैध तमंचे व चार कारतूस, एक बंडल नुमा पैकेट जिसमें एक 500 रुपये का नोट सबसे ऊपर और नीचे बीच में रुपए के आकार की समाचार पत्रों की गड्डी, मुकदमे से संबंधित 48500 की नगदी व सोने की अंगूठी सहित एक अन्य मुकदमें से संबन्धित 30300 रुपये की नगदी व थाना सौरिख में एक मुकदमें से संबन्धित 4500 रुपये की नगदी व चोरी की घटना में प्रयुक्त हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल बरामद की है।

# 15 से 31 दिसंबर तक द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़े का हुआ शुभारम्भ



संवाददाता। कन्नौज

**विधायिका** छिबरामऊ अर्चना पाण्डेय, जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल व पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनंद द्वारा 15 दिवस का सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान का शुभारम्भ किया गया व तिर्वा क्रोसिंग से यातायात प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें शीत ऋतु में घने कोहरे के कारण सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढने को लेकर भारी वाहनों जैसे गन्ने का ट्रैक्टर,ट्रक, ट्राला बस आदि वाहनों पर रिफ्लेक्टर अवश्य लगाने हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान मौजूद जनप्रतिनिधि व अधिकारियों नें परिवहन, पुलिस, लोक निर्माण, चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग को कार्य योजना बनाकर पखवाड़े को सफल बनाए जाने के निर्देश दिए। सुरक्षा सड़क पर बिना लाइसेंस व फिटनेस के वाहनों की जांच की जायेगी, बसों के स्पीड कंट्रोल डिवाइस की जांच, चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस व वर्दी की जांच, निगम एवं अनुबंधित बसों में रिफ्लेक्टिव टेप लगायें, चालकों को रात में बस संचालन के दौरान हेडलाइट के हाईबीम प्रयोग के संबंध में जानकारी देना जैसी गतिविधियों को सुनिश्चित कराया जाएगा। परिचालकों को नशा न करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

रैश ड्राइविंग पर नियंत्रण के लिए मार्ग पर बसों का औचक निरीक्षण तथा चालकों की काउंसिलिंग के साथ ही समस्त चालकों की सड़क सुरक्षा के संबंध में काउंसिलिंग एवं प्रशिक्षण के अंतर्गत सीएमवीआर रुल्स तथा वर्तमान परिस्थितियों में एक्सप्रेस-वे व अन्य हाईवेज पर बस के सुरक्षित संचालन, लेन ड्राइविंग ओवरटेकिंग, ब्रेकिंग आदि की जानकारी दी जायेगी। इस दौरान एआरटीओ इज्या तिवारी, यातायात प्रभारी व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# अदालतें न्याय का मंदिर हैं, इसके द्वार हमेशा खुले रहने चाहिए : जस्टीस कौल

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय किशन कौल ने शुक्रवार को कहा कि अदालतें न्याय का मंदिर हैं और इसके द्वार वादियों के लिए हमेशा खुले रहने चाहिए क्योंकि कोई आम नागरिक जब शीर्ष अदालत तक पहुंचता है तो वह मुकदमा लड़ते-लड़ते काफी थक चुका होता है। न्यायमूर्ति कौल शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में छह साल और 10 महीने से अधिक के कार्यकाल के बाद 25 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। उन्होंने अपने अंतिम कार्य दिवस पर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) द्वारा आयोजित विदाई समारोह में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अदालतें न्याय का मंदिर हैं और इसके द्वार वादियों के लिए हमेशा खुले रहने चाहिए। उच्चतम न्यायालय मुकदमे के लिए आखिरी विकल्प होता है और वादी खासकर जब इस (सर्वोच्च) अदालत में पहुंचते हैं तब तक वे मुकदमा लड़ते-लड़ते थक चुके होते हैं। हालांकि वकील और न्यायाधीश उनके लिए मौजूद रहते हैं। शीर्ष अदालत में अपने दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि यह सर्वोच्च न्यायालय की देन है कि न्याय तक पहुंच हर समय निर्बाध रही है। उन्होंने कहा, अपने विवादों के समाधान के लिए इस अदालत का दरवाजा खटखटाने वाले वादियों के सामने आने वाली चुनौतियां न्याय प्रदान करते समय हमारे दिमाग में सबसे अहम होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक न्यायाधीश के रूप में अनुभव हासिल किया।

### उच्च न्यायालयों के कॉलेजियम ने अब तक 201 न्यायाधीशों की रिक्तियां भरने की अनुशंसा नहीं की: सरकार

**नई दिल्ली।** न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए उच्च न्यायालय कॉलेजियम द्वारा भेजे गए 123 प्रस्तावों में से 81 सरकार के स्तर पर प्रक्रिया के विभिन्न चरण में है। विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को लोकसभा को यह सूचित किया। मेघवाल ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह भी बताया कि शेष 42 प्रस्ताव उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम के विचाराधीन है।उन्होंने यह भी कहा कि शेष 201 रिक्तियों के संबंध में उच्च न्यायालय के कॉलेजियम से सिफारिशें अभी नहीं मिली है। मेघवाल ने कहा, 12 दिसंबर तक 123 प्रस्ताव प्रक्रिया के अलग अलग चरणों में है। इन 123 प्रस्तावों में से 81 प्रस्ताव सरकार के स्तर पर प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में है। 42 प्रस्ताव उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम के पास विचाराधीन है। विधि मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, एक दिसंबर को 25 उच्च न्यायालयों के लिए।,114 न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या में से 324 रिक्तियां थी।



नगांव जिले में एक सनबर्ड सूरज के धूप का आनंद लेती हुई

## अनुच्छेद 226 के तहत याचिकाएं उच्चतम न्यायालय में लाने पर प्रधान न्यायाधीश ने सवाल खड़ा किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को टिप्पणी की कि दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल (एलजी) के बीच हर विवाद को शीर्ष अदालत में क्यों लाया जाना चाहिए। इसके साथ ही न्यायालय ने दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) को अपनी शिकायत लेकर उच्च न्यायालय का रुख करने को कहा। डीसीपीसीआर ने अपनी निधि को कथित तौर पर रोके जाने को लेकर उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने कहा, यह क्या हो रहा है, दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच हर विवाद अनुच्छेद 226 के तहत एक याचिका के रूप में यहां आ रहा है। संविधान का अनुच्छेद 226 कुछ रिट (परमादेश) जारी करने की उच्च न्यायालयों की शक्ति से संबंधित है। पीठ ने डीसीपीसीआर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन से कहा, दिल्ली उच्च न्यायालय जाइए। हमें यहां (अनुच्छेद) 32 के तहत याचिका पर विचार क्यों करना चाहिए। शंकरनारायणन ने कहा कि आयोग द्वारा दाखिल याचिका दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच अब तक शीर्ष अदालत में आए अन्य विवादों से थोड़ी अलग है। उन्होंने कहा, यह एक आयोग है और आयोग का पैसा रोक दिया गया है। प्रधान न्यायाधीश ने उन्हें बताया कि शीर्ष अदालत ने व्यापक संवैधानिक मुद्दों से संबंधित याचिकाओं पर विचार किया है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, अब उच्च न्यायालय जाएं। शंकरनारायणन ने अपनी दलील रखते हुए कहा कि आयोग के पैसे को रोका नहीं जा सकता। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच का मामला हर दो दिन में यहां आ रहा है। बस मार्शल योजना बंद कर दी गई और हमें (अनुच्छेद) 32 के तहत एक याचिका मिली। शंकरनारायणन ने कहा कि डीसीपीसीआर एक स्वतंत्र आयोग है और इसके सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि फिलहाल आयोग नए सिरे से उच्च न्यायालय जाने की स्थिति में नहीं है। याचिका का निपटारा करते हुए पीठ ने कहा कि याचिका को संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत याचिका के रूप में पुन: क्रमांकित किया जाएगा।

# अयोध्या में मस्जिद की आधारशिला अगले साल रखे जाने की संभावना

**भाषा।** मुंबई



**अयोध्या में** मस्जिद मोहम्मद बिन अब्दुल्ला की आधारशिला अगले साल रखे जाने की संभावना है और समारोह के लिए संतों, पीर एवं मौलवियों को आमंत्रित किया जाएगा। परियोजना से जुड़े लोगों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस मस्जिद के निर्माण का काम इंडो-इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन (आईआईसीएफ) को सौंपा गया है। अयोध्या मस्जिद विकास समिति के अध्यक्ष हाजी अरफात शेख ने कहा कि जब मस्जिद अगले पांच से छह वर्षों में तैयार हो जाएगी, तो मक्का मस्जिद में नमाज का नेतृत्व करने वाले इमाम-ए-हरम सहित सभी देशों के शीर्ष मौलवियों को आमंत्रित किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और महाराष्ट्र अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष शेख ने कहा कि मस्जिद प्रतिष्ठित ताज महल से भी अधिक सुंदर होगी। शेख ने कहा, हम आधारशिला रखने के लिए देश भर से संतों और पीरों को आमंत्रित करेंगे, जो अगले साल की शुरुआत में होने की संभावना है। पैगंबर के नाम पर मस्जिद को मोहम्मद बिन अब्दुल्ला नाम दिया गया है। इसका निर्माण अयोध्या से 25 किलोमीटर दूर धन्नीपुर में एक अलग स्थान पर किया जाएगा। यह भूखंड अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद में उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुसलमानों को दिया गया है। इंडो-इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के अध्यक्ष और मुख्य ट्रस्टी जुफर अहमद फारूकी ने कहा, हम अगले साल मस्जिद की आधारशिला रखने की उम्मीद कर रहे हैं और हम समारोह के लिए देश भर से मौलवियों को आमंत्रित करेंगे। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष फारुकी ने कहा, मस्जिद तैयार होने पर हम दुनिया भर से गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित करेंगे। मस्जिद के अलावा मस्जिद विकास समिति ने वहां दंत चिकित्सा, कानून, वास्तुकला और अंतरराष्ट्रीय संबंधों जैसे विभिन्न विषयों के लिए समर्पित कॉलेजों की परिकल्पना की है। शेख ने कहा कि इसके अलावा कैंसर के इलाज सहित दो अस्पताल खोले जाएंगे। साथ ही सभी धर्मों के लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक शाकाहारी सामुदायिक केंद्र भी बनाया जाएगा।

## केरल उच्च न्यायालय ने हादिया मामले में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर कार्यवाही बंद की

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने हादिया के पिता अशोकन द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर कार्यवाही शुक्रवार को बंद कर दी क्योंकि अभियोजन पक्ष के वकील ने अदालत को सूचित किया कि हादिया अपने दूसरे पति के साथ रह रही है। हादिया 2016 में इस्लाम अपनाने और एक मुस्लिम व्यक्ति से विवाह करने के कारण राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में रही थी। उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने यह जानने के बाद याचिका पर कार्यवाही बंद कर दी कि हादिया की पहली शादी खत्म हो चुकी है और उसने दूसरी शादी कर ली है तथा वह तिरुवनंतपुरम के पास अपने दूसरे पति के साथ रह रही है। अभियोजन पक्ष की रिपोर्ट से संतुष्ट होकर अदालत ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर कार्यवाही बंद करने का फैसला किया। रिपोर्ट में संकेत दिया गया था कि हादिया अवैध हिरासत में नहीं है। हादिया के इस्लाम धर्म अपनाने और शफीन जहां नामक व्यक्ति से शादी के कारण विवाद हुआ था। हादिया के परिजनों ने केरल उच्च न्यायालय में यह कहते हुए याचिका दायर की थी कि वे पिछले एक महीने से उसका पता लगाने में असमर्थ हैं। उसके पिता अशोकन ने यह कहते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया कि उन्हें आशंका है कि उनकी बेटी को उसके पति सहित कुछ लोगों ने अवैध रूप से हिरासत में रखा है, जो कथित तौर पर प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़ा है। अशोकन ने उच्च न्यायालय को बताया कि पिछले एक महीने से हादिया का उनसे और उनकी पत्नी से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। उन्होंने दावा किया था कि जब भी उन्होंने अपनी बेटी को फोन किया तो वह या तो फोन रिसीव नहीं कर रही थी या कई मौकों पर मोबाइल फोन बंद आता था। अशोकन ने यह भी दावा किया कि वे मलप्पुरम में हाल में खुले अपनी बेटी के होम्यो क्लिनिक गए थे लेकिन वह बंद मिला और आसपास के लोगों को उसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। हादिया ने कोयंबटूर में मेडिकल की पढ़ाई के दौरान इस्लाम अपना लिया था और 2016 में जहां से शादी की थी। शादी के वक्त हादिया 25 साल की थी।

## डिजिटल साधन पर रहेगा जोर

**मुंबई।** बीएमडब्ल्यू ने भारत में अपने डीलरशिप के लिए नई रिटेल नेक्स्ट अवधारणा पेश की। रिटेल नेक्स्ट एक समग्र तथा प्रगतिशील दृष्टिकोण है जो ग्राहक .केन्द्रीयता, लचीलापन, सस्टेनेबिलिटी, और श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ अनुभव पर केन्द्रित है। यह समग्र दृष्टिकोण न केवल नई डिजाईन पर आधारित है, बल्कि नई पद्धतियों,डिजिटल साधनों, और भूमिकाओं पर केन्द्रित भी है। इसकी बुनियाद एक सतत फिजिटल फिजिकल और डिजिटल जुड़ाव पर आधारित है जिसके केंद्रबिंदु पर ग्राहकों और उत्पादों का सर्वाधिक महत्व है। इस खुदरा बिक्री केंद्र में एक नयी डिजाईन और फ्लोरप्लान लेआउट डीलरशिप में एक सरल, हार्दिक और स्वागत .भाव का उत्कृष्ट वातावरण निर्मित करता है। यह पहला रिटेल नेक्स्ट आगरा में खुला है। विक्रम पावाह प्रेसिडेंट बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि बीएमडब्ल्यू में हम अपने ग्राहकों के लिए हमेशा लग्ज़री एक्सपीरियंस को उन्नत करते रहते हैं।

## सुशांत मौत मामला: अभिनेत्री रिया ने सीबीआई के लुकआउट सर्कुलर के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती ने अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़ी जांच के सिलसिले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से अपने खिलाफ जारी लुकआउट सर्कुलर को चुनौती देने के लिए बंबई उच्च न्यायालय का रुख किया है। राजपूत 14 जून, 2020 को उपनगरीय बांद्रा में अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे, और उनके पिता ने उस वर्ष जुलाई में अभिनेता की महिला मित्र चक्रवर्ती और उसके रिश्तेदारों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए बिहार पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। अपनी याचिका में चक्रवर्ती ने सर्कुलर को रद्द करने का अनुरोध किया है। अभिनेत्री ने एक अलग अर्जी में सर्कुलर को अस्थाई रूप से निलंबित करने का आग्रह किया क्योंकि उन्हें एक पेशेवर कार्यक्रम के लिए विदेश यात्रा करनी है। उनके वकील अभिनव चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को न्यायमूर्ति ए. एस. गडकरी की अध्यक्षता वाली एक खंडपीठ को बताया कि सीबीआई द्वारा प्राथमिकी दर्ज किए जाने और लुकआउट सर्कुलर जारी होने के लगभग तीन साल हो गए हैं, लेकिन आज तक कोई अन्य प्रगति नहीं हुई है। चंद्रचूड़ ने कहा कि सीबीआई ने चक्रवर्ती को न तो कभी समन जारी किया और न ही आरोपपत्र दाखिल किया है। पीठ ने यह जानना चाहा कि क्या चक्रवर्ती ने पहले विदेश यात्रा की थी। इस पर चंद्रचूड़ ने कहा कि मादक पदार्थ से जुड़े मामले में जमानत हासिल करने के बाद चक्रवर्ती को विशेष एनडीपीएस अदालत से विदेश यात्रा की अनुमति मिल गई थी, लेकिन सीबीआई के लुकआउट सर्कुलर के कारण वह ऐसा नहीं कर सकीं। इसके बाद पीठ ने इस मामले की अगली सुनवाई की तिथि 20 दिसंबर तय की।

## शिवकुमार के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी वापस लेने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई स्थगित

**भाषा।** बेंगलुरु

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी वापस लेने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को पांच जनवरी के लिए स्थगित कर दी। महाधिवक्ता ने अदालत को बताया कि याचिका में कई अन्य निर्णयों का हवाला दिया गया है। उन्होंने कहा कि उचित प्रतिक्रिया देने के लिए उनका अध्ययन करने की आवश्यकता है और इसलिए अधिक समय दिया जाए। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की पीठ ने अनुरोध को स्वीकार कर लिया और सुनवाई स्थगित कर दी। याचिका भाजपा नेता और विधायक बसनगौड़ा पाटिल यत्नाल ने दायर की है। सुनवाई के दौरान अदालत ने सवाल किया कि सरकार की कार्वाई से याचिकाकर्ता कैसे प्रभावित हुआ है और याचिका की जगह जनहित याचिका क्यों नहीं दायर की गई। यत्नाल के अधिवक्ता वेंकटेश दलवई ने तर्क दिया कि हालांकि कोई व्यक्तिगत क्षति नहीं हुई है, लेकिन कोई भी व्यक्ति आपराधिक कार्यवाही शुरू कर सकता है। अदालत ने इस तर्क को स्वीकार कर लिया। आयकर विभाग की छापेमारी और प्रवर्तन निदेशालय की जांच के आधार पर, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने डी के शिवकुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए राज्य सरकार से मंजूरी मांगी, जो 25 सितंबर 2019 को दे दी गई थी। सरकार बदलने के बाद, 28 नवंबर 2023 को यह मंजूरी वापस ले ली गई। अनुमति वापस लेने के सरकार के 28 नवंबर के आदेश को अवैध करार देते हुए यत्नाल ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

# कर्नाटक बैंक एक निजी इकाई है, कोई स्टेट नहीं: उच्च न्यायालय

**बेंगलुरु।** संविधान के तहत निजी क्षेत्र का कर्नाटक बैंक कोई सरकारी संस्था नहीं है और इसे वैधानिक या सार्वजनिक कर्तव्य का निवर्हन करने वाला कोई संस्थान या कंपनी करार नहीं दिया जा सकता। यह बात कर्नाटक उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कही। बैंक के खिलाफ दायर एक रिट याचिका को खारिज करते हुए न्यायमूर्ति के वी अरविंद की एकल पीठ ने अपने आदेश में कहा, यद्यपि प्रतिवादी बैंक सार्वजनिक वित्त से जुड़े कार्य में शामिल है और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनियमित है, लेकिन इसे कोई वैधानिक या सार्वजनिक कर्तव्य निभाने वाली संस्था या कंपनी नहीं कहा जा सकता। संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत नहीं आने वाले प्राधिकारों को परमादेश की रिट जारी नहीं की जा सकती। राजेश कुमार शेट्टी द्वारा टी सुब्बाया शेट्टी और कर्नाटक बैंक के खिलाफ याचिका दायर की गई थी, जिसमें उन्हें अपने बैंक खाते से।,24,27,826 रुपए की सावधि जमा राशि निकालने की अनुमति देने का निर्देश देने का आग्रह किया गया था। यह विवाद सुब्बाया शेट्टी द्वारा निचली अदालत में दायर एक मुकदमे से उत्पन्न हुआ, जिसमें यह घोषित करने की मांग की गई थी कि वह गीता टी पुंजा और पी थिमप्पा पुंजा की वसीयत के एकमात्र निष्पादक हैं। नवंबर 2022 में, निचली अदालत ने एक अस्थाई निषेधाज्ञा जारी की थी, जिसमें मुकदमे का निपटारा होने तक किसी भी व्यक्ति को गीता पुंजा और थिमप्पा पुंजा के खातों से पैसा निकालने पर रोक लगा दी गई थी। जब रोक हटा दी गई, तो राजेश कुमार शेट्टी ने व्यक्तिगत आवश्यकताओं के लिए खातों में धन जारी करने के लिए अभिवेदन दायर किया। बैंक ने जवाब दिया कि चूंकि अदालत में मुकदमा लंबित है, इसलिए वह उन्हें पैसे निकालने की अनुमति देने में असमर्थ है। इसके बाद उन्होंने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। उच्च न्यायालय में बैंक का यह विशिष्ट तर्क था कि यहां कोई सार्वजनिक कर्तव्य या कार्य शामिल नहीं है और दूसरा प्रतिवादी (बैंक) भारत के संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत सरकारी संस्था नहीं है, इसलिए बैंक के खिलाफ परमादेश रिट जारी नहीं की जा सकती। उच्च न्यायालय ने भी कहा कि याचिका संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत सुनवाई योग्य नहीं है, क्योंकि दूसरा प्रतिवादी (बैंक) संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत सरकारी संस्था नहीं है।

# अदालत ने धोनी की अवमानना याचिका पर पूर्व आईपीएस को दी कारावास

**भाषा।** चेन्नई



**मद्रास** उच्च न्यायालय ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी जी संपत कुमार को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की ओर से दायर अदालत की अवमानना के एक मामले में शुक्रवार को 15 दिन के कारावास की सजा सुनाई। हालांकि, न्यायमूर्ति एस एस सुंदर और न्यायमूर्ति सुंदर मोहन की खंडपीठ ने सजा को 30 दिन के लिए निलंबित कर दिया ताकि संपत कुमार को सजा के खिलाफ अपील दायर करने का मौका मिल सके। धोनी ने उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के खिलाफ कथित रूप से अवमानना वाले बयान देने के लिए आईपीएस अधिकारी के खिलाफ अदालत की अवमानना का मामला दर्ज कराया था। धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सट्टेबाजी में अपना नाम लिए जाने को लेकर 2014 में मानहानि का मुकदमा दायर किया था और 100 करोड़ रुपए की क्षतिपूर्ति की मांग की थी। इस मुकदमे पर दायर संपत कुमार के जवाबी हलफनामे में न्यायपालिका के खिलाफ की गई टिप्पणियों के लिए उन्हें दंडित करने का आग्रह किया गया था। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि संपत कुमार ने जानबूझकर इस अदालत और उच्चतम न्यायालय को बदनाम करने तथा इनके अधिकार को कम करने का प्रयास किया है।

## देश की अदालतों में पांच करोड़ से अधिक मामले लंबित, उच्चतम न्यायालय में 80 हजार मामले: कानून मंत्री मेघवाल

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश** की विभिन्न अदालतों में पांच करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं, जिनमें उच्चतम न्यायालय में लंबित 80,000 मामले शामिल हैं। यह जानकारी शुक्रवार में लोकसभा को दी गई।

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि एक दिसंबर तक देश की विभिन्न अदालतों में 5,08,85,856 मामले लंबित थे, जिनमें सभी 25 उच्च न्यायालयों में लंबित 61 लाख से अधिक मामले शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जिला और अधीनस्थ अदालतों में 4.46 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं।

मंत्री ने यह भी बताया कि भारतीय न्यायपालिका में न्यायाधीशों की कुल स्वीकृत संख्या 26,568 है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 है, वहीं उच्च न्यायालयों में यह आंकड़ा।,114 न्यायाधीशों का है। जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 25,420 है।

# पेज एक का शेष

## संसद में...

का भी विरोध कर रहा है, जिसमें लोकसभा से 13 और राज्यसभा से एक सांसद शामिल हैं। विपक्षी सदस्य सुरक्षा चूक के मुद्दे पर गृह मंत्री शाह से बयान देने और उसके बाद चर्चा की मांग कर रहे हैं। दोबारा सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होते ही पीठासीन सभापति किरीट सोलंकी ने कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। विपक्ष गृह मंत्री के इस्तीफे के साथ-साथ सदन में उनकी उपस्थिति की मांग कर रहा था। विपक्षी दल भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। सुरक्षा चूक मामले के दो आरोपियों को लोकसभा की दर्शक दीर्घा में प्रवेश करने के लिए सिम्हा की ओर से ही आगंतुक पास देने की सिफारिश की गई थी। विपक्ष के विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी के कारण बृहस्पतिवार और शुक्रवार को निचले सदन में कोई दस्तावेज या समिति की रिपोर्ट पेश नहीं की जा सकी। आपराधिक कानूनों को बदलने वाले तीन विधेयक बृहस्पतिवार और शुक्रवार को सदन के एजेंडे में सूचीबद्ध थे, लेकिन इन्हें चर्चा के लिए नहीं लिया जा सका। संसद की सुरक्षा में चूक मुद्दे पर, राज्यसभा में सूचीबद्ध कामकाज निलंबित कर तत्काल चर्चा कराने की मांग सभापति जगदीप धनखड़ की ओर से खारिज किए जाने के बाद विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया, जिसकी वजह से सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। दोपहर दो बजे उच्च सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद आरंभ होते ही विपक्षी सदस्य अपने स्थान पर खड़े हो गए और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को बोलने देने का अनुरोध किया। इसी दौरान नेता सदन पीयूष गोयल भी खड़े हो गए और कुछ बोलना चाहा। इसी समय सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर से हंगामा और शोर-शराबा आरंभ हो गया। धनखड़ ने दोनों पक्षों से शांत होने की गुजारिश की और कहा कि वह सदन में कुछ घोषणा करना चाहते हैं। हालांकि हंगामा एवं शोरगुल जारी रहा और उन्होंने कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले सुबह 11 बजे उच्च सदन की कार्यवाही आरंभ होने के कुछ ही देर बाद दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। दिन की कार्यवाही आरंभ होने पर सभापति धनखड़ ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए और इसके बाद सूचित किया कि उन्हें संसद में सुरक्षा चूक के मुद्दे पर चर्चा कराने के लिए कार्यस्थगन संबंधी नियम 267 के तहत कुल 23 नोटिस मिले हैं। सभापति ने कहा कि इस मुद्दे पर वह पहले ही सदन को अवगत करा चुके हैं कि मामले की जांच हो रही है। इसके बाद विपक्षी सदस्यों ने अपने स्थान पर खड़े होकर हंगामा शुरु कर दिया। इस दौरान आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा ने हाथ से इशारा करके व्यवस्था का प्रश्न उठाने की कोशिश की। धनखड़ ने इस इशारे पर आपत्ति जताई और कहा, मिस्टर चड्ढा, आपको व्यवस्था का मुद्दा उठाने के लिए ऐसा (हाथ का इशारा) करने की जरूरत नहीं है... अपनी जीभ का प्रयोग करें... ऐसा मत करें। सभापति ने उनसे कहा कि आपको दोषी ठहराया गया था, आपको इस सभा द्वारा सजा सुनाई गई थी। वहीं शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किए गए विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। इन सांसदों ने हाथों में तख्तियां लेकर संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष और संसद भवन के मकर द्वार के निकट धरना दिया। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी भी निलंबित सांसदों के प्रदर्शन में शामिल हुईं।

## आरोपी की...

जयपुर से दिल्ली जाते समय अपना फोन फेंक दिया। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश हुए लोक अभियोजक अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि आरोपी ललित ने अपनी संलिप्तता के बारे में खुलासा किया है। उन्होंने यह भी कहा कि मामले में आरोपी अलग-अलग जगहों के हैं, इसलिए उन्हें अलग-अलग जगहों पर ले जाना होगा। सिंह ने यह भी कहा कि उन मोबाइल फोन को भी बरामद किया जाना है जिन्हें आरोपियों ने कथित तौर पर नष्ट कर दिया था। विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर ने अभियोजन पक्ष द्वारा दायर एक आवेदन पर झा को दिल्ली पुलिस की हिरासत में भेज दिया, जिसमें कहा गया कि पूरी साजिश का खुलासा करने के लिए उससे पूछताछ की आवश्यकता है। संक्षिप्त सुनवाई के दौरान, अभियोजक ने अदालत को बताया कि ललित को बृहस्पतिवार रात गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद उससे 'विस्तृत पूछताछ' की गई। सरकारी वकील ने 15 दिनों के लिए उसकी रिमांड की मांग करते हुए अदालत से कहा कि उसने खुलासा किया कि वह कैसे पूरी साजिश का मास्टरमाइंड है... उसे पूरी साजिश और कार्यप्रणाली का खुलासा करने की जरूरत है। पुलिस ने यह भी कहा कि उससे उस फोन के बारे में पूछताछ करने की जरूरत है जिसका वह इस्तेमाल कर रहा था और अभी तक उसका पता नहीं चला है। ललित एक व्यक्ति के साथ कल शाम राष्ट्रीय राजधानी के कर्तव्य पथ पुलिस स्टेशन में पहुंच गया, जहां उसे शहर पुलिस की विशेष आतंकवाद निरोधक इकाई, स्पेशल सेल को सौंपने से पहले गिरफ्तार कर लिया गया। अब तक की जांच के आधार पर पुलिस ने कहा कि 13 दिसंबर का सुरक्षा उल्लंघन एक सुनियोजित हमला है, हालांकि सभी आरोपी अलग-अलग राज्यों से हैं। बृहस्पतिवार की रात, दो पुलिस उपायुक्तों (डीसीपी) और अतिरिक्त पुलिस आयुक्तों सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने ललित झा से पूछताछ की, जिसके दौरान उन्होंने अधिकारियों को पूरी घटना बताई। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दो और लोगों को भी हिरासत में लिया है, जिनमें एक राजस्थान का भी है. दोनों की पहचान महेश और कैलाश के रूप में की गई है और उनकी हिरासत पांचवें आरोपी झा की गिरफ्तारी के बाद हुई है, जिसे योजना के पीछे का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर में उल्लेख किया है कि लोकसभा कक्ष में धुएं का केन खोलने वाले दो व्यक्तियों ने उन्हें कस्टम-निर्मित स्पोर्ट्स जूतों के बाएं तलवे में रबर की मोटी परतों में काटे गए छिद्रों में छिपाकर रखा था। लोकसभा में मनोरंजन डी और सागर शर्मा ने जो पर्चे ले गए, उनमें तिरंगे की पृष्ठभूमि में मुट्ठी की तस्वीर, हिंदी में एक नारा और मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर अंग्रेजी में एक नारा था। एफआईआर के अनुसार, संसद के अंदर और बाहर खोले गए धुएं के डिब्बों पर चेतावनी और निर्देश थे कि खोलते समय 'चश्मा और दस्ताने पहनें'। सागर शर्मा के एलसीआर निर्मित ग्रे रंग के स्पोर्ट्स जूते के बाएं तलवे में एक छेद काटा गया था। कैविटी को सहारा देने के लिए अतिरिक्त रबर लगाकर तलवों की मोटाई बढ़ाई गई थी। मनोरंजन डी के स्पोर्ट्स जूतों के बाएं सोल में भी इसी तरह की कैविटी थी। पुलिस ने कहा कि जूते का दाहिना तलवा भी आंशिक रूप से कटा हुआ पाया गया।

## शिमला से...

रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ चक्रवाती तूफान हैं जो उत्तर भारत में सर्दियों में बारिश लाते हैं। उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में, राष्ट्रीय राजधानी आज सुबह तीसरी सबसे ठंडी रही, सबसे ठंडा हरियाणा का हिसार रहा, जहां थोड़ा कम न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश के बरेली में भी न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री कम दर्ज किया गया। उत्तर और पूर्वोत्तर भारत के कई क्षेत्रों में आज सुबह कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता प्रभावित हुई। स्काईमेट के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, हिमालयी राज्यों में बर्फबारी के बाद अगले कुछ दिनों में तापमान में और गिरावट आने की उम्मीद है, जिससे दिल्ली सहित मैदानी इलाकों में बारिश हो सकती है। आईएमडी ने कहा कि पंजाब के अलग-अलग इलाकों में बहुत घना कोहरा देखा गया। उत्तर प्रदेश, बिहार, असम, मेघालय और त्रिपुरा के अलग-अलग इलाकों में आज सुबह साढ़े पांच बजे हल्का से मध्यम कोहरा छाया रहा। राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता में शुक्रवार को 323 की रीडिंग के साथ मामूली सुधार हुआ है, हालांकि यह अभी भी 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है। गुरुवार को यह 358 थी।

# अयोग्यता याचिकाओं पर जल्द फैसला करें महाराष्ट्र विस अध्यक्ष

## सुप्रीमकोर्ट से 10 जनवरी तक का समय मिला

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को शिवसेना के प्रतिद्वंद्वी गुटों की ओर से दाखिल याचिकाओं पर निर्णय लेने के लिए 10 जनवरी तक का समय दिया है। इन याचिकाओं में शिवसेना के दोनों गुटों ने एक-दूसरे के विधायकों को अयोग्य ठहराने का अनुरोध किया गया है। उच्चतम न्यायालय ने पूर्व में विधानसभा अध्यक्ष से अयोग्यता याचिकाओं पर 31 दिसंबर तक फैसला करने को कहा था। न्यायालय ने अब इस अवधि को बढ़ाकर 10 जनवरी, 2024 तक कर दिया है।प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, अध्यक्ष ने संकेत दिया है कि कार्यवाही 20 दिसंबर को बंद कर दी जाएगी और अध्यक्ष ने आदेश की घोषणा के लिए समय बढ़ाने का अनुरोध किया है। पूर्व में दी गई समयसीमा को ध्यान में रखते हुए, हम अध्यक्ष को निर्णय सुनाने के लिए 10 जनवरी, 2023 तक का समय देते हैं। सुनवाई के दौरान विधानसभा अध्यक्ष की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने समयसीमा तीन सप्ताह के लिए और बढ़ाने का अनुरोध करते हुए कहा कि उनके समक्ष लगभग 2.71 लाख पृष्ठ के दस्तावेज दाखिल किए गए हैं और आदेश पारित करने से पहले उन्हें उनकी जांच करनी होगी विधि अधिकारी ने कहा, अध्यक्ष ने कहा है कि वह और समय नहीं मांगेंगे। विधानसभा सत्र के दौरान भी सुनवाई हुई। इसमें 2.71 लाख पृष्ठ हैं...मैं



आदेश सुनाने के लिए तीन सप्ताह का समय बढ़ाने का आग्रह कर रहा हूं। हम और अधिक समय नहीं मांगेंगे। उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ताओं- कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी ने इस पर आपत्ति जताई। उच्चतम न्यायालय ने अध्यक्ष से 31 जनवरी, 2024 तक अजित पवार समूह के नौ विधायकों को अयोग्य ठहराने के अनुरोध संबंधी राकांपा की याचिका पर फैसला करने को भी कहा था।उच्चतम न्यायालय शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार गुट द्वारा दाखिल दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। इन याचिकाओं में कुछ विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही पर शीघ्र निर्णय लेने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। उच्चतम न्यायालय ने 18 सितंबर को महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को निर्देश दिया था कि वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके समर्थक शिवसेना विधायकों के खिलाफ दायर ओग्यता याचिकाओं पर फैसले के लिए समयसीमा बताएं। शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के गुट ने जून, 2022 में महाराष्ट्र में नई सरकार बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हाथ मिला लिया था।

# महिला न्यायाधीश ने वरिष्ठ पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया

## प्रधान न्यायाधीश ने रिपोर्ट तलब की

**भाषा।** नई दिल्ली



**उत्तर प्रदेश के** बांदा जिले में तैनात एक महिला न्यायिक अधिकारी ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर एक जिला न्यायाधीश पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है और उनसे अपना जीवन सम्मानजनक तरीके से समाप्त करने की अनुमति मांगी है। इसके बाद प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने जांच की स्थिति पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय प्रशासन से रिपोर्ट मांगी। महिला न्यायिक अधिकारी ने अपने दो पन्नों के पत्र में, प्रधान न्यायाधीश से बाराबंकी में अपनी पदस्थापना के दौरान उनके (महिला न्यायिक अधिकारी) साथ हुई बदसलूकी और उत्पीड़न के बाद अपना जीवन समाप्त करने की अनुमति मांगी है। सोशल मीडिया पर यह पत्र प्रसारित हो रहा है, जिसमें लिखा है, मुझे अब और जीने की तमन्ना नहीं है। मैं पिछले डेढ़ साल से जिंदा लाश की तरह हूं। अब मेरे जीवित रहने का कोई उद्देश्य नहीं है। कृपया मुझे मेरा जीवन सम्मानपूर्ण तरीके से समाप्त करने की अनुमति प्रदान करें। शीर्ष अदालत के सूत्रों के अनुसार, उच्चतम न्यायालय के महासचिव ने प्रधान न्यायाधीश के आदेश पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल से महिला न्यायिक अधिकारी की शिकायत पर विचार कर रही आंतरिक शिकायत समिति के समक्ष कार्यवाही की स्थिति के बारे में जानकारी देने को कहा है। महिला न्यायाधीश ने पहले शीर्ष अदालत में याचिका दायर की थी, जो न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई थी। पीठ ने यह कहते हुए याचिका खारिज दी थी कि आंतरिक शिकायत समिति के पास मामला विचाराधीन है और एक प्रस्ताव पारित किया गया है, जिस पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की मंजूरी की प्रतीक्षा है।

## क्विक न्यूज

### अदालत ने केएसआरटीसी के विशेष उपयोग का केरल एसआरटीसी का दावा खारिज किया: कर्नाटक एसआरटीसी

**बेंगलुरु** मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा संक्षिप्त नाम केएसआरटीसी के विशेष उपयोग के केरल राज्य सड़क परिवहन निगम के दावे को खारिज किए जाने के मद्देनजर कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम ने शुक्रवार को कहा कि इस संक्षिप्त नाम के इस्तेमाल में अब कोई कानूनी अड़चन नही है। कर्नाटक एसआरटीसी ने एक बयान मे कहा कि उसने केएसआरटीसी संक्षिप्त नाम के उपयोग के संबंध में ट्रेड मार्क प्रमाणपत्र देने के लिए आवेदन किया था। इसमे कहा गया कि निगम को भारत सरकार की ट्रेड मार्क रजिस्ट्री द्वारा 2013 मे एक नवंबर, 1973 से उपयोगकर्ता तिथि के साथ ट्रेड मार्क प्रमाणपत्र प्रदान किया गया था। कर्नाटक एसआरटीसी ने कहा कि केएसआरटीसी लोगो और गंडभेरुंड कला (राज्य सरकार का लोगो) के उपयोग के लिए भारत सरकार के कॉपीराइट रजिस्ट्रार से कॉपीराइट भी प्राप्त किया गया था। कर्नाटक एसआरटीसी ने कहा कि इसके बाद केरल एसआरटीसी ने चेन्नई मे बौद्धिक संपदा अपीलीय बोर्ड (आईपीएबी) के समक्ष इसे चुनौती दी थी। कर्नाटक एसआरटीसी ने कहा कि केरल एसआरटीसी ने भी 2019 मे इस संक्षिप्त नाम के पूर्व उपयोग का दावा करते हुए इसका पंजीकरण प्राप्त किया था। इसने कहा कि जो मामले आईपीएबी के समक्ष लंबित थे उन्हे केंद्र सरकार द्वारा आईपीएबी को समाप्त करने के बाद चेन्नई मे मद्रास उच्च न्यायालय मे स्थानांतरित कर दिया गया था।

### मोबाईल टेक्नॉलॉजी और होगी उन्नत

नोएडा। मोबाईल टेक्नॉलॉजी उद्योग में ट्रेलब्लेर, इन्फिनिक्स ने अपनी स्मार्ट सीरीज में नया स्मार्टफोन, इन्फिनिक्स स्मार्ट 8एचडी पेश किया है। इसको टीवी सीरियल दिया बाती फेम की अभिनेत्री दीपिका सिंह ने लांच किया। आयोजकों ने बताया कि 8 एचडी में शानदार फीचर्स हैं, जो इस सेगमेंट के लिए नए मानक स्थापित करते हुए स्मार्टफोन का अत्याधुनिक अनुभव प्रदान करेंगे। इन्फिनिक्स 8एचडी में यूजर्स को परफॉर्मेंस और सुंदरता का बेहतरीन मिश्रण प्रदान करने के लिए स्मार्ट सीरीज के पिछले स्मार्टफोंस के मुकाबले बड़े अपग्रेड किए गए हैं। इसमें 90 हर्ट्? का रिफ्रेश रेट, 8 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा, साईड माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर, और डायनामिक एक्सपैंडेबल नॉच फीचर दिया गया है, जिनकी मदद से यह किफायती स्मार्टफोन के सेगमेंट में नए कीर्तिमान बना देगा। अनीश कपूर, सीईओ, इन्फिनिक्स इंडिया ने कहा, ''वर्तमान में 10 हजार से कम कीमत वाले सेगमेंट में इनोवेटिव स्मार्टफोन की कमी है। अपनी स्मार्ट 8 सीरीज के साथ हम इस सेगमेंट में प्रीमियम डि?ाईन और इनोवेटिव फीचर्स के साथ अत्याधुनिक स्मार्टफोन पेश करना चाहते हैं। अपने टिम्बर टैक्सचर डिजाइन और शानदार कैमरा मॉड्यूल के साथ, स्मार्ट 8एचडी, उन यूजर्स को आकर्षित करेगा, जो स्टाइलिश स्मार्टफोन चाहते हैं।

### भिवंडी में अज्ञात महिला का झुलसा हुआ शव पाया गया

**ठाणे।** ठाणे जिले के भिवंडी में शुक्रवार को एक अज्ञात महिला का झुलसा हुआ शव पाया गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।भिवंडी तालुका थाने के एक अधिकारी ने बताया कि शव शांति नगर के डोंगर पाड़ा सेल्फी प्वाइंट मे एक पाइपलाइन के पास से बरामद हुआ है।उन्होंने बताया कि इलाके के कुछ युवकों ने शव देखा और पुलिस को इस बारे में सूचित किया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक प्रशांत ढोले ने घटनास्थल का दौरा किया और जांच की निगरानी कर रहे है। उन्होंने बताया कि हत्या और सबूत नष्ट करने का मामला दर्ज किया गया है।

### सुरक्षित कदम से पूरे होंगे सपने

**झाँसी।** लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में से एक एचडीएफसी लाइफ ने एक नया प्रोडक्ट - एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव है। यह एक गारंटीड सेविंग्स लाइफ इंश्योरेंस प्लान है। यह प्लान अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने एवं उनके वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। इस लॉन्च पर बोलते हुए, अनीश खन्ना, हेड प्रोडक्ट्स एंड सेग्मेंट्स, एचडीएफसी लाइफ ने कहा, हर काम की शुरुआत एक सपने से होती है, और सपना कितना ही बड़ा क्यों ना हो, इसे सच बनाने के लिए आपको तुरंत एक सुरक्षित कदम के साथ शुरुआत करनी होगी। इसी प्रकार, जीवन लक्ष्य भी नियमित बचत एवं योजना बनाने से ही पूरे होते हैं। आप भी एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव प्रोडक्ट के साथ आज ही अपने सपनों को पूरा करने के लिए पहला सुरक्षित कदम उठा सकते हैं। यह एक ऐसा प्लान है, जो गारंटीकृत रिटर्न्सप्त की सुरक्षा के साथ अनलिमिटेड कॉम्बिनेशन प्रदान करता है।

### आगरा में एक युवती पर फेंका गया तेजाब, झुलसी

**आगरा (उप्र)।** आगरा जिले के शमसाबाद थानाक्षेत्र में बुधवार शाम एक युवती पर किसी ने कथित रूप से तेजाब फेंक दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह युवती अपनी सहेली के साथ स्कूटी पर सवार होकर फोटोस्टेट कराने जा रही थी , उसी बीच किसी ने उसके ऊपर तेजाब फेंक दिया।पुलिस के अनुसार तेजाब पीछे से फेंका गया था जिससे उसकी जैकेट जलने लगी। युवती ने जैकेट को उतारकर फेंक दिया लेकिन उसकी पीठ झुलस गई। युवती के परिजनों ने बृहस्पतिवार को थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकद्मा दर्ज किया है।शुक्रवार को फतेहाबाद के एसीपी आनंद कुमार पांडेय के अनुसार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई टीम का गठन किया गया है।

### सुलतानपुर में ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से युवक की मौत

**सुलतानपुर (उप्र)।** सुलतानपुर जिले के जयसिंहपुर कोतवाली इलाके मे शुक्रवार को ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

## गृह मंत्री को संसद सुरक्षा उल्लंघन पर बयान देना चाहिए : तेजस्वी

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने संसद की सुरक्षा में सेंध को बहुत गंभीर मुद्दा करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को 13 दिसंबर की घटना पर संसद के दोनों सदनों में बयान देना चाहिए। यादव ने पटना में पत्रकारों से कहा, संसद सुरक्षा उल्लंघन एक बहुत गंभीर मुद्दा है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को 13 दिसंबर की सुरक्षा उल्लंघन घटना पर संसद में बयान देना चाहिए। लोग गृह मंत्री से उम्मीद कर रहे हैं कि वह सदन में आएं और कुछ कहें। केंद्र को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसा दोबारा न हो। उपमुख्यमंत्री ने कहा, इस मामले की गहन जांच करना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। कोई कल्पना नहीं कर सकता है कि ऐसी घटना देश में सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली जगह पर हो सकती है। 13 दिसंबर को दो व्यक्ति आगंतुक दीर्घा से संसद के निचले सदन में कूद गए और अपने साथ लाए कनस्तरों से रंगीन गैस छोड़ी। उस समय मौजूद लोकसभा सदस्यों ने दोनों व्यक्तियों पर काबू पा लिया।

# हाईकोर्ट का महिला आरक्षण कानून के तत्काल लागू करने वाली याचिका पर सुनवाई से इंकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को एक अधिवक्ता की उस याचिका पर सुनवाई करने से इंकार कर दिया जिसमें अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को तत्काल और समयबद्ध तरीके से लागू करने की मांग की गई थी।यह देखते हुए कि याचिकाकर्ता का इस मामले में कोई व्यक्तिगत हित नहीं है, न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने उन्हें जनहित याचिका (पीआईएल) दायर करने को कहा।न्यायमूर्ति प्रसाद ने कहा, इसमें क्या आपका कोई व्यक्तिगत हित है? यह स्पष्ट रूप से जनहित से जुड़ा है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि वह ँसंपूर्ण नारीत्वै का प्रतिनिधित्व करती हैं।न्यायमूर्ति प्रसाद ने याचिकाकर्ता को नियमों के अनुसार जनहित याचिका दायर करने की स्वतंत्रता के साथ याचिका वापस लेने की अनुमति दी।केंद्र सरकार के वकील ने कहा कि कानून को लागू करने का मामला पहले से ही उच्चतम न्यायालय में लंबित है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम नामक इस कानून में महिलाओं के लिए लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें आरक्षित करने की परिकल्पना है। 29 सितंबर को राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद इसने कानून का रूप ले लिया था।यह कानून तुरंत लागू नहीं होगा बल्कि नई जनगणना के बाद लागू होगा। नई जनगणना के आधार पर महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित करने के लिए परिसीमन किया जाएगा। योगमाया एमजी ने उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी याचिका में कहा कि भारतीय राजनीति में महिलाओं के प्रतिनिधित्व और भागीदारी को बढ़ाने के लिए कानून का प्रभावी कार्यान्वयन महत्वपूर्ण है, और इस कानून को लागू करने में देरी लोकतंत्र के सिद्धांतों से समझौता होगा। याचिका में कहा गया, ँमहिला आरक्षण कानून, 2023 के सर्वसम्मति से पारित होने के बावजूद इसके कार्यान्वयन में काफी देरी हुई है।

### सिख अलगाववादी की हत्या की नाकाम साजिश मामले में गिरफ्तार भारतीय की याचिका पर सुनवाई करेगा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता के परिवार के एक सदस्य की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई चार जनवरी के लिए टाल दी। अमेरिका मे संघीय अभियोजकों ने गुप्ता पर एक सिख अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। चेक गणराज्य के अधिकारियों ने अमेरिका और चेक गणराज्य के बीच द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि के तहत गत 30 जून को गुप्ता को गिरफ्तार किया था। याचिका में कारावास में गंभीर मानवाधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है, जिसमें गोमांस और सूअर का मांस खाने के लिए मजबूर किया जाना भी शामिल है।

## चार राज्यों में प्रतिबंधित पीएलएफआई के खिलाफ व्यापक कार्रवाई, दो गिरफ्तार

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** अन्वेषण अधिकरण (एनआईए) ने शुक्रवार को झारखंड, बिहार, मध्यप्रदेश और नई दिल्ली में प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया के खिलाफ व्यापक कार्वाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया। एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादी समूह द्वारा जबरन वसूली और हफ्ता वसूली के मामले में 23 स्थानों पर छापेमारी के दौरान भारतीय सेना की वर्दी, हथियार, गोला-बारूद, अपराध में इस्तेमाल होने वाले दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, तीन लाख रुपए नकद और आभूषण जब्त किए गए। अधिकारी ने कहा कि जिन लोगों के खिलाफ कार्वाई की गई वे सभी प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन पीएलएफआई के सदस्य और समर्थक थे। उन्होंने कहा कि वे हिंसक कृत्यों और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश में शामिल थे। प्रवक्ता ने कहा कि झारखंड के गुमला, रांची, खूंटी, सिमडेगा, पलामू और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में 19, नई दिल्ली के दो और बिहार के पटना व मध्यप्रदेश के सिद्धि जिले में छापेमारी की गई।

### बठिंडा के शिक्षा अधिकारियों को स्कूल बंद करने का आदेश देने पर कारण बताओ नोटिस जारी

**चंडीगढ़।** पंजाब के बठिंडा मे दो जिला शिक्षा अधिकारियो (डीईओ) को मौर क्षेत्र के छह स्कूलों में राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान के सुरक्षाकर्मियो के ठहरने की व्यवस्था करने का आदेश देने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। डीईओ ने बठिंडा के मौर में आम आदमी पार्टी (आप) की शनिवार को होने वाली रैली से पहले एक पत्र के माध्यम से आदेश जारी किया था। रैली को पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री मान संबोधित करेंगे। बठिंडा के उपायुक्त शौकत अहमद पें ने शुक्रवार को कहा कि शिक्षा अधिकारियो के आदेश को वापस ले लिया गया है और दोनों को वरिष्ठ अधिकारियों को दरकिनार कर खुद कार्वाई करने की वजह से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### जीवन बीमा के साथ कमाई का भी लाभ होगा

**पुणे।** बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने अपनी प्रमुख भागीदारी बचत योजना 'बजाज आलियांज लाइफ ऐस - इन्क्रीजिंग इनकम' लॉन्च की है। इस नई स्कीम की लॉन्चिंग के अवसर पर बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ तरूण चुघ ने कहा, ''बढ़ती मुद्रास्फीति के साथ तेजी से बदलते आर्थिक माहौल में, हम समझते हैं कि ग्राहक मदद के लिए दीर्घकालिक संपत्ति बनाने के अवसर तलाशते हैं, ताकि वे अपने वित्तीय लक्ष्यों को पूरा कर सकें।

**सूचना**

हम प्लॉट नंबर 1, सामुदायिक केंद्र जमरूदपुर, कैलाश कॉलोनी, नई दिल्ली – 110048 पर स्थित संपत्ति के मालिक हैं। मूल शीर्षक विलेख, कब्जा पत्र, आवंटन पत्र, पूर्णता प्रमाणपत्र/फॉर्म "डी" और सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज संपत्ति से संबंधित एक आर्क फाइल हमारी हिरासत से खो गई है। यदि किसी को भी ऐसा मिले तो कृपया हमें सूचित करें। व्यक्ति को उचित पुरस्कार दिया जाएगा।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 15.12.2023

कैलाश एंटरप्राइजेज (नई दिल्ली) प्राइवेट के लिए। लि.
डी जोशी (9830773378)

**PUBLIC NOTICE**

My Client Mr. Sandeep S/o Sh. Jaswant Singh is the owner of a residential two storey house of area Measuring 95 Sq. Yds. Situated in the old Abadi of Khasra No.-67, Village- Nagla Charandas, Pargana & Tehsil- Dadri, District- Gautam Budh Nagar, U.P. vide registered gift deed vide **Registration No. 11290**, dated-14.12.2023 at Sr-Noida-I, GBN, U.P. executed by Sh. Jaswant Singh S/o Sh. Sumera & this above-Mentioned Property is going to be Mortgage With Fed Bank Financial Services Limited. if any Person/Bank/Financial Institution having any Claim/Right, Lien, any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the undersigned along with documentary evidence under address through registered A/D within 07 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

**Vishal Mehan,**
**E-713, Karkardooma Court, Delhi -110092**

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that Mr. Pramod S/o Mr. Madan Singh Who is Recorded Owner of the Residential Plot of land area measuring 68.33 sq. yrds, i.e 57.13 sq. mtrs, out of Khasra No. 146/5 min, Situated at Village Akbarpur Behrampur, Pargana Loni, Tehsil and District Ghaziabad, U.P. vide Regd. GPA dated 15.11.2019 Duly Regd. As Doc No. 5077, Book No. 4, Vol. No. 819, on pages 55-70, dated 15.11.2019, SRO-V, Ghaziabad. Purchased by Mr. Ajab Singh same to be finance & mortgage by Ummeed Housing Finance Pvt. Ltd. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim/right/title/interest/creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
**B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2 Noida, UP-201301, Contact # 0120-4269379**

# महिला सुरक्षा, भ्रष्टाचार उन्मूलन सरकार की मुख्य प्राथमिकताएं : मुख्यमंत्री

## राजस्थान के मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

**भाषा।** जयपुर



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि महिला सुरक्षा, भ्रष्टाचार उन्मूलन सरकार की मुख्य प्राथमिकताएं होंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में प्रदेश की डबल इंजन सरकार किसानों, गरीबों, महिलाओं एवं युवाओं को ध्यान में रखते हुए मजबूत फैसले लेगी एवं राजस्थान को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाएगी। शर्मा ने शुक्रवार रात मुख्यमंत्री कार्यालय में पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं के विरूद्ध अपराधों के समूल उन्मूलन के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत वर्षों में महिला सुरक्षा प्रदेश में एक बड़ा मुद्दा रहा है। प्रदेश की महिलाओं में सुरक्षा की भावना विकसित करने के लिए महिलाओं के विरूद्ध अपराधों के समूल उन्मूलन को लेकर हमारी सरकार कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होनी चाहिए ताकि प्रदेश की मातृशक्ति को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। इसके साथ ही, असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों को चिह्नित कर उन पर कठोर कार्वाई की जानी चाहिए जिससे महिलाओं के विरूद्ध होने वाले सभी अपराधों की पूर्णतया रोकथाम हो सके। शर्मा ने कहा कि पिछली सरकार में प्रदेश की जनता भ्रष्टाचार से त्रस्त रही है। अब जनता को इस समस्या से मुक्ति मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा, प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टोलरेन्स की नीति पर चलते हुए कार्य करेगी। एक भी भ्रष्टाचारी कानून के शिकंजे से बच नहीं पाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी राजकीय कार्यालयों में शुचिता के साथ कार्य होना चाहिए। लम्बित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण होना चाहिए तथा कार्यालयों में आने वाले प्रत्एक व्यक्ति की समस्या का संवेदनशीलता एवं सम्मान के साथ समाधान होना चाहिए। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में गत वर्षों में वृहद स्तर पर पेपरलीक की घटनाएं सामने आई हैं।

# हमें टकराव की नहीं, सहयोग की जरूरत : उपराष्ट्रपति धनखड़

**भाषा।** नई दिल्ली



**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के प्रमुखों के बीच बातचीत के एक सुव्यवस्थित तंत्र की वकालत करते हुए कहा कि अगर इन संस्थानों के प्रमुख सार्वजनिक मंचों से अपने विचार साझा करना शुरू कर देंगे, तो इससे कोई लाभ नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय लोकतंत्र तभी फलता-फूलता है, जब इसके तीनों अंग मिलकर काम करते हैं। महान्यायवादी (एजी) आर. वेंकटरमणी द्वारा लिखित कविता संग्रह रोजेज विदआउट थॉर्न्स के विमोचन के मौके पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि मुद्दे हमेशा रहेंगे , लेकिन संवाद का एक सुव्यवस्थित तंत्र होना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा, हम देश में तब तक आगे नहीं बढ़ सकते, जब तक कोई सभी संबंधित पक्षों को यह न बताए कि हमें शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का सम्मान करना चाहिए। उनके मुताबिक महान्यायवादी यह सुनिश्चित करने के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं कि शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत से तीनों अंगों में सम्मान पैदा हो।धनखड़ ने याद दिलाया कि राष्ट्रपति और सांसदों के अलावा, महान्यायवादी एकमात्र व्यक्ति हैं, जिन्हें सदन और समिति की बैठकों में बैठने की अनुमति है।संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, महान्यायवादी कार्यवाही में भाग तो ले सकते हैं, लेकिन मत नहीं दे सकते।

**PUBLIC NOTICE**

Whereas M/s Signature Sattva Infra Technology Pvt. Ltd. has been granted Letter of Intent Memo No. LC-4484/Asstt/(RK)/2023/35215 dated 19-10-2023 issued by the o/o Director General, Deptt. of Town & Country Planning, Haryana, for setting up of a Residential Group Housing Colony under Clause 10.4 of the TOD Policy dated 09.02.2016 on land admeasuring 2.22 Acres consisting of 33 plots marked Pocket "D", forming part of 4.78 acres of land falling in license No. 99 of 2008 dated 14-05-2008 granted for an area measuring 13.716 acres in village Tikri, Tehsil & Distt. Gurugram in Sector 48, GMUC. This land measuring 4.78 acres has been acquired by the company in open auction held by SICOM under SARFAESI ACT on account of default in loan repayments by the original licensee.

And whereas the o/o Director, Town & Country Planning, Haryana, while granting the said LOI, has directed the company vide condition no. 9 of the said LOI, to invite objections/suggestions vide its Policy Memo no. Misc-2295/2021 /1775 dated 25-01-2021, over a period of atleast 30 days from the existing allottees of license No. 99 of 2008 dated 14-05-2008.

Objections/suggestions, if any, may be filed in the o/o Senior Town Planner, Deptt. Of Town & Country Planning, Haryana, Sector 14, Gurugram within 30 days from the issue of this notice failing which it shall be assumed that there are no objections to the proposed development.

**Sd/-**
**Authorized Signatory**
**Signature Sattva Infra Technology Pvt. Ltd.**

# फ्लू के लक्षण शरीर में लंबे समय तक बने रह सकते हैं

**भाषा।** नई दिल्ली



**बदलते मौसम** में फ्लू के कारण अस्पताल में भर्ती होने वाले लोग लंबे समय तक पीड़ित रहते हैं। उनके स्वास्थ्य पर नकरात्मक प्रभाव होते हैं विशेष रूप से उनके फेफड़े और श्वसन मार्ग सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं ठीक वैसे ही जैसे दीर्घकालिक कोविड के प्रभाव किसी पीड़ित के शरीर पर दिखाई देते हैं। एक अध्ययन में यह बात कही गई है। द लैंसेट इन्फेक्शस डिजीज पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन रिपोर्ट में कोविड और फ्लू का कारण बनने वाले वायरस की तुलना की गई है। अध्ययन में यह सामने आया कि संक्रमण के 18 महीनों के बाद मरीज फिर चाहे वह कोविड-19 या फिर फ्लू की वजह से अस्पताल में भर्ती हुआ हो उसे मौत का खतरा, अस्पताल में दोबारा भर्ती होने का खतरा और कई अंगों से जुड़ी समस्याओं का खतरा ज्यादा होता है।अमेरिका की वाशिंगटन यूनिवर्सिटी में नैदानिक महामारी विज्ञानी और अध्ययन रिपोर्ट के वरिष्ठ लेखक जियाद अल अली ने कहा, यह अध्ययन कोविड या फ्लू के बाद अस्पताल में भर्ती होने वाली लोगों की मौत के बढ़े हुए आंकड़ों और खराब स्वास्थ्य की बात करता है। उन्होंने कहा, इस बात का खास ख्याल रखने की जरूरत है कि संक्रमण के शुरुआती 30 दिनों के बाद खतरा सबसे ज्यादा होता है। बहुत से लोग सोचते हैं कि अस्पताल से छुट्टी होने के बाद वे कोविड-19 और फ्लू जैसी बीमारी से उबर चुके हैं। कुछ लोगों के लिए यह सही हो सकता है लेकिन हमारा अध्ययन दर्शाता है कि दोनों वायरस लंबे समय तक शरीर में बने रह सकते हैं।

### बादाम से कम हो सकता है डायबिटीज का खतरा

**मुंबई।**केक कैरल और जश्न मनाने का मौका फिर लौट आया है! क्रिसमस का त्योहार पास आने के साथ काफी सारे लोग मीठे व्यंजन बनाने की तैयारियों में जुट गए हैं। ये पकवान भले ही हमारा उत्साह बढ़ाते हों और एक त्योहारी माहौल तैयार करते होंए लेकिन यह समझना जरूरी है कि इनका जरूरत से ज्यादा सेवन सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। भारत में डायबिटीज तथा प्रीडायबिटीज के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह चिंता स्वाभाविक है। इंडियन कौंसिल ऑफमेडिकल रिसर्च और मद्रास डायबिटीज रिसर्च द्वारा कराए गए एक अध्ययन में ऐसा अनुमान लगाया गया है कि भारत में करीबन 10.1 करोड़ लोग डायबिटीज से ग्रसित हैं और 13-6 करोड़ लोग प्री.डायबिटीज की अवस्था में हैं। बादाम एक सुविधाजनक स्नैक है। जिसे कभी भी और कहीं भी खाया जा सकता है। इसे हम अपने फूड व मीठे पकवानों को सजाने के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके साथ ही बादाम खाने से प्रभावी रूप से भूख कम हो जाती हैए जिससे कैलोरी की खपत कम होती है और इससे वजन कम करने में मदद मिलती है। तो आइए इस बार क्रिसमस के मौके पर अपने पकवानों को बादाम की अच्छाइयों के साथ सजाएं और अपने त्योहार को स्वादिष्ट तथा सेहतमंद बनाएं! सेहत का ख्याल रखते हुए कैसे क्रिसमिस मनाया जा सकता हैए इस बारे में जानी.मानी बॉलीवुड अभिनेत्री और सेलेब्रिटी सोहा अली खान कहती हैंए श्मैं पूरे साल अपनी फिटनेस का ध्यान रखती हूंए लेकिन औरों की तरह मुझे भी साल के इस मौके पर मीठाए केक और अपना पसंदीदा खाना पसंद है। लेकिन इसके लिए मैं अपनी या अपने परिवार की सेहत से किसी प्रकार का समझौता नहीं करती।

**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, Suresh Rajora S/o Shri Gurcharn Singh R/o 11644/1, Sat Nagar Karol Bagh New Delhi-110005 declare that I have changed my name from Suresh to Suresh Rajora for all future purpose.

PD(217)C

**भौतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री ट्रेडिंग कंपनी/ नीरज यादव/ बबिता/ जितेंद्र यादव/ '159005002868 | खेवट नंबर 91, 92, 93, 94, 95, 96, 97, 98, 99, किता 15, कुल क्षेत्रफल 45 कनाल्स 7 मरला, इसका 104/ 863 हिस्सा यानी 11 मरला, 5 सरसई नूनी कलां स्थित है, तहसील नारनौल, जिला महेंद्रगढ़ । देखिए रक्त संबंध के अंतर्गत अचल संपत्ति का पंजीकृत हस्तांतरण विलेख संख्या 2163, दिनांक 30-10-2020 उप रजिस्ट्रार कार्यालय नारनौल द्वारा जारी अचल संपत्ति नामांतरण संख्या 1544, दिनांक 9-11-2020 राजस्व प्राधिकारी नूनी कलां द्वारा जारी/ दिसंबर 13, 2023 | दिसंबर 06, 2022 रु. 20,85,916.00/- | नारनौल |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : दिसंबर 16, 2023**
**स्थान : दिल्ली**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 16 दिसंबर, 2023



# पाकिस्तान भारत से संबंध सुधारे

भाषा। वाशिंगटन

**पाकिस्तानी-अमेरिकी कारोबारी साजिद तरार ने कहा कि पाकिस्तानी नेतृत्व को इस डर से पार पाना होगा कि अगर वे भारत के साथ संबंध सुधारते हैं तो इससे उनकी राजनीतिक छवि पर असर पड़ेगा**

**पाकिस्तानी-अमेरिकी** कारोबारी साजिद तरार ने कहा है कि पाकिस्तानी नेतृत्व को इस डर से पार पाना होगा कि अगर वे भारत के साथ संबंध सुधारते हैं तो इससे उनकी राजनीतिक छवि पर असर पड़ेगा। डोनाल्ड ट्रंप के कट्टर समर्थक व रिपब्लिकन पार्टी के नेता तरार ने भारत और पाकिस्तान के बीच बेहतर द्विपक्षीय संबंधों की पैरवी करते हुए कहा, भारत के साथ विश्वास बनाने की जिम्मेदारी पाकिस्तान पर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुत मजबूत नेता हैं। उन्होंने पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा, पहले भी उन्होंने (मोदी) पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के घर जाकर एक बड़ा राजनीतिक जोखिम उठाया था। वह उनके द्वारा लिया गया बहुत साहसिक कदम था और वह बहुत मजबूत नेता हैं। मैं उनका बड़ा प्रशंसक हूं। तरार ने कहा, पाकिस्तानी नेतृत्व को इस डर से पार पाने की जरूरत है कि अगर वे भारत के साथ संबंध सुधारते हैं तो उनकी राजनीतिक छवि पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा, मैं कई बार भारत गया हूं। मेरा उससे गहरा नाता है। भारत के साथ मजबूत संबंध है...बहुत ज्यादा प्यार और बहुत ज्यादा जुड़ाव है। हम सदियों से इस उपमहाद्वीप में एक साथ रहते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी नेतृत्व को कुछ साहसिक कदम उठाने चाहिए और भारत के साथ व्यापार व पर्यटन बढ़ाने की दिशा में काम करना चाहिए। तरार ने कहा, भारत के साथ व्यापार पाकिस्तान के लिए अस्तित्व की लड़ाई है। नेतृत्व को राष्ट्रीय हित में साहसिक कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अभी अलग-थलग है। उसे भारत के अलावा अफगानिस्तान और ईरान के साथ भी संबंध सुधारने की आवश्यकता है। तरार ने कहा, उसे चीन के साथ अपने संबंधों में संतुलन बिठाने की जरूरत है। तरार ने कहा कि पाकिस्तान को सीमा पार आतंकवाद को लेकर चिंता के प्रमुख क्षेत्रों में भारत को विश्वास में लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज भारत केवल क्षेत्रीय शक्ति ही नहीं बल्कि एक सुपरपावर बन गया है।

## आईएस समूह को बंदूकें मुहैया कराने की कोशिश के जुर्म में सेंट्रल इंडियाना के एक व्यक्ति को 16 साल कैद

इंडियानापोलिस (अमेरिका)। सेंट्रल इंडियाना के एक व्यक्ति को इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह को बंदूकें मुहैया कराने की कोशिश करने का दोषी मानते हुए 16 साल से अधिक जेल की सजा सुनाई गई है। अभियोजकों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अभियोजकों ने एक बयान में कहा कि इंडियानापोलिस के उपनगरीय क्षेत्र फिशर्स के 25 वर्षीय मोयाद डैनन को 16 साल के संघीय जेल की सजा सुनाई गई। मोयाद ने अपराध स्वीकार कर लिया था। अभियोजकों ने कहा कि उनके भाई, महदे डैनन को उसी आरोप में दोषी ठहराए जाने के बाद अक्टूबर 2021 में 20 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। अदालत के दस्तावेजों में कहा गया है कि डैनन बंधुओं ने जून 2018 में एफबीआई के एक गुप्तचर को चोरी की बंदूकें पहुंचाने की साजिश रची और उसे कई बंदूकें बेचीं। लगभग उसी समय, उन्होंने ऑनलाइन पार्ट्स खरीदकर और प्वॉइंट 223-कैलिबर सेमीऑटोमैटिक राइफल में जोड़कर तथाकथित बंदूकें बनानी शुरू की, जिन्हें उन्होंने एजेंट को बेच दिया।



गाजा में इजरायली युद्धविराम का आह्वान करने वाले प्रदर्शनकारियों ने बोस्टन में एक चौराहे को घंटों अवरुद्ध रखा

# यमन के विद्रोहियों का हमला चपेट में आने से मालवाहक जहाज में लगी भीषण आग

**दुबई।** यमन में विद्रोहियों के नियंत्रण वाले क्षेत्र से किए गए हमले की चपेट में आने के बाद लाल सागर में लाइबेरियाई ध्वज वाले एक मालवाहक जहाज में शुक्रवार को आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अल जसराह पर हुए हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। संदेह है कि अल जसराह जहाज पर यह हमला ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने किया है। हालांकि विद्रोहियों ने अभी इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। इससे पहले, विद्रोहियों ने हाल में लाल सागर और महत्वपूर्ण रणनीतिक क्षेत्र बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य में जहाजों पर हुए कई हमलों की जिम्मेदारी ली थी।

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा किए गए समुद्री हमले इजराइल-हमास युद्ध और गाजा पट्टी को निशाना बनाकर किए जा रहे हवाई और जमीनी हमले का जवाब हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने नाम नहीं उजागर करने की शर्त पर बताया कि जहाज पर हमला हुआ है। वहीं, निजी खुफिया फर्म एंब्रे ने भी हमले की पुष्टि की है। एंब्रे ने कहा, कथित तौर पर प्रक्षेपित वस्तु जहाज के बंदरगाह वाले हिस्से से टकराई और इसके प्रभाव के कारण एक कंटेनर गिर गया। हमले के कारण जहाज के एक हिस्से में आग लग गई। पश्चिम एशिया में महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों पर नजर रखने वाले ब्रिटेन की सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस(यूकेएमटीओ) ने भी हमले की पुष्टि की है और अन्य जहाजों को सावधान रहने की चेतावनी दी है। इसने बताया कि आग से किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।अल जसराह का संचालन जर्मनी की शिपिंग कंपनी हापाग लॉयड करती है। इसके अनुसार, हमले में जहाज के चालक दल के किसी भी सदस्य को चोट नहीं आई है।कंपनी ने कहा, हापाग-लॉयड कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त उपाय करेगी। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि हमला ड्रोन से हुआ है या फिर मिसाइल से।

# अमेरिकी सिखों का खालिस्तानी गतिविधियों से लेना-देना नहीं



**न तो सरकार और न ही समुदाय के लोग इसका समर्थन करते हैं**

**वाशिंगटन।** एक प्रमुख भारतीय-अमेरिकी सिख नेता ने कहा है कि अमेरिका में खालिस्तानी गतिविधियों का न तो सरकार और न ही समुदाय के लोग समर्थन करते हैं।

सिख ऑफ अमेरिका संगठन के जस्सी सिंह ने नरेन्द्र मोदी सरकार से युवाओं के बीच मादक पदार्थों की बढ़ती समस्या सहित पंजाब की कई प्रमुख चुनौतियों से निपटने के लिए एक पैकेज देने का आग्रह भी किया। सिंह ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि मोदी सरकार ने सिख समुदाय के लिए जो काम किए हैं, वे पिछली सरकारों की तुलना में अभूतपूर्व हैं। सिंह ने कहा, इसके साथ ही, कई सिख मुद्दे हैं जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। इसमें 1984 के दंगों में सिखों के खिलाफ अत्याचार भी शामिल है। कोई भी सिख इसे नहीं भूलेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सिखों की चिंताओं को दूर करने की पूरी कोशिश की है, लेकिन ऐसे कई मुद्दे हैं जिन पर अभी भी ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को भारत और दुनिया में सिख समुदाय से सीधे तौर पर जुड़ना चाहिए, न कि बिचौलियों के माध्यम से। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, नहीं, अधिकतर सिख खालिस्तानी गतिविधियों का समर्थन नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका में एक छोटा सा अल्पसंख्यक वर्ग है जो इस तरह की गतिविधियों का समर्थन करता है। सिंह और उनका प्रतिनिधिमंडल 2014 से प्रधानमंत्री मोदी से उनकी हर अमेरिकी यात्रा के दौरान मुलाकात करता रहा है।उन्होंने कहा कि भारत के विकास से हर प्रवासी भारतीय गौरवान्वित महसूस करता है। उन्होंने कहा कि समय आ गया है जब केंद्र को पंजाब के युवाओं और वहां की आम जनता के लिए कुछ बेहतर पैकेज का ऐलान करना चाहिए।उन्होंने कहा, पंजाब के युवाओं के लिए और अधिक काम किया जाना चाहिए। भारत के युवाओं को विदेश जाने से रोकने और उन्हें रोजगार तथा व्यवसाय के अवसर प्रदान करने की जरूरत है। एक अलगाववादी सिख नेता एवं अमेरिकी नागरिक की हत्या की साजिश में एक भारतीय अधिकारी के शामिल होने के अमेरिका के आरोपों पर सिंह ने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों पर इसका दीर्घकालिक प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं के बराबर है।

उन्होंने कहा, हर कोई जानता है कि पिछले कुछ सप्ताह से क्या हो रहा है, निखिल गुप्ता के खिलाफ आरोपपत्र दायर हो चुका है और भारत सरकार पर आरोप लग रहे हैं। लेकिन इसे अमेरिका में अलगाववादी खालिस्तानी गतिविधियों के समर्थन के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, अमेरिकी सरकार ने अपने नागरिकों की रक्षा हेतु यह कार्वाई की थी। चूंकि अलगाववादी नेता अमेरिका का नागरिक है, इसलिए सरकार उसके बचाव में आई है। यह पूछे जाने पर कि क्या इसका द्विपक्षीय जाने पर कि क्या इसका द्विपक्षीय संबंधों पर असर पड़ेगा, सिंह ने कहा, मुझे लगता है, इससे संबंधों पर अल्पकालिक असर तो पड़ सकता है, लेकिन दीर्घकालिक असर की संभावनाए नहीं के बराबर है। मुझे लगता है कि दोनों सरकारों के बीच बेहतर समझ बनेगी क्योंकि भारत ने साफ तौर पर कहा कि ऐसा करना उनकी नीति नहीं है। उन्होंने कहा कि मामले में जांच चल रही है। सिंह ने कहा, मैं भारत सरकार से जल्द से जल्द स्वतंत्र जांच कराने का अनुरोध करूंगा और जिन लोगों ने ऐसा किया है किया है उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए।

## ईरान में एक थाने पर हमले में 11 की मौत, कई घायल

दुबई। ईरान के सरकारी टीवी ने शुक्रवार को बताया कि एक अलगाववादी समूह के संदिग्ध सदस्यों ने दक्षिण-पूर्वी ईरान के एक थाने पर रात में हमला कर दिया जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत के उप गवर्नर अली रजा मरहेमती ने कहा कि तेहरान से करीब 1400 किलोमीटर दूर रस्क कस्बे में देर रात दो बजे हुए इस हमले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और कर्मी मारे गए। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मुठभेड़ में कई हमलावरों को मार गिराया। सरकारी टेलीविजन की खबर में हमले के लिए अलगाववादी समूह जैश अल-अद्ल को जिम्मेदार ठहराया गया है। इसी समूह ने 2019 में एक आत्मघाती बम हमले की जिम्मेदारी ली थी जिसमें ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड फोर्स के 27 सदस्य मारे गए थे। पिछले कुछ महीनों में ईरान के सुन्नी समुदाय के प्रभुत्व वाले इलाके में उग्रवादियों और छोटे अलगाववादी समूहों ने सरकार के खिलाफ अपने विद्रोह के तहत थानों पर हमले किए हैं।

# हमास के खिलाफ लड़ाई में कई महीने का वक्त लगेगा

## इजरायली रक्षा मंत्री का अनुमान-लंबी चलेगी जंग

भाषा। तेल अवीव

**इजराइल** के रक्षा मंत्री याओव गैलेंट ने लंबे समय तक युद्ध चलने का अनुमान जताते हुए कहा कि हमास को तबाह करने में कई महीने लगेंगे। उनका यह बयान तब आया है जब इजराइल और उसके शीर्ष सहयोगी अमेरिका पर गाजा में तबाही को लेकर अंतरराष्ट्रीय रूप से अलग-थलग पड़ने का दबाव बढ़ गया है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवान ने गाजा में बड़ी लड़ाई खत्म करने की समयसीमा पर चर्चा करने के लिए हाल में इजराइली नेताओं से मुलाकात की। इजराइली नेताओं ने सात अक्टूबर को किए गए हमले के लिए आतंकवादी संगठन को खत्म करने तक सैन्य हमला जारी रखने का संकल्प दोहराया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने हताहतों की संख्या कम करने में इजराइल की नाकामियों और गाजा के भविष्य के लिए उसकी योजनाओं को लेकर असहजता दिखाई है लेकिन साथ ही व्हाइट हाउस हथियार भेजकर इजराइल की पूरी मदद कर रहा है। बाइडन ने बृहस्पतिवार को कहा, मैं चाहता हूं कि वह इस पर ध्यान केंद्रित करें कि आम लोगों की जान कैसे बचाई जाए। हमास का पीछा करना मत छोड़ना लेकिन अधिक सतर्क रहो। फलस्तीन प्राधिकरण के प्रधानमंत्री मोहम्मद शतएह ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि अमेरिका इजराइल से अधिक सख्ती से निपटें, खासतौर से इजराइल-फलस्तीन संघर्ष के द्वि-राष्ट्र के समाधान के लिए युद्ध के बाद वार्ता करने की वाशिंगटन की मांग के संबंध में। बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि अमेरिका इस विकल्प की तलाश कर रहा है कि अगर इजराइल गाजा से हमास को उखाड़ फेंकने में कामयाब हो जाता है तो फलस्तीनी प्राधिकरण से जुड़े सुरक्षा कर्मी जन सुरक्षा बहाल करने में मदद करें। गैलेंट ने कहा कि हमास एक दशक से अधिक समय से गाजा में सैन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है और उन्हें खत्म करना आसान नहीं है। इसमें वक्त लगेगा। उन्होंने कहा, यह कई महीनों तक चलेगा लेकिन हम जीतेंगे और हम उन्हें खत्म कर देंगे। तेल अवीव में सुलिवान के साथ वार्ता के बाद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने इजराइल के अमेरिकी मित्रों को बताया कि देश हमास को खत्म करने - पूर्ण जीत तक लड़ाई जारी रखने में पहले से अधिक दृढ़ है। व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि सुलिवान ने नेतन्याहू से निकट भविष्य में किसी वक्त कम तीव्रता के अभियान की ओर बढ़ने के बारे में बात की। इस सप्ताह की शुरुआत में बाइडन ने कहा था कि इजराइल अपनी अंधाधुंध बमबारी के कारण अंतरराष्ट्रीय समर्थन खो रहा है।फलस्तीन के दूरसंचार सेवा प्रदाता पलटेल ने बृहस्पतिवार को बताया कि लड़ाई जारी रहने के कारण गाजा में सभी संचार सेवाएं बंद कर दी गई हैं जिससे इस क्षेत्र का दुनिया के शेष हिस्सों से संपर्क टूट गया है। इजराइल को शायद उम्मीद होगी कि युद्ध और उसकी मुश्किलों से फलस्तीनी हमास के खिलाफ हो जाएंगे लेकिन फलस्तीनी सेंटर फॉर पॉलिसी एंड सर्वे रिसर्च द्वारा किए एक सर्वेक्षण से पता चला कि वेस्ट बैंक में सर्वे में भाग लेने वाले 44 फीसदी लोगों ने कहा कि वे हमास का समर्थन करते हैं।



## जेलेंस्की ने जर्मनी में अमेरिकी सैन्य कार्यालय का दौरा किया

वाशिंगटन। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बृहस्पतिवार को पहली बार जर्मनी में अमेरिकी सैन्य कार्यालय का दौरा किया। अमेरिकी सैन्य कार्यालय में मित्र देशों के नेता युद्ध के लिए हथियारों की आपूर्ति और अन्य प्रकार की सहायता को लेकर समन्वय करते है। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में अतिरिक्त अमेरिकी सहायता मिलने की उम्मीद जताई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने अमेरिकी सेना के शीर्ष अधिकारियों से कई घंटे तक चली मुलाकात के बाद कहा, हम उम्मीद करते है कि अमेरिकी कांग्रेस यूक्रेन के लिए इस तरह के महत्वपूर्ण समर्थन को जारी रखने के लिए जल्द ही महत्वपूर्ण निर्णय लेगी। अमेरिकी सेना की यूरोपीय कमान ने एक बयान में कहा कि उन्होंने यूक्रेन की युद्धक्षेत्र की तत्काल जरूरतों को पूरा करने के प्रयासों और यूक्रेनी सुरक्षाबलों के चल रहे प्रशिक्षण पर चर्चा की। जर्मनी के विस्बाडेन में अमेरिकी सेना का कार्यालय उसकी यूरोपीय और अफ्रीकी कमान का अहम ठिकाना है।

# मिसाइल हमले में मालवाहक जहाज बाल-बाल बचा

## हूती के बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य में हुआ अटैक

दुबई। यमन के हूती विद्रोहियों ने बृहस्पतिवार को एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी, जो बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक मालवाहन जहाज को निशाना बनाने से चूक गई। अमेरिकी सेना ने यह जानकारी दी। सेना ने कहा कि नवीनतम हमले से इस महत्वपूर्ण समुद्री क्षेत्र में जहाजों को खतरा है।

ईरान समर्थित हूती द्वारा किए गए समुद्री हमले गाजा पट्टी में चल रहे इजराइल-हमास युद्ध के विरुद्ध उसके दबाव अभियान का हिस्सा हैं। हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में जहाजों पर हमले किए हैं और इजराइल को निशाना बनाकर ड्रोन और मिसाइल दागी हैं। इस संगठन ने हाल के दिनों में वैसे किसी भी जहाज पर हमला करने की धमकी दी है, जिसके इजराइल से संबंधित होने का संदेह होगा। यद्यपि निशाना बनाए गए कई जहाजों का इजराइल से कोई स्पष्ट संबंध नहीं था। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने बताया कि बृहस्पतिवार को दागी गई मिसाइल हांगकांग से संबंधित मालवाहक जहाज मेर्स्क जिब्राल्टर के पास गिरी, जिससे जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। अमेरिकी सेना के अनुसार, यह जहाज ओमान के सलालाह से सऊदी अरब के जेद्दा जा रहा था।सेंट्रल कमांड ने कहा, "हूतियों ने मेर्स्क जिब्राल्टर को (रेडियो पर) चेतावनी दी और मिसाइल से हमले की धमकी दी। हालांकि इस घटना में अमेरिकी सेना शामिल नहीं थी, फिर भी हम स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। इन हमलों से अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा को लेकर खतरा बना हुआ है" पश्चिम एशिया में समुद्री रास्तों की निगरानी करने वाले ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने पूर्वी अफ्रीका को अरब प्रायद्वीप से अलग करने वाले इस जलडमरूमध्य में इस तरह की घटना को लेकर चेतावनी जारी की है। हूती संगठन के एक प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को सबूत पेश किए बिना दावा किया कि चालक दल के आत्मसमर्पण करने के आह्वान का जवाब देने में विफल रहने के बाद मेर्स्क जिब्राल्टर पर ड्रोन से हमला किया गया। ईरान समर्थित लड़ाकों के प्रवक्ता बिग्रेडियर जनरल याह्या सारी ने यह भी आरोप लगाया कि जहाज इजराइल की ओर जा रहा था, हालांकि इसे लेकर भी कोई सबूत नहीं दिया गया है। दुनिया की सबसे बड़ी शिपिंग कंपनी मेर्स्क ने एक बयान में कहा, चालक दल और जहाज सुरक्षित है। बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों पर हाल में हुए हमले चिंताजनक हैं। वर्तमान स्थिति नाविकों के जीवन के लिए खतरनाक है और वैश्विक व्यापार के लिए अस्थिर भी। चूंकि इसे वैश्विक शिपिंग उद्योग द्वारा अकेले हल नहीं किया जा सकता है, इसलिए हम तेजी से तनाव कम करने के लिए

## अमेरिका में मां की कार के पीछे पेशाब करने पर 10 वर्षीय अश्वेत बच्चे को सजा

जैक्सन (अमेरिका)। दुनिया भर में मानवाधिकारों के मुद्दे उठाने वाले अमेरिका में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है जिसमें 10 साल के अश्वेत बच्चे को महज इसलिए सजा सुनाई गई है कि उसने अपनी मां की कार के पीछे पेशाब किया था। मिसीसिपी में टाटे काउंटी यूथ कोर्ट के न्यायाधीश रस्टी हैरलॉ ने बच्चे को तीन महीने तक हर माह एक बार प्रोबेशन अधिकारी के समक्ष पेश होने और दिवंगत बास्केटबॉल खिलाड़ी कोबी ब्रायंट पर दो पृष्ठों की एक रिपोर्ट लिखने की सजा सुनाई है।बच्चे के वकील कार्लोस मूरे ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि किसी श्वेत बच्च` को ऐसी ही परिस्थितियों में गिरफ्तार किया जाता। बच्चे की मां ने बताया कि उनके बेटे ने उस वक्त उनकी गाड़ी के पीछे पेशाब किया था जब वह 10 अगस्त को मिसिसिपी के सेनाटोबिया में एक वकील के कार्यालय में गई थी। शहर में पुलिस अधिकारी ने बच्चे को पेशाब करते हुए देखा और उसे गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने उसे कार में बिठाया और पुलिस थाने ले गए।

# पाकिस्तान में पुलिस मुख्यालय पर हमला, तीन कर्मियों की मौत

**पेशावर।** पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में शुक्रवार को एक क्षेत्रीय पुलिस मुख्यालय को निशाना बनाकर किए गए आतंकवादी हमले में कम से कम तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। तीन दिन पहले, इसी क्षेत्र में हुए आतंकी हमले में 23 सैनिकों की मौत हो गई थी। समाचार पत्र डॉन की एक खबर के मुताबिक, हमला खैबर पख्तूनख्वा के टैंक जिले में पुलिस लाइन पर हुआ। अखबार ने टैंक जिला पुलिस अधिकारी इफ्तिखार शाह के हवाले से कहा, "एक आतंकवादी ने खुद को बम से उड़ा लिया और एक बड़ा हमले को टाल दिया गयौ। उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन में मौजूद सभी टुकड़ियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है तथा इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी के बाद तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। हमले की जिम्मेदारी एक नए आतंकवादी समूह अंसारुल जिहाद ने ली है। यह हमला तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) के आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले के तीन दिन बाद हुआ है। टीजेपी के हमले में 23 सैनिकों की मौत हो गई थी, जबकि 30 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

## बीजिंग में भारी हिमपात के बीच रेल दुर्घटना में 515 यात्री घायल

चीन की राजधानी बीजिंग में भारी हिमपात के बीच दो सबवे ट्रेन में भिड़ंत होने से 515 लोग घायल हो गए। प्राधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि घायलों में से 102 लोगों की हड्डियां टूट गई हैं। यह हादसा बीजिंग के पश्चिमी पर्वतीय क्षेत्र में बृहस्पतिवार शाम को चांगपिंग लाइन पर हुआ। शहर के परिवहन प्राधिकरण ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक बयान में कहा कि पटरियों पर फिसलन के कारण आगे चल रही ट्रेन खुद रुक गई। पीछे से आ रही ट्रेन समय रहते ब्रेक नहीं लगा पाई और वह फिसल गई। बयान के अनुसार, आपात चिकित्सा कर्मी, पुलिस और परिवहन प्राधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और रात करीब 11 बजे तक सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया। 25 यात्री निगरानी में हैं और 67 यात्री शुक्रवार को सुबह तक अस्पताल में भर्ती थे।

**24 के लिए एच- ।बी वीजा की पर्याप्त याचिकाएं प्राप्त हुईं:** वाशिंगटन। अमेरिका को वित्त वर्ष 2024 के लिए एच- ।बी विदेशी कार्य वीजा के वास्ते पर्याप्त याचिकाएं प्राप्त हुई हैं। एक संघीय एजेंसी ने यह घोषणा की। एच- ।बी वीजा एक गैर-आप्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी श्रमिकों को विशेष व्यवसायों में नियुक्त करने की अनुमति देता है जिनके लिए सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से हर साल हजारों कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए इस पर निर्भर रहती हैं।अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि उसे वित्त वर्ष 2024 के लिए कांग्रेस द्वारा निर्धारित 65,000 एच- ।बी वीजा की नियमित सीमा और 20,000 एच- ।बी वीजा यूएस एडवांस्ड डिग्री छूट, जिसे मास्टर कैप जाना जाता है,।

## बाइडन चंद्रमा का चक्कर लगाने के मिशन पर जाने वाले अंतरिक्ष यात्रियों से मिले

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने चंद्रमा का चक्कर लगाने के मिशन पर जाने वाले चार अंतरिक्ष यात्रियों के दल से बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में मुलाकात की। 50 वर्ष में ऐसा पहली बार होगा जब अमेरिका चंद्रमा के नजदीक किसी दल को भेजेगा। इसके अलावा यहां ओवल ऑफिस में अपोलो यान के मिशन के दौरान चंद्रमा से एकत्र किए गए एक पत्थर को भी प्रदर्शित किया गया। इस आर्टेमिस-द्वितीय दल में तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री होंगे। दल ने कहा कि राष्ट्रपति ने इस साल की शुरुआत में मिशन के लिए उनके नाम की घोषणा की थी और उस दौरान किए गए अपने वादे को पूरा करते हुए उन्होंने व्हाइट हाउस में उनसे मुलाकात की। दल उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से भी मिला।पायलट विक्टर ग्लोवर ने कहा, उनसे हाथ मिलाकर काफी अच्छा लगा। उनके नेतृत्व के कारण ही हमारे लिए यह अद्भुत यात्रा संभव हो पाई हैं, इसके लिए हमने उन्हें धन्यवाद भी दिया। कमांडर रीड वाइसमैन ने कहा, एक दल के रूप में हम प्रक्षेपण की तारीख के बारे में नहीं सोच रहे हैं।

## वनिता गुप्ता अगले साल फरवरी में अमेरिका की एसोसिएट अटॉर्नी जनरल का पद छोड़ेंगी

वाशिंगटन। भारतीय-अमेरिकी वनिता गुप्ता अगले साल फरवरी में अमेरिका की एसोसिएट अटॉर्नी जनरल का पद छोड़ देंगी। वह अमेरिका के न्याय विभाग में सर्वोच्च रैंक की भारतीय-अमेरिकी अधिकारी हैं। अटॉर्नी जनरल मेरिक बी. गारलैंड ने एक बयान में कहा कि न्याय विभाग में तीसरे सर्वोच्च पद पर आसीन पहली अश्वेत महिला वनिता गुप्ता ने "संघीय कानून द्वारा संरक्षित प्रजनन संबंधी आजादी की रक्षा के लिए अधिकार कार्यबल का नेतृत्व किया। न्याय विभाग के अनुसार, वनिता गुप्ता (49) ने 2021 में सीनेट से मंजूरी के बाद एसोसिएट अटॉर्नी जनरल का

